RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 6 अंक 42
फरीदाबाद, रविवार, 19 मार्च, 2023
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



भारत की निगाहें वनडे श्रृंखला कब्जाने पर

पेज - 11

TARUN JEWELLERS
TODAY BIS HALLMARK
92% Gold Rate ₹53,500/-
76% Gold Rate ₹44,190/-
Making Charges 8% 100% BUY BACK EXCHANGE
Shop No. 25, Sec-7, Huda Mkt. FBD
0129-3888332, 9990032857

ANIL GENERATOR
SILENT GENERATOR
on Hire 62 KVA to 1250 KVA
Sale-Purchase of Old Generator
Surendra Kapoor, Prop.
Add.: 20/6, Mathura Road, Nuchem compound Faridabad
Ph. 0129-4873365, Mob.: 9811056365, 9311056365
Email : anil.kapoor74@yahoo.com surendra.kapoor@gmail.com

अडाणी-हिंडनबर्ग मामले पर बोले अमित शाह

## किसी के पास सबूत हों तो एससी की जांच कमेटी को दे

कहा, गलत हुआ होगा तो किसी को नहीं छोड़ा जाएगा

एजेंसी। नई दिल्ली

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि अडाणी-हिंडनबर्ग मामले में जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट ने छह सदस्यीय कमेटी बनाई है। इस कमेटी में दो रिटायर्ड जज भी हैं। जिन लोगों के पास इस मामले में कोई सबूत हैं, उन्हें ये सबूत इस कमेटी को दे देने चाहिए। अगर कुछ गलत हुआ होगा तो किसी को नहीं छोड़ा जाएगा।

उन्होंने एक कार्यक्रम में कहा कि सभी को देश की अदालतों में भरोसा होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट की कमेटी के साथ सेबी भी इस मामले की जांच कर रही है। शाह ने आगे कहा कि लोगों को आधारहीन आरोप नहीं लगाने चाहिए, क्योंकि ये जांच में टिक नहीं पाते हैं।

शाह ने राहुल गांधी के लंदन में दिए बयानों पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि इमरजेंसी के बाद राहुल की दादी इंदिरा गांधी इंग्लैंड गई थीं। उस समय वे विपक्ष में थीं और सरकार ने उन्हें जेल भेजने की तैयारी कर रही थी। उन्होंने कहा, इंग्लैंड में उनसे सवाल पूछा गया कि आपका देश कैसे काम कर रहा है। इसके जवाब में इंदिरा ने कहा कि मेरा देश अच्छे से काम कर रहा है। कुछ मुद्दे हैं लेकिन मैं उनके बारे में यहां काम नहीं करना चाहती। यहां मैं भारतीय हूं और मैं अपने देश के बारे में कुछ नहीं कहूंगी।

इससे पहले 13 फरवरी को गृहमंत्री अमित शाह ने हिंडनबर्ग-अडाणी विवाद पर पहली बार बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि इस पर कोई कमेंट करना सही नहीं होगा, क्योंकि मामला सुप्रीम कोर्ट में है। लेकिन इतना जरूर कहा कि इसमें बीजेपी के लिए छिपाने जैसी कोई बात नहीं है और न ही डरने की जरूरत है।

गौरतलब है कि अडाणी-हिंडनबर्ग मामले में सुप्रीम कोर्ट ने दो मार्च को छह मेंबर्स की एक्सपर्ट कमेटी बनाई। रिटायर्ड जज एएम सप्रे इस कमेटी के हेड होंगे। उनके साथ इस कमेटी में जस्टिस जेपी देवधर, ओपी भट, एमवी कामथ, नंदन नीलेकणि और सोमशेखर सुंदरेसन शामिल होंगे। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जेबी पारदीवाला की बेंच ने यह आदेश दिया।



## मोदी ने मोटे अनाज पर डाक टिकट-सिक्का जारी किया

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में होने वाली ग्लोबल मिलेट्स (मोटा अनाज) कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन कर दिया है। यह कॉन्फ्रेंस दिल्ली के इंडियन एग्रीकल्चर रिसर्च सेंटर (आईएआरआई) कैंपस में आयोजित की गई है।



इस मौके पर पीएम मोदी ने अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष 2023 पर एक डाक टिकट और सिक्के का अनावरण किया। प्रधानमंत्री ने बायर सेलर मीट और प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि भारत के प्रस्ताव और प्रयासों के बाद ही संयुक्त राष्ट्र ने 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष घोषित किया है।

जब विश्व अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष मना रहा है, तब भारत इस अभियान की अगुआई कर रहा है। ग्लोबल मिलेट्स कॉन्फ्रेंस इसी दिशा का एक महत्वपूर्ण कदम है। इस तरह के आयोजन न केवल वैश्विक भलाई के लिए जरूरी हैं, बल्कि वैश्विक भलाई में भारत की बढ़ती जिम्मेदारी का भी प्रतीक हैं।

## पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर स्थिति है बहुत नाजुक : विदेश मंत्री

एजेंसी। नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर स्थिति बहुत नाजुक बनी हुई है और कुछ इलाकों में भारत एवं चीन, दोनों देशों के सैनिकों की नजदीक तैनाती के चलते सैन्य आकलन के अनुसार हालात काफी खतरनाक हैं। हालांकि विदेश मंत्री ने यह भी कहा कि कई क्षेत्रों में सैनिकों के पीछे हटने की प्रक्रिया में पर्याप्त प्रगति हुई है।

जयशंकर ने यह भी कहा कि वह और चीन के तत्कालीन विदेश मंत्री वांग ई सितंबर 2020 में इसको लेकर एक सैद्धांतिक सहमति पर पहुंचे थे कि इस मुद्दे को कैसे सुलझाया जाए तथा जिस पर बात पर सहमति बनी थी उसे अब चीन को पूरा करना है। विदेश मंत्री जयशंकर ने एक संवाद सत्र में यह स्पष्ट किया कि जब तक इन समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता, तब तक दोनों पड़ोसी देशों के बीच संबंध सामान्य नहीं हो सकते।

भारत और चीन के सैनिक पूर्वी लद्दाख में कुछ जगहों पर लगभग तीन साल से आमने सामने हैं। हालांकि दोनों देशों ने व्यापक कूटनीतिक और सैन्य वार्ता के बाद कई अन्य क्षेत्रों से सैनिकों के पीछे हटने की प्रक्रिया पूरी कर ली है। जयशंकर ने कहा, मैं कहूंगा, यह चीन के साथ हमारे संबंधों में एक बहुत चुनौतीपूर्ण और असामान्य चरण है। मैं ऐसा इसलिए कहता हूं क्योंकि 1988 से लेकर, जब राजीव गांधी वहां गए थे, 2020 तक, समझ यह थी कि सीमा पर शांति बनाए रखी जाएगी। विदेश मंत्री ने सीमा पर बड़ी संख्या में सैन्य बलों को नहीं लाने को लेकर दोनों पक्षों के बीच हुए समझौतों का भी उल्लेख किया और कहा कि विभिन्न स्थितियों से निपटने के लिए बहुत विशिष्ट तरीके की समझ और प्रोटोकॉल भी बनाए गए थे। जयशंकर ने कहा कि चीन ने 2020 में समझौतों का उल्लंघन किया, जिसके परिणाम गलवान घाटी और अन्य इलाकों में देखने को मिले। उन्होंने कहा, हमने अपने सैनिकों को तैनात किया है, हम अपनी जमीन पर डटे हैं और मेरे विचार से स्थिति अभी भी बहुत नाजुक बनी हुई है, क्योंकि ऐसी जगहें हैं जहां हमारी तैनाती बहुत करीब है और वहां सैन्य आकलन के लिहाज से वास्तव में वह (हालात) काफी खतरनाक है।

उन्होंने कहा, जब कई क्षेत्रों में सैनिकों के पीछे हटने की बात आती है तो हमने काफी प्रगति हासिल की है। ऐसे कई क्षेत्र हैं जिन्हें लेकर हम चर्चा कर रहे हैं। यह एक श्रमसाध्य काम है और हम वह करेंगे। जयशंकर ने कहा, हमने चीनियों को यह स्पष्ट कर दिया है कि हम शांति भंग की स्थिति अस्वीकार्य है। आप समझौतों का उल्लंघन नहीं कर सकते हैं और फिर आप चाहें कि बाकी रिश्ते ऐसे बने रहें जैसे कुछ हुआ ही नहीं। यह नहीं चलेगा।



### बॉर्डर पर बड़ी संख्या में चीन की सेना तैनात : मनोज पांडे



पूर्वी लद्दाख में पिछले तीन साल से भारत-चीन सीमा विवाद को लेकर टकराव जारी है। इस बीच आर्मी चीफ जनरल मनोज पांडे ने कहा कि चीन वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी पर बहुत तेजी से बुनियादी ढांचे का निर्माण कर रहा है। उसने वहां बड़ी संख्या में सैनिकों को तैनात कर रखा है। हम यह कह सकते हैं कि एलएसी पर हालात स्थिर बने हुए हैं, लेकिन अब भी नजर रखने की जरूरत है। यह बात उन्होंने एक कार्यक्रम में कही है।

## एमपी के बालाघाट में चार्टर प्लेन क्रैश, दोनों पायलट की मौत

सौ फीट गहरी खाई में मिला मलबा

एजेंसी। बालाघाट



मध्यप्रदेश के बालाघाट में शनिवार दोपहर को एक चार्टर प्लेन क्रैश हो गया। विमान में एक पायलट और एक ट्रेनी पायलट सवार थे। दोनों की मौत हो गई। एक की बॉडी दो चट्टानों के बीच जलती हुई नजर आई। हादसा बालाघाट जिले के लांजी और किरनापुर के बीच भक्कुटोला-कोसमारा की पहाड़ी पर हुआ। बालाघाट एसपी समीर सौरभ ने बताया कि प्लेन में एक पायलट और एक महिला प्रशिक्षु पायलट थी। एक व्यक्ति का शव जलता हुआ दिख रहा है, दूसरे की तलाश कर रहे हैं।

यह प्लेन महाराष्ट्र के गोंदिया जिले के बिरसी एयरपोर्ट का ट्रेनी विमान था। बिरसी एयरस्ट्रीप से एयरक्राफ्ट ने उड़ान भरी थी, जो दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। घटनास्थल जिला मुख्यालय से करीब 40 किमी दूर है। घटना दोपहर करीब 3.20 बजे की है। ये विमान हादसे से करीब 15 मिनट पहले ही बिरसी एयरपोर्ट से उड़ा था। बताया जा रहा है कि एयरक्राफ्ट में पायलट मोहित और ट्रेनी पायलट वरसुका थीं। फिलहाल बचाव दल वहां पहुंच गया है। अभी हादसे की वजह पता नहीं चली है।

बालाघाट जिले में जहां प्लेन गिरा है, वहां दोनों ओर पहाड़ हैं। पहाड़ों के बीच में करीब 100 फीट गहरी खाई में प्लेन का मलबा मिला है। घना जंगल और पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण रेस्क्यू टीम और अफसरों को मौके पर पहुंचने में समस्या हो रही थी। हादसे वाली जगह पहुंचने के लिए करीब सात किमी जंगल और पहाड़ का रास्ता पैदल तय करना पड़ रहा है।

हादसे के बाद महाराष्ट्र के गोंदिया जिले के एसपी, हॉक फोर्स के जवान मेडिकल टीम के साथ स्ट्रेचर लेकर मौके के लिए रवाना हुए हैं। महाराष्ट्र के गोंदिया में बिरसी हवाई पट्टी पर पायलट को प्रशिक्षण दिया जाता है।

यहां से कई बार विमान मध्यप्रदेश की सीमा की तरफ उड़ान भरते हैं। इससे पहले अप्रैल 2017 में एक ट्रेनी विमान बालाघाट जिले के खैरलांजी तहसील के लावणी पुरा गांव में क्रैश हो गया था।

### हिसार में सीआईए इंचार्ज और सात पुलिसकर्मी किये सस्पेंड

हिसार। हिसार रेंज के एडीजीपी श्रीकांत जाधव ने हांसी सीआईए टू के इंचार्ज और सात पुलिस कर्मचारियों को तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया। हांसी पुलिस ने सभी पुलिस कर्मचारियों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया। पुलिस ने टकलू गैंग के सदस्य बबलू की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की है। मामला यूपी के टकलू गैंग के सदस्य से प्राचीन मूर्ति को कब्जे में लेकर उसे मालखाने में जमा न करवाने और सुनार से उसके आठ बिस्किट बनवाने का है।

### क्विक न्यूज

#### जेपी नड्डा के घर के बाहर यूथ कांग्रेस का प्रदर्शन



नई दिल्ली। यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा के घर के बाहर प्रदर्शन किया। हंगामा बढ़ता देख दिल्ली पुलिस ने कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। बता दें कि जेपी नड्डा ने विदेश में दिए राहुल गांधी के बयान पर सवाल उठाए थे। उन्होंने कहा था कि कांग्रेस मानसिक दिवालियापन की ओर बढ़ रही है। इससे नाराज कांग्रेस कार्यकर्ता बीजेपी अध्यक्ष के घर के बाहर जमा हुए थे।

#### जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में बस पलटी, चार की मौत



श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में शनिवार सुबह एक बस के पलट जाने से उसमें सवार बिहार निवासी चार यात्रियों की मौत हो गई और 28 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले के बारसू इलाके में श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर बस चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया, जिससे वह पलट गई।

#### भिवानी में दुष्कर्मी को बीस साल की हुई कैद

चंडीगढ़। भिवानी में नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने के दोषी को स्थानीय फास्ट ट्रैक कोर्ट ने 20 साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 20 हजार रुपये का जुर्माना भी किया गया। मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सोनीका की कोर्ट में चल रही थी।

मौसम फरीदाबाद
अधिकतम 26.00°C
न्यूनतम 17.00°C

## सीएम शिंदे से बातचीत के बाद किसानों का मार्च खत्म



मुंबई। नासिक से मुंबई पैदल मार्च कर रहे किसानों के प्रतिनिधियों की महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे से बातचीत के दो दिन बाद उन्होंने आंदोलन वापस ले लिया है। सीपीआई नेता और पूर्व विधायक जीवा पांडु गवित जो इस मार्च का नेतृत्व कर रहे हैं उन्होंने कहा कि किसान अब अपने घरों की ओर लौटने लगे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने उनकी मांगों को मानने का आश्वासन दे दिया है। बता दें कि करीब दस हजार किसान 200 किलोमीटर पैदल चलकर अपनी मांगों को मनवाने के लिए मुंबई के आजाद मैदान में प्रदर्शन करने जा रहे थे। उनकी मुख्य मांगे जमीन पर हक, प्याज पर एमएसपी और कर्जमाफी है। इस मार्च में किसानों के अलावा असंगठित कामगारों, आशा वर्कर और ट्राइबल कम्युनिटी के सदस्य भी शामिल थे।

## शहरों की तरह हमें स्मार्ट गांवों की भी जरूरत: नितिन गडकरी

एजेंसी। नासिक

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को कहा कि स्मार्ट शहरों के साथ-साथ भारत को स्मार्ट गांवों की भी जरूरत है। वह नासिक जिले के सिन्नार तालुका के नंदूर शिंगोटे में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिवंगत नेता गोपीनाथ मुंडे की प्रतिमा और स्मारक का उद्घाटन करने के बाद बोल रहे थे। गडकरी ने कहा, मुंडे ने किसानों के साथ न्याय करने के लिए आगे बढ़कर नेतृत्व किया।



गडकरी ने कहा, उन्होंने (गोपीनाथ मुंडे) कृष्णा घाटी, तापी और विदर्भ सिंचाई परियोजनाओं जैसी योजनाओं के जरिए किसानों के लिए काम किया। उनकी विरासत को आगे बढ़ाते हुए किसानों के बच्चों के लिए विभिन्न योजनाओं को लागू करना होगा। किसानों को भोजन के आपूर्तिकर्ताओं के साथ-साथ ऊर्जा का आपूर्तिकर्ता बनना चाहिए।

## खालिस्तान समर्थक अमृतपाल गिरफ्तार, नौ साथी भी पकड़े

मोहाली में तलवारें लेकर सड़क पर उतरे निहंग

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

खालिस्तान समर्थक अमृतपाल और उसके नौ साथियों को पंजाब पुलिस ने शनिवार को अलग-अलग जगह से गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफ्तारियां अजनाला थाने पर हमले से जुड़े केस में की गईं।



अमृतपाल के छह साथियों को शनिवार दोपहर जालंधर से मोगा की तरफ जाते समय पकड़ा गया। यहां पंजाब पुलिस के घेरा डालते ही अमृतपाल खुद गाड़ी में बैठकर भाग निकला। पुलिस की करीब 100 गाड़ियों ने लगभग डेढ़ घंटा पीछा करने के बाद उसे जालंधर के नकोदर एरिया से दबोच लिया। हालांकि उसकी गिरफ्तारी की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई। दो लोगों को अमृतसर और एक को मोगा में उसके खेतों से गिरफ्तार किया गया। इस बीच माहौल बिगड़ने की आशंका के चलते पंजाब में 24 घंटे के लिए मोबाइल इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गईं। राज्य में रविवार दोपहर 12 बजे तक मोबाइल इंटरनेट और बल्क एसएमएस सेवाएं बंद रहेंगी। राज्य के फाजिल्का और मुक्तसर जिले में धारा 144 लगा दी गई। उधर अमृतपाल की गिरफ्तारी के विरोध में मोहाली में प्रदर्शन शुरू हो गया।

## ग्रामीणों ने नेशनल हाईवे किया जाम

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

हिसार के बिचपड़ी गांव के रिटायर्ड इंस्पेक्टर रघुबीर सिंह के सुसाइड मामले में शनिवार को ग्रामीण भड़क गए। प्रशासन और ग्रामीणों की बातचीत सफल नहीं रही तो दोपहर साढ़े तीन बजे के बाद ग्रामीणों ने हिसार-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे नंबर 52 जाम कर दिया। ग्रामीणों ने कहा कि जब तक रेलवे पुलिस के उच्च अधिकारी और सभी आरोपी पुलिस कर्मचारियों की गिरफ्तारी नहीं होती, तब तक वे जाम नहीं खोलेंगे।



रिटायर्ड इंस्पेक्टर सुसाइड मामले में बवाल

हिसार जिला परिषद के पूर्व चेयरमैन राजेंद्र सूरा ने कहा कि जब तक रेलवे पुलिस की उच्च अधिकारी व अन्य पुलिस कर्मचारियों के खिलाफ मामला दर्ज नहीं होता, तब तक उनका आंदोलन खत्म नहीं होगा और न ही रघुबीर का दाह संस्कार होगा। करीब एक घंटा जाम लगा रहा। हालांकि इस बीच ग्रामीणों को अधिकारी समझाने का प्रयास भी कर रहे थे।

## बेमौसम बारिश ने बढ़ाई किसान की चिंता, मध्य प्रदेश में गिरे ओले

हरियाणा-पंजाब में कई जगह हुई बारिश से पारा और फसलें दोनों गिरीं

एजेंसी। चंडीगढ़

हरियाणा और पंजाब में शनिवार सुबह बारिश होने से जहां तापमान में गिरावट आयी, वहीं फसलों का नुकसान होने का अनुमान है। चंडीगढ़ और आसपास के इलाकों में भी बारिश हुई है। हरियाणा के फरीदाबाद सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में हवा के साथ हुई बरसात ने सरसों व गेंहू की फसल को लेकर किसानों की चिंता बढ़ा दी। किसानों का कहना है कि बरसात जारी रही तो गेहूं की फसल को भारी नुकसान हो सकता है, क्योंकि फसल पकने के करीब है। शनिवार देर शाम तक बारिश जारी थी।

तीन दिन तक खराब रह सकता है मौसम

इधर मौसम विभाग ने आगे भी तीन दिन बारिश होने की चेतावनी जारी की है। इससे किसानों की नींद उड़ी हुई है। अगर बारिश होती है तो गेहूं की फसल में नुकसान होगा। सरसों की फसल जहां पककर तैयार है तो वहीं गेहूं की फसल में भी बाली पकना शुरू हो गई है। ऐसे में इन फसलों में वजन है। हवा के साथ बारिश होने से इन फसलों के गिरने से उत्पादन प्रभावित होगा। हालांकि अब तक हुई बारिश से खेतों में बहुत अधिक नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन किसानों को डर है कि अगर दोबारा बारिश हुई तो फसलों में नुकसान होना तय है।



### बिगड़ा रहेगा दिल्ली एनसीआर के मौसम का मिजाज

मौसम के जानकारों के अनुसार पश्चिमी हिमालय, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कुछ हिस्सों में गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश, बिजली चमकने और तेज हवाएं चलने की संभावना है। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के कुछ हिस्सों में ओलावृष्टि संभव है। विदर्भ मध्य प्रदेश, उत्तरी छत्तीसगढ़, ओडिशा, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर भारत के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश और गरज के साथ तेज हवाएं चल सकती हैं।

किसान पहले ही परेशानियों का सामना कर रहे हैं, ऐसे में कुदरती मार के कारण फसल खराब होने के कगार पर है। कैथल में पिछले दो दिन से मौसम ने अचानक करवट ली। मौसम में हुए बदलाव के कारण शुक्रवार देर रात से रुक-रुक कर बरसात जारी है। इस बरसात से गेहूं की फसलों को नुकसान हुआ है। रात को गांव हरिपुरा में ओले भी गिरे। जिले में कई स्थानों पर गेहूं की फसल बिछ गई है। ऐसे में किसानों को काफी नुकसान हो सकता है।

पायनियर
हरियाणा, रविवार, 19 मार्च, 2023



**शहर का तापमान**

- अधिकतम 26.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 17.00 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**

- डबुआ लेजर वैली पार्क से भगवा यात्रा शुरू : दोपहर 3 बजे।
- सेक्टर-16 में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन: सुबह 10 बजे।
- सेक्टर-80 स्थित अंशल क्राउंन हाईट्स में धरना प्रदर्शन दोपहर 4.30 बजे।

## निवेश गुरु

**कई** योजनाओं में निवेश करने से, फंड ऑफ फंड एक निवेशक को कई बाजार क्षेत्रों या रणनीतियों के लिए एक ब्रोड एक्सपोजर दे सकता है। इससे बेहतर रिटर्न मिलने की भी संभावना रहती है। उदाहरण के लिए अगर फंड मैनेजर सोने में निवेश करना चाहता है तो वह सोने में निवेश करने वाली गोल्ड स्कीम में पैसा लगाएगा। फंड मैनेजर जिस भी स्कीम में पैसा लगाना चाहे लगा सकता है। इसका मतलब यह है कि फंड ऑफ फंड्स म्यूचुअल फंड की ऐसी स्कीमें है, जो दूसरी स्कीमों में निवेश करती हैं। वह किसी एक स्कीम में पैसा लगाने के लिए बाध्य नहीं होती हैं। फंड ऑफ फंड्स में कंपनी के शेयर या बॉन्ड नहीं होते हैं, फंड ऑफ फंड्स अन्य स्कीमों की यूनिट होल्ड करते हैं।

## यूटीलिटी न्यूज

### पंजीकरण जरूर कराएं किसान : डीसी

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि जिला के किसान 20 मार्च तक अपनी फसल का ब्यौरा मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर नजदीकी सीएससी सेंटर पर जाकर 20 मार्च 2023 तक पंजीकृत करवाएं। उन्होंने आगे बताया कि जिन किसानों को पोर्टल पर पंजीकरण होगा। वो ही अपनी फसल को मार्किट कमेटी में बेच पाएँगे और इसके साथ कृषि विभाग की विभिन्न स्कीमों जैसे भावान्तर भरपाई योजना, मेरा पानी मेरी विरासत, इम्पलीमेंट आदि का तभी लाभ ले पाएंगे। जब किसान का फसल का ब्यौरा मेरी फसल मेरा ब्यौरा पर पंजीकृत होगा। ई-फसल क्षतिपूर्ति की सूचना देने के लिए भी मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पर फसल का पंजीकरण अनिवार्य है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी मेरी फसल मेरा ब्यौरा के बारे में किसानों को जागरूक करें व इस कार्य को अभियान के रूप में लेकर 100 प्रतिशत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। डीसी ने किसानों से भी निवेदन किया कि अपनी फसल का पंजीकरण https://fasal.haryana.gov.in पर कराएं।

## क्विक न्यूज

### शशी रंजना शर्मा गीत को मिला अवार्ड



अवार्ड पाते हुए शशी रंजना।

**फरीदाबाद।** जवाहर लाल नेहरू युवा केन्द्र, दिल्ली के सहयोग से आगमन संस्था द्वारा आयोजित नारी सम्मान-समारोह कार्यक्रम में हिन्दी की प्रवक्ता शशी रंजना शर्मा गीत को फरीदाबाद प्राइड ऑफ वीमैन के खिताब से नवाजा गया। इस अवसर पर संस्था के फाउंडर पवन जैन तथा वरिष्ठ साहित्यकार शंकर वाजपेयी ने साहित्य सेवा के लिए उन्हें प्रशस्ति-पत्र व संस्था का चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

# लापरवाही या भ्रष्टाचार : पुराने काम अधूरे फिर भी नए टेंडर कर रहे हैं जारी

### जगह-जगह अधूरे विकास कार्यों के कारण लाखों लोग रोज झेल रहे परेशानी

**राजेश दास।** फरीदाबाद

**नगर** निगम और एचएसवीपी में व्याप्त भ्रष्टाचार और लापरवाही को देखते हुए प्रदेश सरकार ने शहर को महानगर का दर्जा देते हुए पहले स्मार्ट सिटी प्राइवेट लिमिटेड और फिर एफएमडीए का गठन किया था। लेकिन ही विभाग नगर निगम के रास्ते पर ही चल रहे हैं, क्योंकि इन दोनों नए विभागों में नगर निगम और एचएसवीपी के अनेक सेवानिवृत अधिकारी ही सेवाएं दे रहे हैं। इसी वजह से एफएमडीए और स्मार्ट सिटी की कार्यशैली में कोई अंतर नजर नहीं आ रहा है। एफएमडीए द्वारा शहर में करीब एक साल पहले कई सड़कों के निर्माण के टेंडर जारी किये गए थे। इनमें से कुछ सड़कों का निर्माण तो हो गया, लेकिन सड़कों से संबंधित अन्य काम अधूरे पड़े हुए हैं। वहीं शहर में ऐसी कई सड़कें है, जिन्हें ठेकेदारों ने कुछ मीटर निर्माण करने के बाद काम बंद कर दिया है। इनके निर्माण की समय सीमा भी गुजर चुकी है। जबकि निर्माण के लिए सड़कों को पूरा खोद कर डाल दिया गया है। ऐसे में इन अधूरे विकास कार्यो की वजह से शहर के लाखों लोगों को रोज परेशानी झेलने के लिए मजबूर होना पड़ता है। लेकिन इसके बावजूद एफएमडी द्वारा आए दिन विकास कार्यों के टेंडर पर टेंडर जारी किये जा रहे हैं।



आधी अधूरी डबुआ पाली रोड की हालत।



आठ महीने से अधूरी है बाटा-मुजेसर रोड।

### 90 प्रतिशत अधूरा काम

**एफएमडीए** द्वारा करीब एक साल पहले तिकोना पार्क व्यापार मंडल से एनएच पांच मीट मार्केट तक सड़क निर्माण और संबंधित अन्य कामों का ठेका 28.23 करोड़ रुपये में दिया है। इससे पहले इसका निर्माण वर्ष वर्ष 2011-12 में नौ करोड़ रुपये से हुआ था। मौके पर देखें तो इस सड़क को निर्माण की बजाए मरम्मत की जरूरत थी। सड़क तिकोना पार्क में करीब 100 मीटर के हिस्से में निर्माण की जरूरत थी। इससे आगे सड़क ठीक ठाक है और अपूर्वा नर्सिंग होम और ईएसआई मेडिकल कॉलेज और अन्य स्थानों की टूट फूट करीब 200 मीटर है। इन हिस्सों में सिर्फ मरम्मत की जरूरत है। सड़क का बेस पूरी तरह ठीक ठाक बना हुआ है, लेकिन इसके बावजूद एफएमडीए ने इस सड़क के निर्माण का ठेका दिया है। तिकोना पार्क के 100 मीटर हिस्से का निर्माण कार्य करीब नौ महीने पहले शुरू हुआ था। अब बड़ी मुश्किल से यह हिस्सा बन पाया है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि पूरी सड़क कितने समय में बनेगी।

### लाखों लोगों को परेशानी

**बीके**-हार्डवेयर रोड और हार्डवेयर चौक पर दिनभर लगने वाले जाम से बचने के लिए सेक्टर, 22, 23, 55 और एनआइटी और बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र की कालोनियों की ओर आने जाने वाले ज्यादातर लोग अन्य रास्तों का इस्तेमाल करते हैं। इनमें काफी लोग रास्ता नीलम-बाटा रोड और फ्लाइओवर के नीचे से गुजरते हुए मुजेसर की ओर जाने वाले रास्ते का इस्तेमाल करते हैं। यह सड़क बाटा कंपनी और थर्मल पावर हाउस के पास थोड़ी बहुत क्षतिग्रस्त थी। जिसकी मरम्मत से काम चलाया जा सकता था। लेकिन करीब आठ महीने पहले निर्माण के लिए एफएमडीए के ठेकेदार ने पूरी सड़क को खोद कर डाल दिया। उसी दौरान करीब दस मीटर सड़क का निर्माण करने के बाद ठेकेदार ने काम बंद कर दिया।




100 मीटर के बाद अधूरी तिकोना पार्क-चिमनीबाई धर्मशाला रोड।

### अन्य सड़कों की यही कहानी

नगर निगम की लापरवाही से भी लोग शहर के अन्य हिस्सों में अधूरी सड़कों के कारण पिछले लंबे समय से परेशानी का सामना कर रहे है। नगर निगम द्वारा करीब दो साल पहले डबुआ पाली रोड का निर्माण शुरू किया था। डबुआ पुलिया से 17 नंबर चुंगी से कुछ आगे तक सड़क का निर्माण करने के बाद इसके ठेकेदार ने काम बंद कर दिया। इससे आगे के हिस्से में सड़क बुरी तरह उबड़ खाबड़ स्थिति में है। जबकि यह सड़क जिले की सबसे व्यस्त सड़कों में शामिल है। इस सड़क से भारी वाहनों का भी काफी संख्या में आवागमन लगा रहता है। ऐसे में इस अधूरे हिस्से में अक्सर बुरी तरह जाम लगा रहता है। इसी तरह हार्डवेयर-प्याली रोड का निर्माण भी पिछले करीब तीन साल में पूरा नहीं हो पाया है। इस सड़क से भी रोज लाखों लोगों का आना जाना लगा रहता है। सेक्टर 24 और 25 को जोड़ने वाली सड़क भी एफएमडीए की लापरवाही से लंबे समय से अधूरी पड़ी हुई है।

### अधूरे निर्माण से परेशानी



**विकास** के नाम दे रहे परेशानी समाजसेवी धर्मपाल कुकरेजा का कहना है कि शहर के लोग सड़क, पानी और सीवर जैसी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। विकास कार्य करने के नाम पर सिर्फ दिखावा किया जाता है। सरकार के करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद मौके पर कुछ भी दिखाई नहीं देता। सड़कों का ठीक ठाक बेस होने के बावजूद उन्हें उखाड़ कर नए सिरे बनाया जा रहा है।

# भारतीय सेना के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन

### युवाओं ने रक्तदान कर देश और सेना के प्रति दिया सच्चा सम्मान

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



शिविर का रिबन काटकर उद्घाटन करते गोपाल शर्मा, संग में रेडक्रॉस सचिव व अन्य।

**शहीदी** दिवस के उपलक्ष मे सेक्टर-12 खेल परिसर में भारतीय सेना के कैण्ट हॉस्पिटल के साथ एक महा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गोपाल शर्माजी ने किया।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर समाज सेवी टिपर चंद, मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की टीम से डीएसपी राजेश चेची, रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन सुषमा गुप्ता सेक्रेटरी विजेंद्र सिंह सौरोत रहे। इस अवसर पर सभी अतिथियों ने शहीदों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी वह रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। रक्तदान शिविर का संचालन शहर की जानी-मानी संस्था जज्बा फाउंडेशन ने किया। इस शिविर के आयोजन में शहर की सामाजिक भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने बताया इस रक्तदान शिविर की महत्वता इसलिए बढ़ जाती है की यह रक्तदान शिविर भारतीय सेना के लिए समर्पित है देश के युवाओं ने यह रक्तदान अपनी सेना के जवानों को समर्पित कर एक सच्ची श्रद्धांजलि है। यह रक्तदान शिविर शहीदों व सैनिकों को श्रद्धांजलि देते हुए लगाया गया है।

जज्बा फाउंडेशन के अध्यक्ष हिमांशु भट्ट ने जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय सेना हमारी शान है सेना सभी भारतीयों की देश के बॉर्डर पर सुरक्षा कर रही इस पर हमारा भी फर्ज बनता है। अपनी भारतीय सेना के लिए हमें कुछ ना कुछ करना चाहिए और जनता को अपनी भारतीय सेना के लिए रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए। हिमांशु भट्ट ने बताया कि शिविर में 152 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया। भारतीय सेना को समर्पित किया गया। जो अपने आप में एक बड़ी संख्या है। इस रक्तदान शिविर में शहर के अनेकानेक यूथ क्लब, कॉलेज के युवाओं ने बढ़ चढ़कर अपनी हिस्सेदारी निभाई।

# दुर्रानी ने सामवेद का किया हिंदी एवं उर्दू अनुवाद

### संघ प्रमुख मोहन भागवत ने किया सामवेद के हिंदी एवं उर्दू अनुवाद का विमोचन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



दिल्ली में पुस्तक के बिमोचन के बाद शहर के गणमान्य लोग।

**फिल्म** निर्देशक इकबाल दुर्रानी ने सामवेद का उर्दू में अनुवाद कर संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत से पुस्तक का विमोचन कराया। इकबाल दुरानी ने कहा कि यह पुस्तक इश्क का तराना है, जिसे हर किसी को पढ़ना चाहिए।

मदरसों में भी इस पुस्तक को पढ़ाया जाना चाहिए, जिससे कि बच्चे यह जान सके कि क्या सही है क्या गलत है? उन्होंने कहा कि जब तक बच्चे पढ़ेंगे नहीं तब तक जानेंगे कैसे की क्या चीज सही है क्या चीज गलत है। उन्हें जो बताया जाता है, वही वह समझते हैं, ऐसे में जब बच्चे सामवेद को पढ़ेंगे तब जाकर उन्हें यह समझ में आएगा कि यह पुस्तक क्या है।

इकबाल दुर्रानी ने कहा कि आम बच्चों तक सही तरीके से यह पुस्तक पहुंचे इसलिए इसको सचित्र बनाया गया है। उन्होंने कहा कि चित्र एक ऐसा माध्यम है जिससे विषय को समझने में आसानी होती है। उनका साफ कहना था कि इसके बाद इसका डिजिटल वर्जन भी आएगा और बाकायदा इसको यूट्यूब पर अपलोड किया जाएगा। जिससे कि हर व्यक्ति के मोबाइल में हर व्यक्ति के लैपटॉप में सामवेद पहुंच सके। इकबाल दुर्रानी ने कहा कि उन्होंने दारा शिकोह के सपने को पूरा किया है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम शासन के जब 400 साल पूरे हो गए तब दारा शिकोह जो 1620 के आसपास पैदा हुए थे।

# एएफआई मैनेजमेंट कमेटी में सदस्य मनोनीत

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



एएफआई मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य राजकुमार मिटान को सम्मानित करते हुए।

**एथलेटिक्स** हरियाणा के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान को एथलेटिक्स फैडरेशन आफ इंडिया (एएफआई) के द्वारा नवनिर्मित मैनेजमेंट कमेटी में सदस्य मनोनीत किया गया। एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान ने जानकारी देते हुए बताया कि एथलेटिक्स फैडरेशन आफ इंडिया (एएफआई) के द्वारा काजीरंगा आसाम में दो दिवसीय एग्जीक्यूटिव कमेटी की मीटिंग प्लानिंग कमेटी के चेयरमैन डाक्टर ललित के भनोट के निर्देशन में सम्पन्न हुई।

राजकुमार मिटान ने बताया कि एथलेटिक्स फैडरेशन आफ इंडिया (एएफआई) डाक्टर ललित के भनोट के नेतृत्व में बहुत ही अच्छे खेल परिणाम दे रही है। जिसके कारण भारतीय एथलीट खिलाड़ी ओलम्पिक गेम्स, कामनवैल्थ गेम्स, एशियन गेम्स, यूथ एशियन गेम्स और वर्ल्ड चैंपियनशिप में पदक जीतकर भारत देश का नाम रोशन कर रहे हैं। मींटिंग में मैनेजमेंट कमेटी का गठन किया गया। मैनेजमेंट कमेटी में अध्यक्ष आदिल जे सुमारीवाला महाराष्ट्र, महासचिव रविंदर चौधरी चंडीगढ, उपाध्यक्षा अंजू बाबी जार्ज कर्नाटक, कोषाध्यक्ष मधुकांत पाठक झारखंड और संयुक्त सचिव राजकुमार मिटान हरियाणा को नामित किया गया। राजकुमार मिटान हरियाणा के साथ पूर्व ओलम्पियन और राजस्थान एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष गोपाल सैनी भी मैनेजमेंट कमेटी में सदस्य के रूप में मनोनीत हुए। राजकुमार मिटान ने जानकारी दी कि एथलेटिक्स फैडरेशन आफ इंडिया के द्वारा गठित मैनेजमेंट कमेटी एक उच्च गुणवत्ता वाली कमेटी के रूप में कार्य करेगी एवं एथलीट खिलाडी और एफ आई के हितों को ध्यान में रखकर समयानुसार अपने सुझाव भी प्रदान करेगी।

# बीमार-लाचार पशुओं के लिए एम्बुलेंस सेवा शुरू

### टाको आश्रय में एक आधुनिक ओपीडी और एक ऑपरेशन थियेटर का निर्माण होगा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाते डीसी विक्रम सिंह।

**वेदांता** समूह के परोपकारी संगठन अनिल अग्रवाल फाउंडेशन (एएएफ) के तत्वावधान में सेवारत द एनिमल केयर ऑर्गेनाइजेशन (टाको) ने आज फरीदाबाद में पशु आश्रय का बुनियादी ढांचा बेहतर करने की आधारशिला रखी। साथ ही, एक पशु एंबुलेंस को झंडी दिखाकर रवाना किया।

मौके पर प्रिया अग्रवाल हेब्बार चेयरपर्सन, हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड, गैर-कार्यकारी निदेशक, वेदांता लिमिटेड और एंकर, टाको और साथ ही उपायुक्त विक्रम सिंह मौजूद थे। आयोजन फरीदाबाद के फैजपुर खादर में टाको के पशु आश्रय में किया गया। पशु एंबुलेंस सेवा शुरू होने से टाको के लिए बेघर पशुओं का बचाव करना और तत्काल चिकित्सा सेवा देना आसान होगा। इससे पशुओं को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित होगी। भटकते, घायल और इलाज के जरूरतमंद पशुओं की गहन चिकित्सा के लिए उन्हें फैजपुर खादर स्थित टाको आश्रय लाया जाएगा। इस एम्बुलेंस में हाइड्रोलिक सुविधा और ज़रूरी आपातकालीन जीवन रक्षक दवाओं के साथ एक पारा-पशु चिकित्सक होंगे और ड्राइवर भी मदद के लिए तैयार रहेंगे। लाचार-बीमार पशुओं को तुरंत प्राथमिक चिकित्सा, देखभाल और राहत दी जाएगी। जरूरत पड़ने पर एक डॉक्टर भी उपलब्ध रहेंगे। यह एम्बुलेंस सेवा कॉल पर पूरे फरीदाबाद में उपलब्ध होगा और जिले के ग्रामीण हिस्सों में भी पहुंचेगा। टाको के आश्रय में पशु चिकित्सा के लिए पहले से एक आउट पेशेंट डिपार्टमेंट (ओपीडी) और इन-पेशेंट डिपार्टमेंट (आईपीडी) सेवारत हैं। वर्तमान में टाको के आश्रय में 100 से अधिक पशु हैं और यहां पशुओं का नियमित उपचार होता है। आश्रय में भूमि पूजन समारोह के साथ 7-एकड़ में बुनियादी ढांचा बेहतर बनाने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इस निर्माण के बाद पशु आश्रय में एक ओपीडी क्लिनिक और एक ऑपरेशन थियेटर सभी सुविधाओं के साथ सेवारत होंगे। इसमें बीमार, गर्भवती और क्वारंटीन किए गए पशुओं के लिए रहने की अलग जगह होगी।

डीसी विक्रम सिंह ने कहा, बीमार और घायल भटकते पशुओं का अक्सर कोई ध्यान नहीं रखता है। ऐसे में अनिल अग्रवाल फाउंडेशन के विशाल प्रोजेक्ट टाको का दायरा बढ़ा कर पशुओं की देखभाल के लिए की गई इस पहल से मुझे प्रसन्नता है। सभी प्राणियों का कल्याण हो इस उद्देश्य से एक बुनियादी ढांचा तैयार करने के लिए हम ने सदैव इच्छुक संगठनों और जानकारी देने वाले भागीदारों का स्वागत किया है। हम चाहते हैं कि पशुओं को भी अच्छी जिन्दगी मिले जिसके वे हकदार हैं। इस पहल से हमारे प्रयास भी मजबूत होंगे, जो पशुओं को चिकित्सा सुविधा देने और उनके पुनर्वास के लिए हम करते रहे हैं।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मोबाइल नंबर- 9255029919
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103

**नज़रिया**



**दिनेश रघुवंशी, कवि**

उन्हें मालूम होगा बात में गहराई कितनी है
उन्हें मालूम होगा सोच में अच्छाई कितनी है
बड़ी ही फ़िक्र में डूबे हुए हैं अन्नदाता की
उन्हें मालूम होगा फ़िक्र में सच्चाई कितनी है

# उद्यमियों को दी इलाज की नई तकनीक की जानकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



सेमिनार में शामिल चिकित्सक और उद्यमी।

**सेक्टर 21सी** के पार्क प्लाजा होटल में फरीदाबाद चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की तरफ से एक सेमीनार का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रेटर फरीदाबाद स्थित एकॉर्ड अस्पताल के चेयरमैन डॉ. प्रबल रॉय, न्यूरोलाजी डिपार्टमेंट चेयरमैन डॉ. रोहित गुप्ता, ऑर्थोपेडिक एंड जॉइंट रिप्लेसमेंट डिपार्टमेंट चेयरमैन डॉ. युवराज, कार्डियक डिपार्टमेंट निदेशक डॉ. सिम्मी मनोचा सहित अन्य अस्पतालों के डॉक्टर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का चैंबर के महासचिव रोहित रूंगटा ने बुके देकर स्वागत किया। सेमिनार की अध्यक्षता चैंबर के अध्यक्ष एचके बत्रा ने की।

फरीदाबाद चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष एचके बत्रा ने कहा कि इंडस्ट्रिलिस्ट भी काम के चलते कई बार अपने स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं देते है। बीमारियों को सही समय पर कैसे पकड़ा जाए इसकी जानकारी होनी बहुत जरूरी है। इसी उद्देश्य से यह सेमिनार आयोजित किया गया है। एकॉर्ड अस्पताल चेयरमैन डॉ. प्रबल रॉय एफसीसीआई द्वारा अयोजित कार्यक्रम की सराहना की। सेमिनार बहुत इंटरेक्टिव रहा। इंडस्ट्री के सभी लोग मिल कर हेल्थ केयर से जुड़े कार्यक्रमों को सार्वजनिक करेगें। इससे लोगों में स्वस्थ्य के प्रति जागरुकता बढ़ेगी। अस्पताल न्यूरोलाजी डिपार्टमेंट चेयरमैन डॉ. रोहित गुप्ता ने सभी को स्ट्रोक और पैरालाइसिस के विषय में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि देश में हर 40 सेकेंड में एक व्यक्ति को ब्रेन स्ट्रोक आता है और हर चार मिनट में एक व्यक्ति दम तोड़ देता है। देश में मौत का दूसरा सबसे बड़ा कारण ब्रेन स्ट्रोक है। दिमाग हमारे शरीर का अहम हिस्सा होता है, लेकिन भागदौड़ भरी जीवनशैली के कारण लोग आज तनाव से जूझ रहे है। इससे बचने के लिए कुछ लोग शराब और धूम्रपान आदि का सहारा लेने लगते है। इसके अलावा उच्च रक्तचाप, मोटापा, अनियमित दिनचर्या, धूम्रपान एवं शराब का सेवन एवं अधिक तेल घी से बना भोजन हमें स्ट्रोक की और ले जाता है। स्ट्रोक के उपचार की जगह इससे बचाव पर अधिक बल देने की जरूरत है। स्ट्रोक आने पर दिमाग में खून की सप्लाई रुक जाती है। इससे ब्रेन सेल्स को काफी नुकसान पहुंचता एवं कभी-कभी तो ब्रेन सेल्स मर भी जाते है। जिससे पैरालिसिस एवं गंभीर स्थिति में मृत्यु भी हो सकती है। अस्पतालों में आज इन बीमारियों का नई तकनीकी से काफी एडवांस इलाज की सुविधाएं उपलब्ध है। इसलिए कभी भी इसको लेकर लापरवाही न बरतें। आपको अगर किसी भी शख्स में पैरालिसिस के लक्षण जैसे शरीर के एक हिस्से में कमजोरी, हाथ पैरों में सुन्नपन, आवाज लड़खड़ाना, बात समझने में परेशानी, मुंह, आंख आदि में टेढ़ापन आदि लक्षण दिखें तो फौरन उसे अस्पताल पहुंचाइए. ब्रेन स्ट्रोक में मरीज को जितनी जल्दी इलाज मिलेगा, उतनी जल्दी और अच्छी उसकी रिकवरी होगी। कार्डियक डिपार्टमेंट निदेशक डॉ. सिम्मी मनोचा ने कहा युवाओं में हार्ट अटैक के कारण स्ट्रेस, जंकफूड, सैर कम करना आदि है।

# लैंगिक असमानता पर प्रशिक्षण का आयोजन



एक दिवसीय प्रशिक्षण में जानकारी लेतीं आंगनबाड़ी वर्कर।

**फरीदाबाद।** महिला एवं बाल विकास विभाग फरीदाबाद के द्वारा लैंगिक असमानता पर खंड विकास एवं पंचायत, फरीदाबाद के सभागार में जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण दिवस का आयोजन किया गया।

जिसकी अध्यक्षता सतबीर छाबरा, उप निदेशक, महिला विकास शाखा, एनआईपीसीसीडी, नई दिल्ली द्वारा विस्तार पूर्वक चर्चा के साथ प्रशिक्षण दिया। बता दें कि जिला फरीदाबाद में लिंगानुपात कम होता जा रहा है। जिससे जिला में लड़कियों की संख्या लड़कों की तुलना में दिन बी दिन कम होती जा रही है। जो की चिंता का विषय है। एक दिवसीय प्रशिक्षण में बारीकी से जानकारी देते हुए बताया गया कि जिला फरीदाबाद की इस स्थिति में सुधार लाने के लिए सभी लोगों में जागरूकता होनी चाहिए। वहीं बेटियों को भी बेटों के सामान मौके देने चाहिए। ताकि वे भी सभी क्षेत्रों में उन्नति करें।

# नशे से छुटकारा दिला रहा है जिले का ओएसटी सेंटर

कविता। फरीदाबाद

**इंजेक्शन** से नशा करने वाले लोगों को इस आदत से निजात दिलाने के लिए बीके अस्पताल में गत नौ मई 2013 को एक ओएसटी (ओपियो सब्स्टीट्यूट थैरेपी) सेंटर शुरू हुआ था। इस सेंटर में पहले सिर्फ पुरुष आ रहे थे। लेकिन अब महिलाएं भी नशे से छुटकारा पाने के लिए आ रही है।

ओएसटी सेंटर में इंजेक्शन से नशा लेने वालों को गोलियों द्वारा नशे की लत से छुटकारा दिला रहे हैं। पिछले दस वर्षों में यहां 440 मरीज आए हैं, लेकिन चार पूरी तरह से नशा छोड़ चुके हैं। फिलहाल यहां 105 मरीजों का इलाज हो रहा है। शेष 331 लोगों में कुछ इलाज बीच में छोड़ गए। कुछ की मौत हो गई तो कुछ लोग फिर नशा ले रहे हैं। यहां दी जाने वाली गोलियों का कोई दुष्प्रभाव नहीं है। ओएसटी सेंटर में तैनात मेडिकल

## बीके अस्पताल परिसर में पिछले दस साल से चल रहा है ओएसटी सेंटर



नशा मुक्ति के लिए आए मरीजों को जागरुक करते डॉ. कर्नल मोहेन्द्र पाल और अनीता।

ऑफिसर डॉ. कर्नल मोहेन्द्र पाल साहनी ने बताया कि अब कुछ महिलाएं भी इंजेक्शन के नशे से छुटकारा पाने के लिए जिला स्वास्थ्य विभाग के ओएसटी सेंटर में आ रहा है। फिलहाल 105 लोग नियमित रूप से आ रहे हैं।

**अब तक 440 आए:** ओएसटी सेंटर कर्मी अनिता ने बताया कि यहां आने वाले मरीजों में कुछ तो खुद ही नशे से छुटकारा पाने को आ रहे है और कुछ एनजीओ की सहायता से आ रहे हैं। शुरूआत में मात्र चार लोग आते थे। वहीं पिछले दस सालों में यहां 440 मरीज आए हैं। इनमें से अधिकतर मरीज एनजीओ के सहयोग से आए हैं। कुछ मरीज खुद नशा छोड़ने को आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यहां आने वाले मरीजों में कुछ की मौत हो गई है, जो किसी न किसी गंभीर बीमारी से ग्रस्त थे।

**दी जाती है गोलियां :** डॉ. कर्नल मोहेन्द्र पाल साहनी ने बताया कि ओएसटी सेंटर में आने वाले लोग जो इंजेक्शन से नशा लेने के आदी है। उन्हें इस नशे की लत से छुटकारा दिलाया जाता है। उन्होंने बताया कि यहां आने वाले लोगों को ऐसी गोलियां दी जाती है। जिनमें इंजेक्शन जितना ही नशा होता है। लेकिन इनका कार्य लोगों के नशे की लत को कम करना होता है। जब मरीज इन गोलियों का सेवन करता है तो उसकी डोज धीरे-धीरे कम कर दी जाती है। जिससे एक समय ऐसा आता है कि वह नशे की बुरी तल को पूरी तरह से भूल जाता है। उन्होंने बताया कि यहां पूरा इलाज मुफ्त होता है।

# सस्ते प्लॉट दिलाने के नाम पर ठगने वाले गिरोह का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

## यमुना आवास योजना की फर्जी वेबसाइट बनाकर आरोपी देते थे ठगी की वारदातों को अंजाम

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**साइबर** अपराध नोडल अधिकारी डीसीपी नीतीश कुमार अग्रवाल के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए साइबर थाना बल्लभगढ़ प्रभारी नवीन उनकी टीम ने यमुना आवास योजना के तहत सस्ते दाम पर प्लॉट दिलाने की नाम पर सैंकड़ों लोगों के साथ साइबर ठगी की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

एसीपी साइबर क्राइम मोनिका ने प्रेस वार्ता बताया कि आरोपियों में मधुर, विनोद तथा अनूप उर्फ अमन शामिल हैं। विनोद और मधुर नोएडा और अनूप दिल्ली के मयूर विहार का निवासी है। एसीपी मोनिका ने बताया



पुलिस की गिरफ्त में साइबर ठगी करने का आरोपी गिरोह।

कि बड़े शहरों में अपना मकान बनाना कई लोगों का सपना होता है। परंतु कुछ साइबर ठग इनकी मेहनत की कमाई को चुटकियों में उड़ा लेते हैं। ऐसे ही एक साइबर अपराध का पर्दाफाश बल्लभगढ़ साइबर पुलिस ने किया है। जिसमें आरोपियों ने यमुना आवासीय योजना के नाम पर लोगों के साथ धोखाधड़ी की है। लोगों को लॉटरी सिस्टम के द्वारा सस्ते प्लॉट उपलब्ध करवाए जाते हैं। जिसमें प्लॉट के साइज के अनुसार फीस जमा करवानी होती है और बाद में यदि लॉटरी में किसी व्यक्ति का नाम आ जाता है तो उसे सस्ते दाम पर प्लॉट मिल जाता है। इसके लिए उन्हें वाईईआईडीए की वेबसाइट पर रजिस्टर करना होता है।

साइबर ठगों ने इस वेबसाइट के जैसी फर्जी वेबसाइट बनाकर लोगों को सस्ते प्लॉट का लालच दिया और उनसे इस फर्जी वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन करवाने के बाद उनसे पैसे ऐंठने शुरू कर दिए। आरोपियों ने फरीदाबाद के रहने वाले तीन व्यक्तियों से 42 हजार, 31 हजार व 21 हजार रुपये अपने बैंक खाते में ट्रांसफर करवा लिए। जब ग्राहकों अपना प्लॉट या पैसे वापस मांगे तो आरोपियों ने लौटाने से मना कर दिया। पीड़ितों ने इसकी शिकायत पुलिस को दी। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके तलाश शुरू की गई। मामले में पुलिस ने आगे कार्रवाई करते हुए गुप्त सूत्रों तथा साइबर तकनीकी के माध्यम से उक्त तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपियों के कब्जे से 01 लैपटॉप, 4 मोबाइल व 94 हजार रुपए नगद बरामद किए गए हैं जबकि आरोपियों के 34 लाख रुपये बैंक खातों में होल्ड करवाए गए हैं। आरोपियों को तीन मुकदमों में 7 दिन के पुलिस रिमांड पर लेकर मामले में पूछताछ शुरू की गई। जिसमें पूछताछ में सामने आया कि आरोपियों ने यूपी, हरियाणा व दिल्ली में इस प्रकार की 690 वारदातों को अंजाम दिया है। उनके बैंक खातों से करीब 3.82 करोड़ रुपये का लेनदेन पाया गया है। पुलिस द्वारा इन मामलों में संबंधित थानों को सूचित किया जा रहा है। पूछताछ पूरी होने के पश्चात आरोपियों को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है, वहीं मामले में शामिल अन्य आरोपियों की जांच की जा रही है और उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# बिगड़ा मौसम, बूंदा-बांदी ने लोगों को करवाया ठंड का अहसास



बरसात से बचने का बाइक पर लिया छतरी का सहारा।

**फरीदाबाद।** दो दिनों से मौसम का मिजाज बिगड़ा हुआ है, हालांकि मौसम विभाग ने बरसात की सूचना पहले ही दी थी, लेकिन यह बरसात फसलों के लिए खतरनाक है। वहीं ठंड के कारण अस्पताल में भी भीड़ नजर आने लगी है। शनिवार को जहां पूरे दिन बादल छाए रहने और बूंदाबांदी से लोगों को ठंड का अहसास हुआ। वहीं दूसरी तरफ अस्पतालों की ओपीडी में मरीजों की संख्या बढ़ गई।

**बदला मौसम :** शनिवार को बूंदाबांदी से किसानों की चिंता बढ़ गई है। दूसरी ओर हवा चलने से प्रदूषण से राहत मिली है। इस दौरान अधिकतम तापमान में छह डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। शुक्रवार को सुबह हल्के बादल छा रहे थे और दिन में धूप निकली थी। वहीं शनिवार को मौसम का मिजाज बिल्कुल बदल गया। दिन भर आसमान में बादल छाए रहे। दोपहर के समय कुछ समय के लिए हल्की धूप निकली। दोपहर बाद हल्की बूंदाबांदी शुरू हो गई और देर शाम तक बारिश का सिलसिला जारी रहा। मौसम वैज्ञानिक महेश पहलावत ने मुताबिक शुक्रवार को अधिकतम तापमान 31 दर्ज किया था, शनिवार को घटकर 25 डिग्री और न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं बूंदाबांदी और तेज हवा से प्रदूषण स्तर में सुधार देखने को मिला। लोगों ने स्वच्छ हवा में सांस ली। शनिवार को फरीदाबाद का वायु गुणवत्ता सूचकांक 182 दर्ज किया गया। जो प्रदूषण की मध्यम श्रेणी में आता है।

# स्मार्ट मीटर, एग्रीगेट रेवेन्यू समय की आवश्यकता: वीएस मान



**फरीदाबाद।** निदेशक एचवीपीएन पावर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट हरियाणा वीएस मान की अध्यक्षता में एफआईए फरीदाबाद में फरीदाबाद और पलवल सर्कल के अधिकारियों एसडीओ, एक्सईएन, सेस और मंडल लेखाकारों के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया।

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के विशेष ट्रेनर पुनीत शर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में स्मार्ट मीटर, एग्रीगेट रेवेन्यू समय की आवश्यकता है। प्रशिक्षण सत्र के दौरान तीन विषयों को कवर किया गया। इनमें स्मार्ट पैमाइश, स्मार्ट मीटर और बिलिंग सिस्टम के साथ इसके इंटरफेस के बारे में बुनियादी जानकारी पर विचार-विमर्श किया गया। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा सरकारी हिदायतों के अनुसार स्थानीय फरीदाबाद औद्योगिक एसोसिएशन के हाल में फरीदाबाद के कार्यकारी अभियंता और सबडिविजनल अभियंता की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जहां दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के पालवाल सर्कल ने स्मार्ट मीटर, एग्रीगेट रेवेन्यू आवश्यकता एआरआर और एनर्जी ऑडिट और एचवीपीएन पावर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट पंचकूला द्वारा आयोजित एक दिन के प्रशिक्षण सत्र में विस्तार पूर्वक चर्चा कर बारीकी से की गई। वहीं कार्यशाला में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता पुनीत शर्मा, अधीक्षक अभियंता वीपी सिहाग प्रमुख वक्ता थे। कार्यशाला में मुख्य रूप से वक्ताओं ने बताया कि अगले वर्ष के लिए टैरिफ तय करने के लिए हर बिजली उपयोगिता को हर साल 30 नवंबर से पहले नियामक आयोग के समक्ष एआरआर दाखिल करना जरूरी होता है।

# एफएचआरएआई में नए पदाधिकारियों की नियुक्ति

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**फेडरेशन** ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएचआरएआई), भारत की सर्वोच्च संस्था और आतिथ्य उद्योग की आवाज है। एफएचआरएआई ने 16 मार्च 2023 को नई दिल्ली में अपनी 66वीं एन्युअल जनरल मीटिंग (वार्षिक आम बैठक) आयोजित की। एजीएम के दौरान एफएचआरएआई के सदस्यों ने नई कार्यकारी समिति का चुनाव किया। शीर्ष उद्योग निकाय के मामलों का प्रबंधन करने के लिए भारत के पूर्व, उत्तर, दक्षिण और पश्चिम हर एक क्षेत्र से छह प्रतिनिधियों वाली एक चौबीस सदस्यीय टीम गठित की गई।

एजीएम के बाद फेडरेशन की नई कार्यकारी समिति की पहली बैठक हुई, जिसने सुदेश पोद्दार को एफएचआरएआई के नए अध्यक्ष के रूप में चुना। पोद्दार इसके पहले बतौर कोषाध्यक्ष कार्य कर चुके हैं। पोद्दार की गिनती होटल उद्योग के दिग्गजों में होती है। वे 1977 से आतिथ्य व्यवसाय में हैं। वे कोलकाता में कई रेस्तरां के मालिक हैं, जिसमें प्रतिष्ठित



70 वर्षीय चीनी रेस्तरां-सोंघाई और असम में सत्या होटल्स प्राइवेट लिमिटेड बैनर तले एक 4-सितारा होटल शामिल हैं। कार्यकारी समिति ने एफएचआरएआई के नए पदाधिकारियों का भी चुनाव किया, जो कार्यकारी समिति की ओर से फेडरेशन में नियमित मामलों की निगरानी करते हैं। सुरेंद्र कुमार जायसवाल, के. नागराजू और प्रदीप शेट्टी को होटल एंड रेस्तरां एसोसिएशन ऑफ नॉर्दन इंडिया, द साउथ इंडिया होटल्स एंड रेस्टोरेंट्स एसोसिएशन और होटल एंड रेस्तरां एसोसिएशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया से उपाध्यक्ष के रूप में चुना गया। डीवीएस सोमाराजू को मानद कोषाध्यक्ष और टीएस वालिया को मानद सचिव चुना गया है। गुरबख्शीश सिंह कोहली और अमरवीर सिंह संयुक्त मानद सचिव के रूप में काम करेंगे।

अध्यक्ष चुने जाने के बाद सुदेश पोद्दार ने कहा कि होटल उद्योग ने पिछले कुछ वर्षों में अपने सबसे चुनौतीपूर्ण समय को देखा है और यह मेरा प्रयास होगा कि मैं आतिथ्य क्षेत्र के लिए अनुकूल वातावरण बनाने और कम से कम समय सीमा में यथासंभव प्रगति करने की दिशा में काम करूं। एफएचआरएआई के अध्यक्ष सुदेश पोद्दार ने कहा, हम भारत के पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र को दुनिया में सर्वश्रेष्ठ बनाने के लिए अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सरकार और नीति-निर्माताओं के साथ जुड़ना जारी रखेंगे।

# सैंकड़ों लोगों ने उठाया स्वास्थ्य शिविर का फायदा

**फरीदाबाद।** भारत सरकार की 2025 तक टीबी मुक्त भारत की मुहिम को सफल बनाने के प्रयासों से भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी, राष्ट्रीय मुख्यालय एवं हरियाणा राज्य शाखा के संयुक्त रूप में जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष विक्रम सिंह एवं सचिव बिजेंद्र सौरोत के कुशल मार्गदर्शन में सन्त कबीर विद्या मंदिर विद्यालय ऑटोपिन फरीदाबाद के सहयोग से एक दिवसीय टीबी स्क्रीनिंग एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता टिपरचंद ने कहा कि भारत सरकार का मुख्य उद्देश्य देश को टी बी मुक्त करना है। प्रधानमंत्री का विजन एक स्वस्थ भारत का निर्माण करना है और इसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। हेल्थ चेकअप कैंप एवं स्क्रीनिंग कैंपों के माध्यम से लोगों में टी बी जैसी बीमारी का पता चलता है, जिसका समय रहते इलाज कराने में मदद मिलती है। इस शिविर का आयोजन भारत विकास परिषद एवम स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से किया गया।

# 3.34 करोड़ रुपये से बनेगा रेलवे फुट ओवरब्रिज

## सरकार आजादी के 75वें स्वतंत्रता दिवस को आजादी के अमृत महोत्सव के श्रृंखला में कर रही है बेहतर विकास कार्यों का क्रियान्वयन

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद

**भारत** सरकार के भारी उद्योग और ऊर्जा विभाग के केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने शनिवार को मेवला महाराजपुर में लगभग 334 लाख रुपये की धनराशि से बनाए जाने वाले देश के सबसे पहले स्टेनलेस स्टील रेलवे फुट ओवरब्रिज की सौगात दी है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक नगरी फरीदाबाद के विकास कार्यों और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में अब अलग पहचान मिल रही है। सरकार आजादी के 75वें स्वतंत्रता दिवस को आजादी के अमृत महोत्सव के श्रृंखला में विकास कार्यों का



केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर लोगों को सम्बोधित करते हुए।

क्रियान्वयन बेहतर से कर रही है। केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि यह आधुनिक तकनीकी से विकसित होने वाला देश में सबसे पहला रेलवे फुट ओवर ब्रिज मात्र छह महीने में बन कर तैयार किया जाएगा। यह ओवर ब्रिज स्टेनलेस स्टील का बनाया जाएगा। जोकि जंग रहित और मैन्टीनेंस फ्री होगा। इसके बनने से लोगों के रेलवे दुर्घटनाओं से होने वाली जानो की निश्चित तौर पर सुरक्षा होगी।

भारत सरकार के भारी उद्योग एवं ऊर्जा विभाग के केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर मेवला महाराजपुर में 334 लाख रुपये की धनराशि से बनने वाले स्टेनलेस स्टील फुट ओवर ब्रिज के शिलान्यास के अवसर उपस्थित लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार आजादी के 75वें स्वतंत्रता दिवस को आजादी के अमृत महोत्सव के श्रृंखला में विकास कार्यों का बेहतर क्रियान्वयन करने का प्रयास कर रही है। शिक्षा, चिकित्सा,शमशान घाट,पीने के लिए स्वच्छ पेयजल सप्लाई की लाइन, बूस्टर, एलईडी लाइट, गन्दे पानी की निकासी के लिए बेहतर सीवरेज व्यवस्था तथा पार्कों के सौन्दर्यीकरण सहित भू-जल स्तर को बनाए रखने और साथ ही गंदे पानी को शुद्ध करके पार्कों, उद्योग तथा अन्य कृषि क्षेत्रों में उपयोग में लाया जा रहा है।

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि देश की 135 करोड़ की आबादी में 65 प्रतिशत युवाओं की आबादी है। सरकार युवाओं के रोजगार के लिए बेहतर नीतियां बनाकर उन्हें क्रियान्वित करने का प्रयास कर रही है। ताकि देश में कोई भी बेरोजगार युवा ना रहे। केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि फरीदाबाद शहर को जेवर एयरपोर्ट के को जोड़ने वाले एक्सप्रेस वे के बनने से क्षेत्र में विकास के नए रास्ते खुलेंगे। फरीदाबाद शहर आने वाले समय में विकास की नई दौड़ में शामिल होने जा रहा है। जिससे विकास कार्यों और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में फरीदाबाद को विश्व में अलग पहचान मिलेगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली मथुरा एक्सप्रेस वे व बाद दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि इसके बाद फरीदाबाद से जेवर एयरपोर्ट तक एक नया एक्सप्रेस वे बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह एक्सप्रेस वे 31 किलोमीटर लंबा होगा और छह लेन का बनाया जाएगा।

# दर्जनों वारदातों को अंजाम देने वाला शातिर गो तस्कर गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी बल्लभगढ़ कुशल सिंह के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए सेक्टर 8 थाना प्रभारी इंस्पेक्टर नवीन व उनकी टीम ने कड़ी मशक्कत करते हुए गो तस्करी के मुकदमे में 4 साल से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम तारीफ उर्फ नीना है जो पलवल के उटावड़ गांव का रहने वाला है और फिलहाल मेवात के बिसरू गांव में रह रहा था। आरोपी बहुत ही शातिर किस्म का अपराधी है जो पिछले कई सालों में अपने 2 दर्जन से अधिक साथियों के साथ मिलकर 40 से अधिक गोकशी तथा लड़ाई झगड़ा, अवैध हथियार, हत्या का प्रयास, चोरी इत्यादि वारदातों को अंजाम दे चुका है। आरोपी के खिलाफ पूर्व में दर्ज मुकदमों की जांच की जा रही है। आरोपी ने बताया कि उक्त वारदातों में उसके साथ मुबारिक, मुस्तकीम, इरफान, हामिद, जैकम, कबीर, जिलशाद, साबिर, आरिफ, मुंडल, मुस्तफा, बोना, हबीब, शाहिद, काला, सिराज, कयूम, जूना, राशिद, बहरा, मोहम्मद, साकून सहित बहुत सारे साथी शामिल थे जिसके साथ उन्होंने गोकशी की वारदातों को अंजाम दिया था। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी हरियाणा, दिल्ली, यूपी, राजस्थान के कई स्थानों पर उक्त वारदातों को अंजाम दे चुका है और कई मुकदमों में गिरफ्तार हो चुका है परंतु वह जमानत पर आने के पश्चात वापिस अदालत में हाजिर नहीं होता इसलिए उसके खिलाफ पीओ के भी कई मुकदमे दर्ज हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## सीवर ओवरफ्लो से लोग दिख रहे हैं खासे परेशान



**फरीदाबाद।** पिछले काफी समय से सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या से परेशान संत सूरदास के ऐतिहासिक गांव सीही के लोगों ने समाजसेवी गोल्डी बरेजा को मौके पर बुलाया और रामलीला मैदान के सामने वाली गली दिखाकर अपनी व्यथा सुनाई। गांव के लोगों ने गोल्डी बरेजा को बताया कि गांव में शायद ही कोई ऐसी गली होगी जहां सीवर का पानी ओवरफ्लो ना हो रहा हो हमने सब जगह शिकायत की लेकिन कहीं सुनवाई नहीं हुई। समाजसेवी गोल्डी बरेजा ने तुरन्त नगर निगम एक्सईएन सुशील ठाकरान को फोन कर समस्या की जानकारी दी और फोटो खींचकर उनके मोबाइल पर व्हाट्सएप भेज लोकेशन और स्थिति के बारे में उन्हें अवगत करवाया। जिसके बाद एक्शन ने आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द समस्या का समाधान कर दिया जाएगा। इस पर गोल्डी बरेजा ने कहा कि अगर जल्द से जल्द समस्या का समाधान ना किया गया तो वे ग्राम वासियों के साथ मिलकर आंदोलन करेंगे। इस अवसर पर उनके साथ कान्हा तेवतिया, चंद्र तेवतिया, जितेंद्र तेवतिया, सोनू डुल, अनिल डुल्ल, धर्मेंद्र डागर, फूल सिंह, रुपेश मलिक, धीरज मलिक, भगवत मलिक, जसराम मलिक, मोहरम देशवाल, मंगल खुटेला, भगत सिंह खुटेला, नरवीर बुरा, पप्पू फौजी आदि उपस्थित रहे।

## कूड़े के ढेर निगम भ्रष्टाचार की निशानी : डॉ. तंवर



**फरीदाबाद।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और फरीदाबाद निगम चुनाव इंचार्ज डॉ. अशोक तंवर ने फरीदाबाद में विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। उनके नेतृत्व में सदस्यता अभियान भी चलाया गया। वार्ड 27 में कार्यक्रम का आयोजन विजय बहादुर पाल ने किया। उन्होंने कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा कि खट्टर सरकार ने भ्रष्टाचार और माफिया को संरक्षण देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि निगम के भ्रष्टाचार से फरीदाबाद का हर चौक और चौराहा पर कचरे का ढेर लगे रहते हैं। उन्होंने वार्ड 25 इतमापुर का दौरा किया और वहां लगे कचरे के ढेर देख कर खट्टर सरकार की जमकर आलोचना की। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी इन कचरे के ढेरों को साफ करने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि भविष्य में आम आदमी पार्टी प्रदेश ही नहीं देश को भी नेतृत्व देने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद में जगह जगह लगे कूड़े के ढेर निगम के भ्रष्टाचार की निशानी है। आम आदमी पार्टी सरकारी तंत्र में सुधार लाएगी और आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में हरियाणा के लोगों के लिए बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा सुविधाएं और युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध करवाएगी। इस मौके पर राजेंद्र शर्मा, सूरज नेहरा, बसंत कर्दम, खेमी ठाकुर, अमन गोयल, रिंकू सिलानी और राकेश भड़ाना मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## संघर्ष रैली में भाग लेंगे हजारों सीटू कार्यकर्ता



**फरीदाबाद।** सभी बेरोजगारों को रोजगार देने, न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये लागू करने, सार्वजनिक क्षेत्रों के निजीकरण और ठेका प्रथा पर रोक लगाने, चारों श्रम संहिताओं को रद्द करने और स्कीम वर्कर्स व अस्थाई कर्मचारियों को पक्का करने सहित अन्य मांगों को लेकर आगामी 5 अप्रैल को दिल्ली में होने वाली संघर्ष रैली में फरीदाबाद से हजारों वर्कर भाग लेंगे। यह निर्णय सीटू कार्यालय में संपन्न हुई जिला कमेटी की बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला उपप्रधान मालवती ने की। जबकि कार्रवाई का संचालन जिला सचिव वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने बताया कि केंद्र और राज्य में भाजपा सरकार पिछले 9 साल से सत्तासीन है। इस सरकार ने बेरोजगारी को खत्म करने और सुशासन जैसे झूठे वायदे करके सत्ता हासिल की थी। लेकिन ना तो बेरोजगारी दूर हुई है। जबकि महंगाई लगातार बढ़ रही है। कारखानों में काम करने वाले मजदूरों के वेतन में बढ़ोतरी नहीं हो रही है। किसानों को उनकी फसलों के उचित दाम नहीं मिल रहे हैं।आज सभी मेहनतकश वर्ग सड़कों पर आकर संघर्ष करने को मजबूर हैं। किसान अपने पैदावार के न्यूनतम समर्थन मूल्य की मांग को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। 26 मार्च को मोहना गांव में किसानों की बैठक ली जाएगी। इसके बाद छह मैया पार्क में आमसभा होगी। बैठक कामरेड शिवप्रसाद, विजय झा, कमलेश, सुधा, हेमलता, अरविंद, दयाराम, दिनेश सविता, ओमपाल, संतोष, जीनत, नीलम, पूजा गुप्ता, आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## सीपी ने आदर्श नगर थाने का किया औचक निरीक्षण



**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा निरीक्षण करने के लिए फरीदाबाद के बल्लभगढ़ जॉन में स्थित थाना आदर्श नगर पहुंचे। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त के साथ डीसीपी बल्लभगढ़ कुशल सिंह सहित अन्य पुलिस स्टाफ मौजूद रहा। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि पुलिस आयुक्त अपनी टीम के साथ पुलिस थाना आदर्श नगर पहुंचे जहां पुलिस आयुक्त को अचानक देख पुलिसकर्मी असमंजस में पड़ गए। थाना प्रभारी कुलदीप ने पुलिस आयुक्त को थाने का दौरा करवाया और रिकॉर्ड्स चेक करवाए। थाने में इससे पहले पुलिसकर्मियों के रहने के लिए बैरक तथा सामान रखने के लिए मालखाना मौजूद नहीं था। जिसे पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन द्वारा तैयार किया जा रहा था जो कि अब पूरा हो चुका है। थाने के सौंदर्यीकरण के बारे में थाना प्रभारी को हिदायत देते हुए बताया कि थाने में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए और थाने में अधिक से अधिक पौधे लगाकर थाने को हरा-भरा बनाया जाए।

## ट्रेन की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत

**फरीदाबाद।** एसी नगर के सामने रेलवे लाइन पार करते वक्त एक व्यक्ति की ताज एक्सप्रेस की चपेट में आने से मौत हो गई। जब तक लोको पायलट ने ट्रेन रोकी, उस समय तक व्यक्ति की मौत हो चुकी थी। जीआरपी के पहुंचने के बाद ट्रेन गंतव्य की ओर रवाना हुई। ताज एक्सप्रेस दिल्ली से निकलने के बाद फरीदाबाद रेलवे स्टेशन पर सुबह 7:45 बजे रुकी। ठहराव के बाद ट्रेन पलवल की ओर चल दी, लेकिन एसी नगर के निकट एक व्यक्ति ट्रेन की पटरियां पार कर रहा था, उसी दौरान वह ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ट्रेन के कई कोच शव के ऊपर से गुजर गए। इसके बाद लोको पायलट ने ट्रेन रोक दी। उधर इस घटना की जानकारी फरीदाबाद रेलवे स्टेशन अधीक्षक व अन्य अधिकारियों को मिलने के बाद जीआरपी को अवगत कराया गया।

# 15 सोसायटी के स्ट्रक्चरल ऑडिट के पहले फेज पर रेजीडेंट्स ने दी राय

## प्रशासन की पहल पर एजेंसी, आरडब्ल्यूए व बिल्डर्स के बीच हुई बातचीत

## दूसरे फेज की ऑडिट प्रक्रिया अप्रैल महीने से होगी शुरू

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


प्रशासन की पहल पर एजेंसी, आरडब्ल्यूए व बिल्डर्स के बीच बातचीत में मौजूद सदस्य।

**लाईसेंस** क्षेत्र की 15 हाउसिंग सोसायटीज के स्ट्रक्चरल ऑडिट की प्रक्रिया का पहला फेज पूरा हो गया। प्रशासन ने पहले फेज की प्रक्रिया के दौरान संबंधित आरडब्ल्यूए तथा ऑडिट करने वाली एजेंसियों के बीच बात की पहल की, ताकि इस दौरान रही किसी कमी को समय रहते जांच में शामिल किया जा सके। इस संबंध में शनिवार को आयोजित बैठक में संबंधित बिल्डर्स के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता डीसी निशांत कुमार यादव ने की।

बैठक मुख्य रूप से स्ट्रक्चरल ऑडिट का पहला फेज पूरा होने के दौरान पेश आए विषयों के समाधान को लेकर आयोजित की गई थी। इसमें आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधियों से डीसी ने ऑडिट एजेंसी द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया और इसके दायरे में विस्तार संबंधित विषयों पर चर्चा की। कई आरडब्ल्यूए द्वारा दिए गए सुझावों पर डीसी ने ऑडिट एजेंसियों को आवश्यक निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि ऑडिट रिपोर्ट में जो सुझाव शामिल होंगे, उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई का फैसला लिया जाएगा कि किस तरह की रिपेयरिंग या बदलाव की जरूरत है। इस प्रक्रिया में भी संबंधित सोसायटी के निवासी आरडब्ल्यूए के माध्यम से अपना पक्ष रख सकेंगे। उनकी सहमति के बाद ही अगला कदम उठाया जाएगा। बैठक में निवासियों ने डीसी से शिकायत की कि कुछ बिल्डर्स अपने स्तर पर स्ट्रक्चर का एनडीटी (नॉन-डिस्ट्रेक्टिव टेस्ट) करवा रहे हैं। इस पर डीसी ने स्पष्ट किया कि बिल्डर अपने स्तर पर किसी भी तरह का टेस्ट करवाने के लिए स्वतंत्र है, लेकिन प्रशासन द्वारा निर्धारित एजेंसी और प्रक्रिया के तहत होने वाले टेस्ट की रिपोर्ट ही मान्य होगी। ऑडिट एजेंसियों के प्रतिनिधियों को डीसी ने निर्देश दिए कि ऐसे स्ट्रक्चर की भी पहचान करें जो इमारत के लिए बेशक खतरा नहीं है। उसमें सुधार या रिपेयरिंग की गुंजाइश महसूस होती हो।

**तेजी से किया जा रहा चिंटेल्स पैराडिसो का ऑडिट :** बैठक के बाद मीडियाकर्मियों से बातचीत में एडीसी विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि चिंटेल्स पैराडिसो सोसायटी के टावर डी, ई और एफ की रिपोर्ट आ चुकी है। इन्हें स्ट्रक्चरल ऑडिट करने वाली एजेंसी ने अनसेफ बताया है। अभी सभी टावर्स की ऑडिट प्रक्रिया तेजी से पूरी की जा रही है। उम्मीद है अगले डेढ़ से दो महीने में यह पूरी हो जाएगी। सभी 9 टावर्स की रिपोर्ट आने के बाद आगे का फैसला लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि फ्लैट्स की वेल्यूएशन रिपोर्ट के बाद निवासियों की आपत्तियां और सुझाव सुनकर स्वतंत्र एजेंसी से दोबारा मूल्यांकन करवाया गया है।

# जीवन के लिए संजीवनी है रक्त, जरूर करें दान: बोधराज सीकरी


गुरुग्राम की गलेरिया मार्केट में शिविर में रक्तदान करते लोग।

**गुरुग्राम।** लायंस क्लब गुरुग्राम सिटी द्वारा गलेरिया मार्केट में रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बोधराज सीकरी के आह्वान से पंजाबी बिरादरी महा संगठन और हरियाणा ऑटो चालक संघ के सदस्य आगे आए और रक्तदान किया। संदीप कुमार चेयरमैन लायंस ब्लड बैंक और प्रमोद सलूजा अध्यक्ष, श्रवण गुप्ता, धर्मवीर तनेजा, कर्नल सुनील सोबती, विधु कालरा और डॉक्टर सीएस कालरा ने इस शिविर के आयोजन का कार्यभार सम्भाला।

बोधराज सीकरी ने लोगों को प्रोत्साहित कर रक्त दान के लाभ बताए। साथ ही कहा कि रक्तदान आपातकाल की स्थिति में जरूरतमंद मरीज के लिए संजीवनी की तरह काम करता है। हर व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इंसान के रक्त का आज तक कोई विकल्प नहीं बना है। इसलिए मरीज को रक्त दान करके ही हम ठीक कर सकते हैं। इस शिविर में योगेश शर्मा महा मंत्री हरियाणा ऑटो चालक संघ ने बोधराज सीकरी के आह्वान पर अपने सदस्यों के साथ शिरकत की और रक्तदान किया। उनके साथ गलेरिया मार्केट के प्रधान बंटी, ताती, अजय कुमार, सुनील राघव आदि ने सहयोग दिया। पंजाबी बिरादरी की ओर से धर्मेंद्र बजाज, रमेश कामरा, ओपी कालरा और उमेश ग्रोवर उपस्थित रहे। गलेरिया मार्केट के प्रधान नीरज यादव और एस्टेट मैनेजर तुलक भारद्वाज की भी मौजूद रही। धर्मेंद्र बजाज ने रक्त दान देकर युवाओं को प्रेरणा दी।

## संक्षिप्त समाचार

### रुचि बनीं श्रेष्ठ स्वयं सेविका तो शुभम बना बेस्ट वॉलंटियर छात्र


राजकीय महाविद्यालय सेक्टर-9 में सात दिवसीय एनएसएस कैंप के समापन पर सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करती छात्राएं।

**गुरुग्राम।** राजकीय महाविद्यालय सेक्टर-9 में सात दिवसीय एनएसएस कैंप का समापन समारोह पर स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कैंप के अंतिम दिन विद्यार्थियों ने महाविद्यालय के प्रांगण में श्रमदान कर महाविद्यालय की साफ-सफाई की। कैंप की सभी गतिविधियों के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए गए। इस अवसर पर रूचि को बेस्ट वॉलंटियर छात्रा के खिताब से नवाजा गया, वहीं शुभम को बेस्ट वालंटियर छात्र चुना गया। अंकित को सर्वश्रेष्ठ छात्र लीडर चुना गया तथा पलक ने बेस्ट लीडर छात्रा का खिताब जीता। महाविद्यालय की उपप्राचार्या डॉ. कृष्णा मल्हान ने कैंप के सफल आयोजन पर सभी स्वयंसेवकों एवं एनएसएस प्रभारी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस कैंप में भाग लेने वाले विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हुआ है। उन्होंने विद्यार्थियों को कहा कि उन्होंने जो भी शिक्षा इस कैंप में हासिल की है उसे अपने मित्रों एवं अपने परिवार के सदस्यों तक पहुंचाए। उन्होंने सभी को जीवन में अत्यधिक मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया। एनएसएस प्रभारी डॉ. हरीश कुमार एवं डॉ. मोनिका सहरावत ने कहा कि इस कैंप को सफल बनाने के लिए महाविद्यालय के सभी स्टाफसदस्यों ने भरपूर सहयोग दिया है। इस मौके पर डॉ. मीनू शर्मा, मुकेश कुमारी, रीना, विजयवीर, रसायन विभाग से पूजा, शीला सहित महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं स्टाफसदस्य उपस्थित रहे।

### गुरुग्राम में चौथे बैच में प्रशिक्षण ले 307 आपदा मित्र हुए तैयार



**गुरुग्राम।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अंतर्गत हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान (हिपा) गुरुग्राम द्वारा संचालित आपदा मित्र प्रशिक्षण के बाद शनिवार को चौथे बैच का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। इस दौरान सिविल डिफेंस वालंटियर्स, पुलिस, अग्निशमन कर्मचारी, ग्राम सचिव, नर्सिंग स्टाफ, आशा वर्कर, आंगनवाड़ी, एनसीसी और एनएसएस के कुल 68 आपदा मित्रों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। प्रदेश सरकार द्वारा किसी हादसे या आपदा की स्थिति में त्वरित सहायता के लिए आपदा मित्र तैयार किए जा रहे हैं। जिला उपायुक्त एवं आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष निशांत कुमार यादव के मार्गदर्शन में जिला स्तर पर आयोजित प्रशिक्षण शिविरों में आपदा मित्र तैयार हुए हैं। गुरुग्राम में आपदाओं से निपटने के लिए 307 आपदा मित्रों को व्यवहारिक रुप से प्रशिक्षण दिया जा चुका है। प्रधान नरेंद्र मोदी एवं अध्यक्ष राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की प्रेरणा से समस्त भारत में आपदा मित्र तैयार किए जा रहे हैं। गृहमंत्री अमित शाह की देखरेख में हरियाणा सहित देश के सभी राज्यों में इस कार्यक्रम को चलाया जा रहा है। जिसमे एक लाख स्वयं सेवक तैयार किए जा रहे हैं। गुरुग्राम जिले में भी अब तक 307 आपदा मित्रों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। हिपा द्वारा 307 आपदा मित्रों को 12 दिवसीय रेगुलर प्रशिक्षण के चार बैच में ट्रेनिंग दी गई। 46 आपदा मित्रों का पहला बैच 23 जनवरी, 72 का दूसरा बैच 6 फरवरी, 121 का तीसरा बैच 20 फरवरी, 68 का चौथा बैच 6 मार्च को प्रारंभ हुआ। किसी भी आपदा से निपटने के लिए तैयार किए जा रहे आपदा मित्रों की ट्रेनिंग आज संपन्न हो गई। शनिवार को प्रशिक्षण उपरांत सभी को प्रमाण पत्र वितरित कार्यक्रम में हिपा के डॉक्टर भुवन कुमार, सिविल डिफेंस के डिप्टी चीफ वार्डन एवं पीआरओ संजय चुघ सहित चीफ वार्डन मोहित शर्मा आदि मौजूद रहे।

### खेलकूद प्रतियोगिता में तसलीमा बनी दूसरी बार चैम्पियन



**सोहना।** निरंकारी बाबा गुरबचन सिंह महाविद्यालय चली दो दिवसीय वर्षीय खेलकूद प्रतियोगिता में छात्रों में बिलाल और छात्राओं तसलीमा सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनी। तसलीमा ने लगातार दूसरे वर्ष सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार प्राप्त किया है। प्रतियोगिता के विजेताओं को मुख्यातिथि कॉलेज चेयरमैन रविन्द्र मन्हास ने पुरस्कार वितरण किए। शुक्रवार को निरंकारी बाबा गुरबचन सिंह महाविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता शुरुआत की गई थी। जिसका शनिवार को समापन हो गया। निरंकारी कॉलेज में यह विद्यार्थियों की 39वीं खेलकूद प्रतियोगिता थी। जिसमें 200 के लगभग अलग-अलग प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने खेलकर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के सभी खिलाड़ियों को मुख्यअतिथि रहे चेयरमैन रविन्द्र मन्हास ने विजेता खिलाड़ियों को नकद राशि का पुरस्कार समृद्धि चिह्न के साथ दिया गया। मुख्यातिथि रविन्द्र मन्हास ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग होते हैं।

# बच्चे में एच3एन2 संक्रमण की पुष्टि के बाद अलर्ट पर स्वास्थ्य विभाग

## बच्चे में एच3एन2 संक्रमण की पुष्टि के बाद अलर्ट पर आया स्वास्थ्य विभाग

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम


सेक्टर-10 स्थित नागरिक अस्पताल।




**गुरुग्राम** में तीन साल पहले 16 मार्च 2020 को कोरोना की दस्तक के ठीक तीन साल बाद एच3एन2 इन्फ्लुएंजा-ए संक्रमण ने भी दस्तक दे दी है। यहां मात्र 4 साल के बच्चे में यह संक्रमण पाया गया है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से इस केस की पुष्टि के साथ ही जिला के सभी छोटे-बड़े अस्पतालों को अलर्ट जारी कर दिया गया है।

जो बच्चा एच3एन2 इन्फ्लुएंजा-ए से संक्रमित मिला है, उसे पिछले एक सप्ताह से सर्दी, जुकाम और खांसी के साथ बुखार की शिकायत थी। 15 मार्च को उसके सेंपल लेकर जांच के लिए भेजे गए और रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। खास बात यह है कि बच्चा कहीं बाहर भी नहीं गया था। उसकी कोई ट्रैवल हिस्ट्री नहीं है। इसके बावजूद वह इस नए संक्रमण का शिकार हो गया। बच्चे के परिवार में 7 सदस्य हैं, सभी को स्वास्थ्य विभाग ने अपनी निगरानी में रखा है। साथ ही बच्चे को होम आइसोलेट कर दिया गया है। जरूरी ऐहतियात बरतने के लिए परिवार को विभाग की ओर से जागरुक किया गया है।

**अब तक 136 संदिग्ध केस मिले:** गुरुग्राम जिला में एच3एन2 इन्फ्लुएंजा-ए को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट पर है। निजी अस्पतालों में कई दिन से इसके पॉजिटिव केस आने की बातें की जा रही हैं। स्वास्थ्य विभाग की सूची में अब तक 136 संदिग्ध केस मिले हैं। उनके सेंपल लेकर जांच को भेजे गए हैं। एक बच्चे में पुष्टि होने के बाद से संदिग्ध केसों पर और पैनी नजर रखी जा रही है।

**सेक्टर-10 अस्पताल में बनाया गया है डेडिकेटेड वार्ड :** सिविल सर्जन डा. विरेंद्र यादव के मुताबिक सेक्टर-10 नागरिक अस्पताल में एच3एन2 इन्फ्लुएंजा-ए को लेकर तैयारियां की गई हैं। यहां इस संक्रमण के प्रभावितों को भर्ती करने के लिए डेडिकेटेड वार्ड बनाया गया है। जरूरी दवाइयां व अन्य सुविधाएं वहां उपलब्ध कराई हैं। सभी जांच सुविधाएं और किट उपलब्ध हैं।

सिविल सर्जन का कहना है कि एक बच्चे में एच3एन2 इन्फ्लुएंजा-ए की पुष्टि जरूर हुई है, लेकिन किसी को घबराने की बात नहीं है। बचाव के लिए आम आदमी भी मास्क जरूर पहनें। अधिक भीड़भाड़ से बचें। नियमित व्यायाम करते हुए पानी भरपूर मात्रा में पीएं। रात को सोने से पहले भाप लें। किसी में लक्षण नजर आते हैं तो 5-7 दिन के लिए परिवार व अन्य सदस्यों से दूरी बनाकर रखें।

# शोध ही मानवता को आगे बढ़ाता है : संदीप मलिक

## सेंटर फॉर प्रोफेशनल एंड एलाइड स्टडीज में शोध पद्धति पर सेमीनार शुरू

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम


गुरुग्राम में सेंटर फॉर प्रोफेशनल एंड एलाइड स्टडीज में शोध पद्धति पर सेमीनार का शुभारंभ करते अतिथि।

**शोध** ही मानवता को आगे बढ़ाता है। जिज्ञासा शोध को लिए प्रेरित करती है। इसी जिज्ञासा तथा दशकों के शोध ने हमें एक सभ्य समाज के तौर पर विकसित किया है। यह बात फैकल्टी डेवलपमेंट सेंटर एमडीयू रोहतक के निदेशक संदीप मलिक ने कही। वे शनिवार को यहां महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर प्रोफेशनल एंड एलाइड स्टडीज (सीपीएएस) में शोध पद्धति एवं अभ्यास पर 14 दिवसीय कार्यशाला में पहुंचे थे।

सेंटर के निदेशक डॉ. कैलाश कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया एवं संस्थान कि विकास यात्रा से अवगत करवाया। डॉ. संदीप अग्रवाल ने कार्यशाला की विषय वस्तु पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 31 मार्च तक चलने वाली इस कार्यशाला का उद्देश्य क्षमता निर्माण के साथ विभिन्न सामाजिक विज्ञान विषयों के शोधकर्ताओं को अंत: विषय दृष्टिकोण प्रदान करना है।

शहीद भगत सिंह कॉलेज दिल्ली यूनिवर्सिटी की प्रो. पूजा गोयल ने शोधार्थियों को बताया कि हम श्री आर, रिसर्च, रिसोर्सेज एंड रेप्टेशन के द्वारा हम रिकग्निशन, रेप्युटेशन एंड रिकमेन्डेशन हासिल कर सकते है। प्रो. गोयल ने कहा कि अनुसंधान वह पहली छाप है, जो एक हितधारक किसी शैक्षणिक संस्थान के बुनियादी ढांचे को देखने और संकाय से मिलने से पहले ही उसके लिए बनाता है। इसलिए एक शिक्षाविद् के रूप में हमें अपने शोध परिणामों में सुधार करना चाहिए, ताकि हम अपनी संस्था के बारे में एक वैश्विक छाप बना सकें।

फैकल्टी डेवलपमेंट सेंटर एमडीयू के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. माधुरी हुड्डा ने कहा कि शोधार्थी के रूप में हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि शोध का समाज पर एक महत्वपूर्ण वैज्ञानिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक, पर्यावरण, पारिस्थितिकी, राजनीतिक, आध्यात्मिक, तकनीकी, कानूनी, व्यवहारिक, जनसांख्यिकीय, जातीय या मानववातावादी प्रभाव हो। कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ. सुनील देवी ने किया तथा अंत में डॉ. सुरेंद्र नारा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर सेंटर के प्राध्यापक, शोधार्थी एवं विभिन्न स्थानों से आये प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# बारिश संग हुई ओलावृष्टि ने किसानों की चिंता बढ़ाई

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**शनिवार** की दोपहर बाद सोहना और आस-पास क्षेत्र में तेज हवा और बारिश के साथ आए ओलो ने मौसम को ठंडा कर दिया। बारिश की शुरुआत में ओले 10 मिनट तक जमकर बरसे।

बेमौसम बारिश ने शहर के बाजारों से लेकर मुख्य रास्तों में जमा पानी ने परिषद की पोल खोल दी। शनिवार को दोपहर बाद साढ़े तीन बजे हुई बेमौसम बारिश ने किसानों के रातों की नींद और दिन का चैन छीन लिया। तेज हवा और बारिश के साथ जमकर ओले बरसे। ओले बारिश की शुरुआत में हुए और उसके बाद बारिश का शहर के आम रास्तों से लेकर सड़क और बाजारों में जमा होने से नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

बरसाती नाले और नालियां पानी से लबालब हो गई। शहर के शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक, अस्पताल मार्ग, बस स्टैंड मार्ग, मंगलनगर, महाराजा अग्रसेन चौक, अनाज व सब्जी मंडी, बालूदा मार्ग आदि में बारिश का पानी जमा हो गया।

### ओले पड़ने किसान हुआ परेशान

**गेहूं** और सरसों की फसल पूरे पकाव पर है। सरसों की फसल में कटाई शुरू हो गई है। जबकि गेहूं की फसल में अभी कटाई शुरू नहीं हुई है। शनिवार को ओले पड़ने से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खिंच गई है। गेहूं और सरसों की फसल का


शनिवार को हुई बारिश से शहर की पुरानी सब्जी मंडी मार्ग में जमा बारिश का पानी।

ओलो का कितना असर हुआ है। इसका अंदाजा रविवार की सुबह तक हो सकेगा।

> **जब-जब** भी मौसम में अचानक से परिवर्तन होता है। तब-तब बुखार, जुखाम, खांसी जैसी बीमारियां नागरिकों के स्वास्थ्य को प्रभावित करती है। ऐसे मौसम में नागरिकों को सावधानियां बरतने की जरुरत होती है।
>
> दशरथ राव
> (एसएमओ नागरिक अस्पताल सोहना)

### ठंडा हुआ मौसम

**शनिवार** को ओलो के साथ हुई बारिश से मौसम ठंडा हो गया। मौसम में अचानक से आए परिवर्तन का आम नागरिको के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव होने की संभावना है। जिससे बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ गया है।

# सीवर लाइन की सफाई पर हर वर्ष 50 लाख खर्च करेगा जनस्वास्थ्य विभाग

## उच्चाधिकारियों से मंजूरी मिलते ही सीवर लाइन की सफाई का कार्य शुरू होगा नये सिरे से

पायनियर समाचार सेवा। सोहना


सोहना में गंदे नालों व सीवर की सफाई करते कर्मचारी।

**जनस्वास्थ्य** विभाग नगर परिषद के शहरी सीमा क्षेत्र के 21 में से 16 वार्ड में बिछी सीवर लाइन की सफाई पर हर वर्ष 50 लाख रुपये खर्च करेगा। विभाग ने तीन वर्ष के लिए एक करोड़ 51 रुपये में ठेका छोड़ दिया है। उच्चाधिकारियों से मंजूरी मिलने के साथ ही सीवर लाइन की सफाई का कार्य नये सिरे से शुरू हो जाएगा।

नगर परिषद के वार्ड 1, 2, 3, 4 और 7 ग्रामीण क्षेत्र में आता है। इन सभी वार्डों में आने वाले गांवों में सीवर लाइन नहीं डाली गई है। जिसमें रायसीना, राम नगर की ढाणी, मौहम्मदपुर गूर्जर, गुंडवास, धुनेला, बेरका, सिरसका, लोहटकी, खाईका, बालूदा, लाखुवास और वार्ड-20 का गांव सांप की नंगली शामिल है। शहरी क्षेत्र में आने वाले वार्ड 5,6,8,9,10 से लेकर 21 तक आते हैं। जिसमें शहरी क्षेत्र की 35 के लगभग कॉलोनियां और जखोपुर व रायपुर दो गांव शामिल है। जखोपुर में सीवर लाइन पूर्णरुप से चालू नहीं हो सकी है। शहरी क्षेत्र की वे 19 कॉलोनियां भी शामिल है। जिनमें 2018 में सीवर लाइन तो बिछा दी गई। लेकिन 4 वर्ष से भी अधिक समय बीत जाने के बाद आज तक भी पूर्णरुप से चालू नहीं हो सकी है। जिसका खामियाजा स्थानीय नागरिक भुगतान पड़ रहा है।

**हर वर्ष 50 लाख खर्च होंगे :** जनस्वास्थ्य विभाग ने हाल ही में तीन साल तक सीवर लाइन की साफ-सफाई का ठेका छोड़ा है। जिनसे परिषद के 16 वार्ड की करीब 35 कॉलोनियों में 50 लाख रुपये खर्च होंगे। पुरानी व नई सीवर लाइन को आपस में जोड़ना शामिल होगा। सीवर का पानी परिषद के वार्ड-10 के गांव जखोपुर में बना एसपीटी प्लांट तक ले जाया जाएगा।

> **सीवर** लाइन का ठेका हाल ही में सामाप्त हो गया था। जिसे दोबारा से तीन साल के लिए फिर से छोड़ा गया है। उनका विभाग तीन वर्ष में सीवर लाइन की साफ-सफाई पर एक करोड़ 51 लाख रुपये खर्च करेगा।
>
> ओमप्रकाश
> (एसडीओ जनस्वास्थ्य विभाग)



# रबर टू रियल... त्वचा जैसा वास्तविक परम आनंद दिलाने के लिए ड्यूरेक्स ने लॉन्च किया अपना नॉन-लैटेक्स कंडोम

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




**दुनिया** के नंबर 1 सेक्सुअल वेलबीइंग ब्रांड ड्यूरेक्स ने अपनी तरह की पहली नॉन.लैटेक्स कंडोम रेंज ड्यूरेक्स रियल फील को लॉन्च किया है। रियल फील पॉलीआइसोप्रीन सामग्री से बना है,ए जो लैटेक्स रबर की तुलना में अधिक मुलायम है और ये पार्टनर को स्किन ऑन स्किन अनुभव प्रदान करता है। इस लॉन्च के साथए ब्रांड का उद्देश्य त्वचा जैसा प्राकृतिक अनुभव प्रदान करते हुए लोगों के बीच यौन गतिविधियों को सुरक्षित ढंग से बढ़ावा देना है।

ड्यूरेक्स उपभोक्ता सर्वेक्षण से पता चला है कि लोगों द्वारा कंडोम का उपयोग बंद करने की सबसे बड़ी वजह है, इसका कम आनंददायक होना। एक सामान्य कंडोम का रबर जैसा अनुभव उत्तेजना के आनंद को कम कर देता है। ड्यूरेक्स रियल फील उपभोक्ताओं को वास्तविक त्वचा जैसा अहसास प्रदान करता है, जो बेडरूम में वास्तविक और प्राकृतिक यौन अनुभव की सुविधा देता है। यह लॉन्च अद्वितीय है और यह भारत के सबसे उन्नत कंडोम सामग्री से बना है, जो उपभोक्ताओं को अपने पार्टनर के साथ भावनात्मक और शारीरिक को और अधिक मजबूत करने में मदद करता है। डिलन गांधी, रीजनल मार्केटिंग डायरेक्टर, साउथ एशिया, हेल्थ एंड न्यूट्रीशन, रेकिट, ने कहा, भारत में सबसे बड़े कंडोम ब्रांड्स में से एक के रूप में ड्यूरेक्स लगातार नवाचार कर रहा है और कपल्स के लिए नए अनूठे प्रोडक्ट्स पेश करता है। ड्यूरेक्स रियल फील कंडोम सुरक्षा के साथ समझौता किए बगैर वास्तविक त्वचा का अहसास प्रदान कर बहुत से लोगों की बगैर कंडोम सेक्स करने की इच्छा का पूरा करता है। पॉलीआइसोप्रीन रबर का उपयोग कर बनाई गई कंडोम की नई रेंज, जो नॉन.लैटेक्स है और प्राकृतिक रबर लैटेक्स की तुलना में अधिक नरम है। जो कपल्स को अधिक अंतरंग और प्राकृतिक सेक्स अनुभव प्रदान करता है। बॉबी पवार, चेयरमैन और चीफ क्रिएटिव ऑफिसर, हवस ग्रुप इंडिया ने कहा, सेक्सुअल वेलनेस मार्केट लगातार विकसित हो रहा है, और पिछले कुछ सालों में हमने कई नए इनोवेशन, विशेषकर कंडोम श्रेणी में देखे हैं। भारत जैसे बाजार के लिए, जहां उपभोक्ता कंडोम का उपयोग करने के बजाय असुरक्षित यौन संबंध बनाना पसंद करते हैं क्योंकि यह वास्तविक आनंद नहीं देता है और अहसास को कम कर देता है, हमने ऐसा टीवी कमर्शियल बनाया है, जो लोगों को यह महसूस करने में मदद करता है कि रियल फील उनके सेक्स अनुभव में अधिक आनंद और अहसास को बढ़ाने में मदद करता है। रियल फील केवल एक सामान्य कंडोम नहीं है, यह भारत की सबसे उन्नत सामग्री से बना है। जो स्किन ऑन स्किन अहसास को बढ़ावा देता है। नया ड्यूरेक्स रियल फील टीवीसी यह दिखाता है कि कैसे ये उत्पाद प्राकृतिक त्वचा जैसे अहसास के साथ उपभोक्ता के बेडरूम अनुभव को बढ़ाता है। प्रसिद्ध विज्ञापन फिल्म निर्माताए दिबाकर बनर्जी द्वारा निर्देशित, नया टीवीसी समुद्र तट पर छुट्टी का आनंद ले रहे एक जोड़े के आसपास घूमता है और ब्लैक एंड व्हाइट से कलर ग्रेडिएंट में स्विच करना दर्शाता है कि ड्यूरेक्स का वास्तविक अहसास कपल्स के सांसारिक यौन अनुभव को कैसे जीवंत बना देता है।



# छोटे उद्योगों में बिजली संबंधी नियम पर नवीन गोयल के पत्र पर राव इंद्रजीत ने की पैरवी


नवीन गोयल।

**गुरुग्राम।** पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने छोटे उद्योगों का निर्बाध संचालन के लिए अलग से ट्रांसफर लगाने के नियम में ढील देने की मांग की है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह और हरियाणा के ऊर्जा मंत्री रणजीत सिंह को उन्होंने इस बाबत पत्र लिखा। उस पत्र को केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने हरियाणा के ऊर्जा मंत्री रणजीत सिंह को भेजकर उचित कार्यवाही के लिए पैरवी की है।

नवीन गोयल ने कहा कि उद्योगों को आगे बढ़ाने के लिए समय-समय पर उद्योगपतियों को सुविधाओं में इजाफा करके हरियाणा सरकार सहयोग करती है। कोरोना महामारी में लॉकडाउन के दौरान प्रभावित हुए उद्योगों को आकर्षक योजनाएं चलाकर सरकार पटरी पर लायी है। नवीन गोयल ने पत्र में कहा है कि गुरुग्राम में छोटी इंडस्ट्रिज का इलेक्ट्रिक लोड 50 केवीए से ऊपर होने पर अपना अलग से ट्रांसफार्मर लगाना पड़ता है। उन्होंने मांग की है कि गुरुग्राम की छोटी इंडस्ट्रिज को 100 केवीए तक का इलेक्ट्रिक लोड बिजली विभाग के ट्रांसफार्मर से ही कनेक्शन दिया जाए। इस मांग को आगे बढ़ाते हुए केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने भी ऊर्जा मंत्री रणजीत सिंह को इस पत्र का हवाला देकर अपनी ओर से पत्र प्रेषित किया है। साथ ही कहा है कि इस समस्या का जल्द से जल्द निवारण करके छोटे उद्योगों को राहत प्रदान की जाए। नवीन गोयल ने उम्मीद जताई है कि जल्द ही छोटे उद्योगों को प्रदेश सरकार की ओर से यह तोहफा मिलेगा। फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री के प्रदेश महासचिव दीपक मैनी ने कहा कि उद्योगों के हित में यह कार्य बेहतर होगा।

# सरसों में नमी की वजह से नहीं मिल पा रहा किसानों को एमएसपी


## मार्केट कमेटी सचिव दीपक ग्रोवर ने कहा, इस बार 5450 रुपये प्रति क्विंटल है एमएसपी

**रिजवान कासिम। मेवात**

**नूंह** जिला हरियाणा में सरसों उत्पादन में राज्य में दूसरे नंबर पर आता है। नूंह जिले की पुनहाना अनाज मंडी में सबसे ज्यादा सरसों की खरीद की जाती है। सरसों की खरीद गत 14 मार्च से शुरू हो चुकी है, लेकिन मौसम के करवट बदलने की वजह से इस बार सरसों में नमी अधिक है, जिसके चलते किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य नहीं मिल पा रहा है। इससे किसान थोड़ा चिंतित जरूर दिखाई दे रहा है। बात अगर सुविधाओं की करें तो अनाज मंडी पुनहाना में बिजली, पानी, विश्राम, शौचालय से लेकर सभी इंतजाम कर लिए गए हैं।

मार्केट कमेटी सचिव दीपक ग्रोवर ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि बीते साल सरकार ने 5050 रुपये एमएसपी तय किया था, लेकिन इस बार 5450 रुपये प्रति क्विंटल एमएसपी निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि बीते साल तकरीबन 89000 क्विंटल सरसों की खरीद पुनहाना अनाज मंडी में की गई थी। जबकि अभी तक 27500 क्विंटल प्राइवेट आढ़ती के द्वारा खरीद की गई है, लेकिन सरकारी खरीद 225 क्विंटल ही अभी तक हो पाई है। सचिव दीपक ग्रोवर के मुताबिक बीते साल की तुलना में सरसों की फसल में नमी अधिक है, इसलिए किसानों को सुखाकर फसल लाने के लिए कहा गया है। जिसकी वजह से कम खरीद पिछले कुछ दिनों में की गई है। उन्होंने कहा कि किसान की फसल का एक-एक दाना खरीदा जाएगा।

मार्केट कमेटी सचिव के मुताबिक मौसम जैसे ही शुष्क होगा तापमान बढ़ेगा तो सरसों की फसल की नमी दूर होगी। जिसके बाद प्राइवेट आढ़ती महंगे दामों पर भी सरसों को खरीद सकते हैं। आपको यह बताना जरूरी है कि बीते साल सरसों की क्वालिटी अच्छी थी और प्राइवेट आढ़तियों द्वारा 7-8 हजार रुपये प्रति क्विंटल के भाव सरसों खरीदी गई थी, लेकिन इस बार ऐसा दिखाई नहीं दे रहा है।





सरसों किसान के लिए कैशक्रॉप मानी जाती है और इसीलिए नूंह जिले का किसान हजारों एकड़ भूमि में सरसों की फसल की बिजाई करता है। इस फसल में सिंचाई की कम जरूरत होती है और मेवात जिले में सिंचाई के साधन कम हैं, इसलिए राज्य में सरसों बिजाई में जिला दूसरे नंबर पर आता है। किसान अपनी फसल के अच्छे दाम मिलने की आस हर साल करता है, लेकिन कई बार कुदरत उसके साथ मजाक कर देती है तो कई बार सरकारों के द्वारा उनकी फसलों का उचित मूल्य नहीं दिया जाता है।

### कम रेट पर कैसे होगी किसान की आय दोगुनी

**सरकार** किसान की आय को दोगुना करने की बात जरूर कर रही है, लेकिन जब इस बारे में किसानों से जानना चाहा तो उन्होंने कहा कि बीते साल की तुलना में इस बार सरसों का रेट कम है, इसलिए किसानों की आय दोगुना होने की उम्मीद किसी सूरत में भी नहीं की जा सकती।

# ओलावृष्टि से हुए नुकसान की गिरदावरी करा कर मुआवजा दे सरकार

**पायनियर समाचार सेवा। नूंह**

**जिले** में हुई भारी ओलावृष्टि और बारिश के कारण किसानों की खड़ी फसल बर्बाद हो गई। जिससे क्षेत्र के किसानों को भारी नुकसान हुआ है। पंचायत समिति सदस्य एवं जेजेपी के प्रदेश बीसी सेल के सह सचिव एवं बीपीएचओ के जिलाध्यक्ष राजकुमार प्रजापति ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए कहा कि मेवात क्षेत्र में भारी ओलावृष्टि और बारिश के कारण किसानों की फसल खराब हो गई अन्नदाता के लिए फसल ही

## पंचायत समिति सदस्य राजकुमार प्रजापति ने कहा, किसानों की फसल खराब हुई

उसके जीवन निर्वाह का साधन है। ऐसी स्थिति में उनके सामने जीवन यापन एवं खेती करना बहुत मुश्किल हो जाएगा। ऐसे में सरकार से निवेदन है कि वह जल्द से जल्द ओलावृष्टि से हुए नुकसान की गिरदावरी करा कर किसानों को उचित मुआवजा दे ताकि किसानों को कोई परेशानी ना रहे। भारत एक कृषि प्रधान देश है और इसकी अधिकतर आर्थिक व्यवस्था कृषि पर ही निर्भर है ऐसे में ऐसी आपदाओं से किसानों का जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। रबी की फसल ही किसानों के लिए आय का प्रमुख साधन है। उन्होंने बताया कि वह जल्दी इसके बारे में सरकार के प्रतिनिधियों को अवगत कराएंगे और किसानों के लिए मुआवजे की मांग करेंगे। उनके साथ ग्राम पंचायत खेड़ा खलीलपुर के पंच कुलदीप चौधरी, संदीप, सुनील मेंबर, और मोहित नंबरदार रहे।

# गर्मी की दस्तक के साथ हुई झमाझम बारिश से शहर में जलभराव



**गुरुग्राम।** शनिवार को बरसात के लिए की गई मौसम विभाग की भविष्यवाणी सटीक हुई। गर्मी की दस्तक के साथ ही बरसात ने गर्मी से जरूर राहत दी, लेकिन शहर को पहले की तरह पानी-पानी कर दिया। शहर में गंदगी से अटे नालों से पानी की निकासी नहीं होने के कारण पानी गलियों, सड़कों पर ही बहता नजर आया। घंटों तक पानी भरा रहा। देर रात को पानी निकला।

मौसम विभाग ने दो दिन पहले ही चेता दिया था कि अगले करीब एक सप्ताह तक मौसम में बदलाव नजर आएगा। कई इलाकों में बारिश हो सकती है। बारिश की संभावना शनिवार को हकीकत में बदल गई। हालांकि शुक्रवार की सुबह भी हल्की बारिश हुई थी, जिससे कोई खास समस्या पैदा नहीं हुई। शनिवार की बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत देने के साथ आफत भी पैदा की। विभिन्न इलाकों में इस बारिश से जलभराव हो गया। बात करें शहर के पुराने सदर बाजार के आसपास के क्षेत्रों की तो यहां काफी पानी भरा रहा। सिविल लाइन में अपना बाजार के आसपास सड़क पर गहरा पानी भरा रहा। सोहना चौक, शिवमूर्ति, पटौदी चौक, सेक्टर-10, सेक्टर-15, चंदन नगर, आईटीआई, अर्जुन नगर, न्यू कालोनी, सेक्टर-4/7, सेक्टर-5, अशोक विहार फेज-2 व 3, शीतला माता रोड, शिवाजी नगर, ओम नगर, खांडसा रोड समेत अनेक क्षेत्रों में जलभराव होने के लोगों को

## कई इलाकों में भर गया बरसाती पानी

आवागमन में काफी दिक्कत हुई। लोगों के दुपहिया वाहन बरसात के गहरे पानी में बंद हो गए और उन्हें धक्के देकर निकालना पड़ा। कई जगह गाड़ियां भी बंद हो गई। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-48 की सर्विस लेन पर काफी पानी भर गया। नालों की सफाई नहीं होने के कारण वहां से गंदगी निकलकर सड़कों पर आ गई। जब सर्विस लेन से पानी उतरा तो सारी गदंगी मुख्य हाइवे व सर्विस लेन में ही पड़ी रही।

**करोड़ों खर्च के बाद भी बसई रोड पानी-पानी :** बसई गांव के बीचों-बीच जलभराव की समस्या इस बार भी बनी रही। करोड़ों रुपये खर्च करके यहां कई बार बड़ी जल निकासी की पाइप लाइनें दबाई गई हैं। इसके बावजूद भी यहां से पानी की निकासी का समाधान नहीं हुआ है। अब यहां पर करोड़ों रुपये खर्च करके इंजीनियरिंग विंग पर भी सवाल उठ रहे हैं कि किस तरह की योजना बनाकर यहां पाइन लाइन डाली गई है। हर बार बरसाती पानी में गांव की मुख्य सड़क डूबी रहती है। हर बार की तरह इस बार भी जीएमडीए,नगर निगम और जिला प्रशासन के जलनिकासी के दावे बरसाती पानी में ही डूबते नजर आए। ना तो अब तक नालों की सफाई हो पाई और ना ही बरसाती पानी निकासी के कुछ खास प्रबंध किए गए थे।

# फर्जी अस्पताल में छापामार बड़ी मात्रा में दवाइयां पकड़ी

**पायनियर समाचार सेवा। सोहना**

**मुख्यमंत्री** उड़नदस्ता टीम ने शहर के वार्ड-10 की कबीर कॉलोनी में बिना डॉक्टर व लाइसेंस के चल रहे दो मंजिला 10 बेड़ के अस्पताल में छापा मारा। छापे के दौरान सीएम उड़नदस्ता की टीम ने 30 से 35 प्रकार की दवाइयां बरामद की है। जिन्हें जांच के लिए लैब भेजा जाएगा।

अस्पताल मालिक टीम के समक्ष न तो अस्पताल चलाने का अनुमति प्रमाण पत्र और न ही डॉक्टर की डिग्री पेश कर सका। वहीं शहर थाना पुलिस ने टीम के शिकायत पर आरोपी अस्पताल संचालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।



**सोहना में शनिवार को वार्ड-10 की कबीर कॉलोनी में फर्जी तरीके से चल रहे अस्पताल में छापामारी करती सीएम उड़नदस्ता की टीम।**

शहर के वार्ड-10 की कबीर कॉलोनी में पिछले करीब तीन साल से फर्जी तरीके से चल रहा दो मंजिला दस बेड अस्पताल पर मुख्यमंत्री उड़नदस्ता टीम ने शनिवार को छापामारा। उड़नदस्ता टीम के छापे के दौरान अस्पताल मालिक अहमद खान मौजूद रोगी का उपचार कर रहा था।

> “**सीएम** उड़नदस्ता टीम से मिली शिकायत के आधार पर आरोपी अस्पताल संचालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। शिकायत के आधार पर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।
> **हरीश कुमार**
> **( जांच अधिकारी, शहर थाना सोहना )**

उस समय अस्पताल में कोई डॉक्टर मौजूद नहीं था। तलाशी के दौरान उड़नदस्ता टीम को पहली मंजिला पर दो बेड तथा नीचे वाली पर 8 बेड मिले। जहां पर रोगियों का उपचार किया जाता है। टीम ने 30 से 35 प्रकार की दवाइयां बरामद की। जिन्हे जांच के लिए टीम द्वारा लैब में जांच के लिए भेजा जाएगा। जिसके कारण प्रतिबंधित दवाइयों की पहचान बाद में ही मालूम होगा।


जिला चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से आए डॉक्टर हरीश ने बताया कि पूछताछ के दौरान अस्पताल मालिक न तो अस्पताल चलाने के दस्तावेज पेश्न कर सका। न ही उपचार करने वाले डॉक्टर की डिग्री पेश की गई। उन्होंने बताया कि अस्पताल मालिक फर्जीवाड़ा करके उपचार के नाम पर रोगियों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहा है। जिसके खिलाफ स्थानीय पुलिस को मामला दर्ज करने के लिए लिखित में शिकायत दे दी गई है।

# छोटे व्यापारियों को जीएसटी पंजीकरण के लिए मुफ्त सीए सर्टिफिकेट बड़ी राहत

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**भारतीय** जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश प्रवक्ता रमन मलिक ने सरकार के उस कदम की सराहना की है, जिसमें सरकार ने छोटे व्यापारियों को जीएसटी पंजीकरण के लिए सीए सर्टिफिकेट मुफ्त देने का निर्णय लिया है। छोटे व्यापारियों के कल्याण के लिए मुख्यमंत्री व्यापारी क्षतिपूर्ति योजना शुरू करके मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने व्यापारी हित में बड़ा कदम उठाया है।

रमन मलिक ने कहा कि इस योजना में वे व्यापारी शामिल होंगे, जिनका सालाना टर्नओवर 20 लाख रुपये है। उन्हें जीएसटी पंजीकरण के लिए अब सीए प्रमाणपत्र राज्य सरकार द्वारा एंपेनल्ड चार्टर्ड अकाउंटेंट से मुफ्त प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि छोटे व्यापारियों को अपना पंजीकरण कराने के लिए सीए



रमन मलिक।

प्रमाणपत्र की आवश्यकता होती है और इसे प्राप्त करने के लिए उन्हें कुछ राशि का भुगतान करना पड़ता है। अब इस घोषणा के बाद छोटे व्यापारी, जिनका टर्नओवर 20 लाख रुपये तक है, वे सरकार द्वारा एंपेनल्ड चार्टर्ड अकाउंटेंट से सीए प्रमाणपत्र ले सकेंगे।

इस कार्य के लिए खर्च का भुगतान राज्य सरकार द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार के

## मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 2 लाख सालाना टर्न ओवर वाले व्यापारियों को दिया लाभ

इस अहम निर्णय से विपक्ष का मुंह बंद हो गया है। व्यापारियों के हितों को लेकर सरकार पर हावी होने का असफल प्रयास करने वाले विपक्षी नेताओं के पास व्यापारियों को लेकर अब कोई मुद्दा नहीं बचा। रमन मलिक ने कहा कि परत-दर-परत सरकार ने हर वर्ग को लाभ देकर उसका संरक्षण किया है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल अपनी सूझबूझ और सरकार चलाने के अनुभव के आधार पर लगातार नई योजनाओं पर काम भी कर रहे हैं और उन्हें लागू भी कर रहे हैं।

# मोतियाबिंद का फ्री में हो रहा ऑपरेशन

**नूंह।** मेवात जिले के पुनहाना होडल रोड पर पुनहाना में खुली ब्राइट आई केयर अस्पताल से मेवात क्षेत्र के लोगों को लाभ मिल रहा है। आपको बता दें कि ब्राइट आई केयर अस्पताल द्वारा जिले में काफी लोगों का मोतियाबिंद ऑपरेशन नि: शुल्क जा चुका है। ब्राइट आई केयर अस्पताल के संचालक डॉ मुस्तकीम ये जानकारी पत्रकारों से बातचीत के दौरान दी। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास मोतियाबिंद को जड़ से खत्म करना है। इसलिए हम जगह-जगह प्रचार प्रसार कर रहे हैं और लोगों को मोतियाबिंद के बारे में जागरूक भी कर रहे हैं।

साथ ही साथ लोगों के मोतियाबिंद का हम बिल्कुल मुफ्त में इलाज कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेवात क्षेत्र एक सा क्षेत्र है जहां लोगों में मोतियाबिंद जैसी बीमारी का काफी लोग नुकसान झेल रहे है क्योंकि उनको इसके बारे में इतना ज्ञान नहीं है कि कैसे इलाज कराएं।

# बीजेपी की वादा खिलाफी को जन-जन तक पहुंचाएगा हाथ से हाथ जोड़ो अभियान

**पायनियर समाचार सेवा। तावडू**

**सोहना-तावडू** विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेसियों ने हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की शुरुआत कर दी है। शनिवार को अभियान के दौरान तावडू उपमंडल के गांव नूरपुर में पहुंचे वरिष्ठ कांग्रेसी एवं पूर्व मंत्री कैप्टन अजय यादव ने कहा कि कांग्रेस के हाथ से हाथ जोड़ो अभियान का उद्देश्य बीजेपी की वादाखिलाफी को जन-जन तक पहुंचाना है। जिस तरह भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से देश में भाईचारे का संदेश दिया गया था। इसी तरह अब जोनल स्तर पर भी देशवासियों को एकजुट रहने का संदेश दिया जा रहा है। इसलिए यह यात्रा शुरू की गई है।

सोहना-तावडू विधानसभा क्षेत्र में अभियान की शुरूआत करने वाले पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी एवं वरिष्ठ कांग्रेसी डॉ शमसुद्दीन ने भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने पूरे देश में आपसी भाईचारे



**हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के दौरान गांव नूरपुर में मौजूद कांग्रेसी नेता।**

को तोड़ने का काम किया। लोगों को आपसी मतभेदों में उलझा कर यह सरकार अपने नजदीकी उद्योगपतियों की जेबों को भर रही है। जबकि मजदूर व किसान वर्ग का सबसे ज्यादा उत्पीड़न इस सरकार में हुआ है। डॉ शमसुद्दीन ने कहा कि तावडू अनाज मंडी में सरसों की खरीद भी ठीक से नहीं की जा रही है। सरकारी खरीद को लेकर विभिन्न शर्तें थोप दी गई है। जिसके परिणाम स्वरूप किसान कम दामों में फसल बेचने लेकर मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सभी वर्गों की लड़ाई मजबूती से लड़ रही है।

वहीं अभियान में शामिल होने के लिए शनिवार को कांग्रेसी नेताओं की एक टीम तावडू क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पहुंची। जिसमें मौजूद पूर्व विधायक एवं कांग्रेसी नेता शहीदा खान, प्रदीप खटाना, अरविंद खटाना सहित आदि ने ग्रामीणों से रूबरू होते हुए कहा कि हाथ से हाथ जोड़ अभियान की शुरुआत की जोनल स्तर पर की गई है,जिसमें कार्यकर्ता घर-घर तक पहुंचेंगे।



## शिकरावा गांव में चलाया हाथ से हाथ जोड़ो अभियान

**मेवात।** नूंह जिले की पुनहाना विधानसभा के बड़े व सबसे शिक्षित गांव में शामिल शिकरावा गांव से हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की शुरुआत की गई। अभियान की शुरुआत पुनहाना विधानसभा के हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के प्रभारी अरशद हुसैन टाई पूर्व वाइस चेयरमैन पंचायत समिति नूंह के द्वारा की गई। इस मौके पर इस कार्यक्रम को मजबूती देने के लिए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मकसूद अहमद शिकरावा, युवा जिला अध्यक्ष मुबीन तेड़िया, ओबीसी के राष्ट्रीय नेता मुबारिक मलिक चेयरमैन के अलावा कई कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कांग्रेस नेताओं-कार्यकर्ताओं ने शिकरावा गांव में घर-घर जाकर लोगों को हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के दौरान भारतीय जनता पार्टी सरकार की

### अभियान की शुरूआत प्रभारी अरशद हुसैन टाई पूर्व वाइस चेयरमैन पंचायत समिति नूंह ने की

विफलताओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी तथा घर-घर जाकर पंपलेट भी वितरित किए गए। कांग्रेस के नेता अरशद हुसैन टाई ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा की सफलता के बाद कांग्रेस पार्टी हाथ से हाथ जोड़ो अभियान चला रही है। वरिष्ठ नेता मकसूद अहमद शिकरावा ने कहा कि जनता का कांग्रेस को भरपूर सहयोग व समर्थन मिल रहा है। मुबीन अहमद तेड़िया ने कहा कि आज युवा पूरी तरह से बेरोजगार हो चुका है। कांग्रेस की सरकार आएगी तो युवाओं को रोजगार दिलाने का पूरा प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी की सरकार को उखाड़ कर ही दम लेगी।

# संक्षिप्त समाचार

## अखिल भारतीय शहीदाने सभा के नए प्रधान चुने राजूद्दीन मेवाती



**फिरोजपुर झिरका।** मेवात समाज समरसता अभियान के अंतर्गत बड़कली चौक पर पहले चरण की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में अमर शहीद राजा हसन खान मेवाती, अमर शहीद दादा बहाड़ मेवाती, महान स्वतंत्रता सेनानी मौजी खान समेत व अन्य शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। अधूरी पड़ी शहीदी मीनारों का कार्य पूरा कराने पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। अखिल भारतीय शहीदाने मेवात सभा का नया जिलाध्यक्ष राजूद्दीन को सर्व सहमति से चुना गया। उनके नाम की घोषणा राष्ट्रीय अध्यक्ष सरफुद्दीन खान मेवाती ने करते हुए नियुक्ति पत्र सौंपा। अखिल भारतीय शहीदाने मेवात सभा के नवनियुक्त प्रधान राजूद्दीन ने बताया कि जो जिम्मेदारी उन्हें मिली है वो सच्ची निष्ठा से उसे निभाएंगे। मेवात के मुद्दों को उठाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। हिंदू मुस्लिम भाईचारे को मजबूत करेंगे। जिसमें दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे पर नगीना होडल मार्ग स्थित गांव मरोड़ा में कट दिया जाए, नगीना उप तहसील को उपमंडल का दर्जा मिले, नगीना से तिजारा तक सड़क बनाई जाए, जिला नागरिक अलआफिया अस्पताल में 200 बिस्तर की सुविधाएं और ट्रामा सेंटर स्थापित किया जाए। नूंह से अलवर बॉर्डर तक फोरलाइन राजमार्ग बनाया जाए। मौके पर अखिल भारतीय शहीदाने मेवात सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष काले खान, मोहम्मद जकरिया मलाई, पूर्व सरपंच शब्बीर नाई नंगला, मास्टर छोटे खान, अब्दुल रहीम पूर्व सरपंच जलालपुर, मोइन खान, काले खान मेवाती, मिथुन कुमार आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## देवताओं के राजा इंद्र को था देवराज होने का अभिमान



**फिरोजपुर झिरका।** गढ़ अंदर ब्राह्मण चौपाल में पिछले चार दिनों से आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के पांचवे दिन कथा में उपस्थित भगवान श्रीकृष्ण के भक्ति में ओतप्रोत धर्म प्रेमियों ने श्रीगोवर्धन पूजा का वृतांत का वर्णन सुना। वहीं कथावाचक यति कृष्ण वृंदावन वाले ने श्रीगिरिराज महाराज पर प्रकाश डालते हुए बताया कि देवताओं के राजा इंद्र को देवराज होने का काफी अभिमान था। इसी के फलस्वरुप भगवान श्रीकृष्ण ने ब्रज वासियों को देवताओं के राजा इंद्र की पूजा ना करने के बजाय श्रीगिरिराज पर्वत की पूजा करने की सलाह दी। इसी क्रम में समस्त ब्रज वासियों ने गिरिराज महाराज की विधिवत रूप में पूजा की जिसमें भगवान श्रीकृष्ण ने चतुर्भुज रूप में दर्शन दिए और ब्रज वासियों को सुख समृद्धि एवं धनधान्य का आशीर्वाद दिया। इस संदर्भ में देवराज इंद्र को काफी क्रोध आता है और वो ब्रजभूमि में भयंकर वर्षा एवं तूफान खड़ा कर देते हैं। वहीं भगवान श्रीकृष्ण ने देवराज इंद्र के अभिमान को तोड़ने के लिए श्री गिरिराज पर्वत को अपने उंगलियों पर धारण कर लिया और समस्त ब्रज वासियों एवं गोधनों को शरण दी, लेकिन भयंकर वर्षा एवं आंधी तूफान ब्रज वासियों का कुछ नहीं बिगाड़ सकी। इस प्रकार देवराज इंद्र का अभिमान चूर चूर हुआ और भगवान श्रीकृष्ण से क्षमा याचना की। भगवान श्रीकृष्ण के भक्ति में ओतप्रोत कथा में उपस्थित धर्म प्रेमियों ने श्री गिरिराज महाराज की पूजा अर्चना की और मनोवांछित फल की कामना कर श्रीमद् भागवत कथा का आनंद उठाया। इसके उपरांत श्रीभागवत भगवान की आरती की गई और कथा में उपस्थित समस्त धर्म प्रेमियों में प्रसाद वितरण किया गया।

## मकान में घुसकर दंपति से मारपीट, नामजद के विरुद्ध केस दर्ज

**तावडू।** उपमंडल के गांव खोरी कला में जबरन मकान में घुसकर एक युवक पर दंपती के साथ मारपीट करने का आरोप लगा है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। खोरी कलां निवासी समसुद्दीन ने बताया कि 14 मार्च के दिन दो बजे के करीब जब वह घर पर था तो खोरी कलां निवासी वसीम शराब के नशे में घर पर आया। जिसने आते ही ट्रैक्टर में लगी बैटरी को अपनी बताकर मांगने लगा। विरोध किया तो मारपीट शुरू कर दी। बचाव में पत्नी आई तो उसके साथ भी मारपीट की। किसी तरह उन्होंने अपने आप को हमलावर से बचाया तो वसीम दोनों को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर आरोपी वसीम के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मार्च से पहले उठाएं बिजली बिल सरचार्ज माफी योजना का लाभ

**मेवात।** बिजली बिल सरचार्ज माफी योजना का लाभ उपभोक्ताओं को बिजली वितरण निगम द्वारा निरंतर दिया जा रहा है। जिला उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि बिजली निगम द्वारा बिजली बिल सरचार्ज माफी योजना 31 मार्च 2023 तक बढ़ा दी है। अनेक बिजली उपभोक्ता अभी भी अपने बकाया बिलों का भुगतान करना चाहते हैं, उन्हें यह अवसर दिया जा रहा है। बकायादार उपभोक्ता 31 मार्च से पहले इस योजना का लाभ अवश्य उठाएं। उन्होंने बताया कि इस योजना का लाभ सभी कनेक्टेड और डिस्कनेक्टेड, शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के निजी, कृषि और सरकारी, नगर पालिका, ग्राम पंचायत आदि के उपभोक्ताओं को मिलेगा। जिनका बिल 31 दिसंबर 2021 तक बकाया था तथा अब तक भी बिल बकाया है। उनके बकाया बिल राशि के एकमुश्त भुगतान पर 5 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट भी उपभोक्ताओं को दी जा रही है। जिन उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए थे, वे सभी उपभोक्ता इस योजना का लाभ उठा कर अपने कनेक्शन ले सकते हैं। बकायादार उपभोक्ता अपने बिजली बिल की मूल राशि का एक हिस्सा जमा करके अपना कटा हुआ बिजली कनेक्शन जुड़वा सकते हैं।

## युवा संवाद भारत 2047 कार्यक्रम के लिए आवेदन की अंतिम तारीख 29 मार्च तक बढ़ी

**मेवात।** खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार नेहरू युवा केंद्र द्वारा (एनवाईकेएस) एक मई से 30 जून 2023 तक देश भर के सभी जिलों में समुदाय आधारित संगठनों (सीबीओ) के माध्यम से युवा संवाद भारत एटदारेट 2047 प्रतियोगिता करवाई जाएंगी। इसके लिए आवेदन की अंतिम तिथि को 14 मार्च से बढ़ाकर 29 मार्च कर दिया गया है। डीसी अजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में भारत-2047 की एक दृष्टि के जरिए युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा यह प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इन कार्यक्रमों में विशेषज्ञ /प्रबुद्ध व्यक्ति विषय पर चर्चा करेंगे और उसके बाद विभिन्न युवा प्रतिभागियों की भागीदारी के साथ प्रश्नोत्तर सत्र होगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के आयोजन के लिए जिला से तीन समुदाय आधारित संगठन यानि एनजीओ का चयन किया जाएगा।

पायनियर क्लासीफाइड

नाम परिवर्तन

I, hitherto known as ANANYA SATYAPAL D/o BHAGAT SINGH SATYAPAL W/O GAURAW NEGI residing at H. No. B 74, DABUA COLONY, NIT FARIDABAD, HARYANA-121001 have changed my name and shall hereinafter be known as ANANYA NEGI

खोया - पाया

मै, Babita devi w/o Sahab Singh निवासी दुकान नं 251, नई अनाज मंडी, गोहाना ,सोनीपत बयान करता/करती हूँ । मेरी दुकान नं 251, नई अनाज मंडी गोहाना की का अलॉटमेंट लैटर memo No-705 दिनांक 04.07.2015. जो की दिनांक-15-02-2023 को कहीं पर गुम हो गया है अगर किसी को मिले तो कृपया इस पते पर संपर्क करें।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : विजय प्रकाश सिंह, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# सिलिकान वैली बैंक

## डूबने के कारण

**ऐसा** लगता है कि सिलिकान वैली बैंक-एसवीबी को बैंकिंग के बजाय नस्ली, जेंडर व यौन अल्पसंख्यकों की चिन्ता अधिक थी और यही इसके डूबने का एक कारण है। 'वोक' या किसी अन्य फैशन को उसी समय तक सहन किया जाना चाहिए जब सेलेब्रिटीज़ या प्रचार के भूखे लोग इसे अत्यधिक महत्वपूर्ण बताएं, लेकिन जब 'वोकेनिज्म' या तथ्यों को अनदेखा करने वाला कोई अन्य फैशनेबल सिद्धान्त बैंकिंग जैसे गंभीर क्षेत्र में प्रवेश कर जाए तो उसके नतीजे विनाशकारी हो सकते हैं। हाल ही में सिलिकान वैली बैंक-एसवीबी का डूबना यह सच्चाई बयान करता है। यह बैंक बंद होने के कारण पैदा सुनामी लहरें भारतीय तटों तक पहुंची और इसके कारण शेयर निवेशकों के लाखों करोड़ रुपये डूब गए। 1983 में स्थापित एसवीबी अपने पतन के समय अमेरिका का सोलहवां सबसे बड़ा वाणिज्यिक बैंक था। यह कनाडा, चीन, डेनमार्क, जर्मनी, आयरलैंड, इस्राइल, स्वीडेन व ब्रिटेन में भी कार्यरत था। इसने हर दूसरी वीसी-समर्थित हाईटेक कंपनी की सेवा की थी। आईटी व लाइफ़ साइंसेज़ क्षेत्र में उछाल से एसवीबी को भी मदद मिली थी। फेडरल बैंक द्वारा प्रगति को बढ़ावा देने के लिए घोषित अत्यधिक नीची ब्याज दरों से भी इसे सहायता मिली। अमेरिकी सरकार ने ट्रिलियनों डालर के 'स्टीमुलस पैकेजों' की घोषणा की थी। लेकिन यूक्रेन युद्ध के साथ ही अमेरिका में मुद्रास्फीति बहुत अधिक हो गई जिसने फेडरल बैंक को कठोर कदम उठाने पर मजबूर किया। एक साल में ब्याज दरों में 450 प्वाइंट या 4.5 प्रतिशत वृद्धि की गई। इस कारण एसवीबी द्वारा कम ब्याज दरों पर खरीदी




सिक्यूरिटीज़ का मूल्य काफी गिर गया क्योंकि बांडों की कीमतों पर ब्याज दरों का विपरीत प्रभाव पड़ता है। इससे एसवीबी के बांड पोर्टफोलियो से मिलने वाली प्राप्तियों में पिछले सप्ताह औसतन 1.79 प्रतिशत कमी आई जो पिछले 10 साल में खजाने को मिले लगभग 3.9 प्रतिशत से बहुत कम थी।

यह तथ्य भी उल्लेखनीय है कि एसवीबी के सामने डूबे कर्ज या आर्थिक शब्दावली में कही जाने वाली गैर निष्पादित परिसंपत्तियों-एनपीए की कोई समस्या नहीं थी। उसने बड़ी टेक फर्मों पर दांव नहीं लगाया था जिनके डूबने या पिछड़ने पर उसे फर्क पड़ता। उसके साथ दुहरी बैलेंसशीट जैसी समस्या भी नहीं थी जिसके चलते बड़ी कंपनियां अपने साथ अपने बैंकरों को भी ले डूबती हैं। कर्ज समेत एसवीबी की परिसंपत्तियों में 2019 के अंत से मार्च, 2022 के बीच तीन गुने से अधिक वृद्धि हुई थी और यह 71 बिलियन डालर से बढ़ कर 220 बिलियन डालर हो गई थीं। पिछले सप्ताह एसएंडपी ग्लोबल व मूडी ने एसवीबी की रेटिंग गिरा दी थीं जिससे इसके पतन में तेजी आई। इसका बैंक पर भारी विपरीत असर पड़ा। इससे न्यूयार्क के कर्जदाता सिग्नेचर बैंक को भी नुकसान उठाना पड़ा। एसवीबी व सिग्नेचर बैंक का पतन अमेरिका में 2008 की वित्तीय तबाही के बाद सबसे बड़ा बैंकिंग संकट है। यह सब कोविड-19 जैसी बुरी घटना के कारण नहीं हुआ जो अभूतपूर्व थी और जिसका पहले से अनुमान नहीं लगाया जा सकता था। इसके पतन का कारण अक्षमता व अति-उत्साह है। बैंकों व निगमों का संचालन करने वाले जानते हैं कि कैसे उतार-चढ़ाव जीवन का हिस्सा हैं और वे बुरे वक्त के लिए प्राविधान रखते हैं। वे यह भी जानते हैं कि जीवन में केवल 'परिवर्तन' ही स्थाई है, ब्याज दरों में उतार-चढ़ाव आते हैं तथा सरकार की नीतियां बदल सकती हैं। उनको सावधानी से काम करते हुए तथ्यों पर नजर बनाए रखनी चाहिए। लेकिन बैंकिंग मुद्दों पर बोर्ड बैठकों से स्पष्ट है कि एसवीबी को नस्ली, जेंडर व यौन अल्पसंख्यकों को प्रोत्साहित करने की ज्यादा चिन्ता थी। इसके नतीजे सबके सामने हैं।

# भ्रष्टाचार का पाप और भाजपा की वैतरणी

**पहला तो यह कि विपक्ष के प्रति आमजन के मन में घृणा उत्पन्न हो जाए और दूसरा यह सोचने पर मजबूर हो जाए कि छापेमारी करवाने वाला अपने प्रतिद्वंद्वियों को एक तरह से समूल नष्ट कर देना चाहता हो।**



**निशिकांत ठाकुर**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक विश्लेषक हैं)



पिछले कुछ दिनों से ऐसा लगने लगा है जैसे देश में भ्रष्टाचारियों की अचानक बाढ़ आ गई हो और छापे रूपी बांध से उन्हें बांधने के लिए सरकार ने अपने सारे तंत्र खोल दिए हों। क्या भ्रष्टाचारियों की इतनी तेज आंधी आ गई है कि देश भ्रष्टप्लावित हो गया और छापों की असंख्य बौछार से उसे एकसाथ रोकने का प्रयास किया जा रहा है? इस प्रकार के योजनाबद्ध छापों से दो प्रकार की सोच पनप रही है- पहला तो यह कि विपक्ष के प्रति आमजन के मन में घृणा उत्पन्न हो जाए और दूसरा यह सोचने पर मजबूर हो जाए कि छापेमारी करवाने वाला अपने प्रतिद्वंद्वियों को एक तरह से समूल नष्ट कर देना चाहता हो। आप आज जिस किसी माध्यम से देश-दुनिया के हालात को जानने का प्रयास करेंगे, तो भयभीत हो जाएंगे, क्योंकि अपनी दिनचर्या के अनुसार आप सुबह समाचार जानने के उद्देश्य से अखबार पढ़ना शुरू करेंगे, तो छापों के समाचार से ही इसकी शुरुआत होगी। पता नहीं, रात में आपके पड़ोसी के यहां किसी सरकारी जांच एजेंसियों का छापा पड़ गया हो और अभी आपको समाचार पत्रों से पता चल रहा हो कि आपका पड़ोसी तो उच्च कोटि का भ्रष्ट अधिकारी था या सत्तारूढ़ दल के विरुद्ध बात करता था अथवा विपक्षी दल का कार्यकर्ता अथवा नेता था?

पिछले दिनों कर्नाटक में भाजपा विधायक के ठिकानों से कुल आठ करोड़ रुपये कैश बरामद होने पर कांग्रेस लगातार भाजपा पर हमलावर है। सिद्धारमैया ने सीएम बोम्मई को करप्शन का सबूत बताते हुए कहा कि उन्हें सीएम पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। दिल्ली में आम आदमी पार्टी सरकार में मंत्री सत्येंद जैन महीनों से जेल में बंद हैं, वहीं अब उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को भी छापेमारी के बाद गिरफ्तार कर लिया गया है। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव और उनकी पत्नी पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी तथा उनके कई रिश्तेदारों के यहां छापेमारी के बाद पूछताछ जारी है। पंजाब कांग्रेस से जुड़े पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी कर दिया गया है। उन पर भी मुख्यमंत्री रहने के दौरान भ्रष्टाचार करने के आरोप हैं। बिहार में राष्ट्रीय जनता दल से विधायक और लालू-राबड़ी देवी के करीबी अबु दोजान के फुलवारी शरीफ के हारून नगर आवास और कई ठिकानों पर छापेमारी की गई है। ईडी छत्तीसगढ़ से कांग्रेस के नेता विनोद तिवारी को दफ्तर बुलाकर दस घंटे तक पूछताछ की गई। यह तो महज चंद उदाहरण हैं, यदि संपूर्णता में इसे देखें तो इनकी संख्या सैकड़ों नहीं, हजारों में है जिन पर ईडी, सीबीआई के छापे पिछले कुछ वर्षों में डाले जा चुके हैं। इन छापों के कारण भ्रष्टाचार से कमाई करने वालों के रातों की नींद हराम हो गई है। स्वाभाविक है कि जिनकी लगाम कसी जाएगी, वह अपने पक्ष में कुछ—न—कुछ कहानियां सुनाएंगे ही।

केंद्र सरकार में सत्तारूढ़ भाजपा का कहना है कि भ्रष्टाचार की शुरुआत कांग्रेस शासन की देन है और अब यदि उसका खामियाजा उसे भुगतना पड़ रहा है, तो इसकी आलोचना उनके द्वारा क्यों की जाती है। इसे इस प्रकार भी समझा जा सकता है कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव से पूछताछ के बाद जमीन के बदले नौकरी घोटाले में तथाकथित 600 करोड़ की मनी लॉन्ड्रिंग के जो सबूत मिले हैं, क्या उसका दोष भी तत्कालीन सरकार पर मढ़ा जाएगा? होना तो यही चाहिए कि जो अपराध करे, उसको उसके कृत्य की सजा तो मिलनी ही चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। विपक्ष इसी को मुद्दा बनाकर जनता के सामने पेश कर रहा है कि भाजपा सरकार अपने विरोधियों के प्रति किस प्रकार एक पक्षीय है। दिल्ली आबकारी नीति घोटाले में तेलंगाना के मुख्यमंत्री की बेटी के. कविता से यदि ईडी नौ घंटे पूछताछ करती है और दोषी पाए जाने पर गिरफ्तार करती है, तो उसमें किसी को क्या परेशानी हो सकती है? स्पष्ट है कि जो अपराध करेगा, उसे उसकी सजा मिलेगी, लेकिन विपक्ष यही प्रश्न पूछकर सरकार को कठघरे में खड़ा करता है, तो इसमें असहज होना क्या उचित है? विपक्ष कई नामों में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा शरमा, कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री येदुरप्पा के अलावा कई और नेताओं का नाम लेकर भाजपा पर प्रहार करते हैं कि कांग्रेस में जब तक ऐसे व्यक्ति थे, तब तक भाजपा ने इनपर भ्रष्टाचार के कई आरोप लगाए गए थे, लेकिन जैसे ही उन्होंने दल बदला, उनकी छवि सुधर गई और ये पाक-साफ होकर भाजपा के सर्वप्रिय व सम्मानित नेता बन गए। क्या भाजपा गंगा नदी जैसी स्वच्छ और पवित्र पार्टी है कि कोई व्यक्ति उसमें डुबकी लगाते ही दोषमुक्त हो जाता है? लालू यादव ट्यूट करते हैं, हमने आपातकाल का काला दौर भी देखा है। हमने वह लड़ाई भी लड़ी थी। आधारहीन प्रतिशोधात्मक मामलों में आज मेरी बेटियों, नन्हें-मुन्ने नातियों और गर्भवती पुत्रवधू को भाजपाई ईडी ने 15 घंटों से बैठा रखा है। क्या इतने निम्नस्तर पर उतरकर भाजपा हमसे राजनीतिक लड़ाई लड़ेगी?%

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने ट्वीट किया, %मोदी सरकार, विपक्षी नेताओं पर ईडी-सीबीआई का दुरुपयोग कर लोकतंत्र की हत्या का कुत्सित प्रयास कर रही है।% खरगे ने कहा कि जब देश से भगोड़े करोड़ों लेकर भागे, तब मोदी सरकार की एजेंसियां कहां थीं? जब परम मित्र की संपत्ति आसमान छूती है, तो जांच क्यों नहीं होती? इस तानाशाही का जनता मुंहतोड़ जवाब देगी। अब पानी सिर के ऊपर से चला गया है। कांग्रेस हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आने का बाद से भाजपा सरकार और विशेषरूप से प्रधानमंत्री पर आक्रामक है। इस मामले में राहुल गांधी के साथ विपक्षी दल के सभी नेताओं का गुस्सा भाजपा को झेलना पड़ रहा है। राहुल गांधी ने संसद और संसद से बाहर सरकार पर आरोप लगाया है कि घोटाला मामले में जितने भी भगोड़े है, सबको सरकार का प्रश्रय हासिल है, इसलिए उनके विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं होती है। इसी मुद्दे को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सत्ता में आने के बाद से उद्योगपति गौतम अडाणी की मदद करने और वास्तविक मुद्दों की बात न करके लोकतंत्र को खत्म करने का आरोप लगाया। झारखंड के साहेबगंज जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए खरगे ने कहा, %2019 में अडाणी की संपत्ति एक लाख करोड़ रुपये थी। ढाई साल के भीतर उनकी संपत्ति बढ़कर 13 लाख करोड़ रुपये हो गई। यह वही (गौतम) अडाणी थे, जिनकी फ्लाइट से मोदी शपथ लेने आए थे। वह कौन सी जादुई छड़ी है, जिसने उनकी संपत्ति कई गुना बढ़ा दी? ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि मोदी ने जनता के पैसे से अपने दोस्त को फंडिंग की।%

सच्चाई तो यह है कि भाजपा देश के अधिकांश भागों में सत्ता में काबिज है। केंद्र में उसकी पूर्ण बहुमत की सरकार है, लेकिन छापेमारी की इस तरह ताबड़तोड़ कार्रवाई से ऐसा लगता है कि वह कुछ दूर की सोचकर भयभीत हो गई है। उसके कई कारण हो सकते हैं- जैसे राहुल गांधी की %भारत जोड़ो यात्रा% से कांग्रेस और विशेष रूप से राहुल गांधी का जो कद बढ़ा है, उसकी अपार सफलता से भाजपा बुरी तरह प्रभावित है। दूसरी बात यह भी है कि भाजपा द्वारा बार—बार जो वादे किए जाते हैं, उन्हें पूरा न करके आमजन की सोच को बदलना और सरकार द्वारा चुनाव के बाद यह कह देना कि वे सारे तो चुनावी जुमले थे, इसलिए उन्हें मूर्तरूप नहीं दिया जा सकता। एक और बात जो काफी महत्वपूर्ण है, वह यह कि लगभग दस वर्ष होने के कारण आमजन के मन में सरकार के प्रति स्वाभाविक दुराग्रह बन जाता है, उसका भी डर है। वैसे तो यदि सच में सरकार आमजन के लिए कुछ करती है, तो लोग उसे भूलते नहीं हैं। उदाहरण के लिए गुजरात सहित कई राज्यों को लिया जा सकता है जहां भाजपा ने इस सिद्धांत को अपने द्वारा किए गए कार्यों से झुठला दिया। यदि सच में देश के लिए भी ऐसा ही कुछ इस पार्टी ने किया है, तो उसका हिसाब—किताब अगले वर्ष होनेवाले आम चुनाव में मतदाता कर ही देंगे। फिलहाल सामान्य जीवन जीने वालों के लिए आज की स्थिति तो डरावनी ही है। यदि कांग्रेस और सभी विपक्षी दल एक हो जाते हैं, तो फिर आज की सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा को नाकों चने चबाने पड़ सकते हैं। उसकी ताबड़तोड़ छापेमारी का मतलब आमजन की समझ में आ जाएगा। बस प्रतीक्षा का धैर्य बनाए रखिए।

# भारत-अमेरिका सामरिक वाणिज्यिक वार्ता

**"सामरिक वार्ता क्षेत्रीय सुरक्षा, आर्थिक सहयोग, रक्षा और व्यापार से संबंधित मुद्दों पर सहयोग बढ़ाने के लिए प्राथमिक माध्यम रही है।"**

**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक विदेशी मामलों पर टिप्पणीकार हैं)



भारत और अमेरिका ने तीन साल के अंतराल के बाद अपनी द्विपक्षीय वाणिज्यिक वार्ता फिर से शुरू की। अपनी पांचवीं मंत्रिस्तरीय बैठक में, अमेरिकी वाणिज्य सचिव जीना रायमोंडो और भारतीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने एक नई विश्व व्यवस्था में, सभी महत्वपूर्ण उद्योगों में आपूर्ति श्रृंखला के मुद्दों का सामना करते हुए आर्थिक सहयोग बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया।

भारत और अमेरिका ने 2009 में सामरिक वार्ता शुरू की, जो क्षेत्रीय सुरक्षा, आर्थिक सहयोग, रक्षा और व्यापार से संबंधित मुद्दों पर सहयोग बढ़ाने के लिए प्राथमिक माध्यम रही है। 2015 में, भारतीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने अमेरिका-भारत सामरिक वार्ता को रणनीतिक और वाणिज्यिक वार्ता में उन्नत किया, जिससे दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्रों के बीच अधिक से अधिक समन्वित आर्थिक सहयोग पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें सुरक्षा और हिंद प्रशांत क्षेत्र के लिए समृद्धि। यहां तक कि भारत और अमेरिका के बीच रक्षा साझेदारी हर साल नए शिखर पर पहुंच रही है, पिछले दो वर्षों में तेज हुई है, यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के कारण, ये दोनों राष्ट्र बहुपक्षीय और बहुपक्षीय सुरक्षा मंचों और आर्थिक मुद्दों पर लगे हुए हैं। वर्षों तक अप्रतिबद्ध रहने के बाद, अर्थव्यवस्था पर कोविड-प्रेरित प्रभाव और भारत के साथ भूमि सीमाओं को एकतरफा रूप से बदलने के लिए चीन की सैन्य आक्रामकता ने भारत को नए सिरे से ऊर्जा के साथ राष्ट्रों के समूह क्वाड में वापस आने के लिए प्रेरित किया, जिनके सदस्यों के एक में साझा हित हैं। खुला, मुक्त और नियम-आधारित इंडो पैसिफिक क्षेत्र। इस बीच, बाइडेन प्रशासन ने भी क्वाड समूह के पीछे अपना



वजन डाला, इसे विदेश मंत्री के स्तर से नेतृत्व स्तर की बैठकों तक बढ़ाया। ऑस्ट्रेलिया, चीन द्वारा व्यापार के मुद्दों और आर्थिक बदमाशी का सामना कर रहा है, और जापान, समान सुरक्षा खतरों का सामना कर रहा है, क्वाड को एक महत्वपूर्ण मंच बनाने के लिए सीलिंग बांड प्रदान करता है।

यह इस पृष्ठभूमि के खिलाफ है कि यूएस इंडिया वाणिज्यिक वार्ता पिछले सप्ताह नई दिल्ली में हुई थी, जो पहले दिल्ली में आयोजित क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक और आईपीईएफ के विशेष वार्ता दौर के करीब थी। दोनों भागीदारों ने वाणिज्यिक संवाद के हिस्से के रूप में पारस्परिक रूप से सहमत उद्देश्यों के लिए मध्य-वर्ष समीक्षा तंत्र की शुरुआत की। पहचान की गई प्राथमिकता वाली वस्तु, आपूर्ति श्रृंखला लचीलापन का निर्माण करना था। संवाद के बाद जारी संयुक्त बयान के अनुसार, ये प्रयास विकास के अवसरों की पहचान करेंगे और यह सुनिश्चित करने के लिए चुनौतियों का सामना करेंगे कि अमेरिका और भारतीय अर्धचालक उद्योग मजबूत संबंध, पूरक पारिस्थितिक तंत्र और अर्धचालक के लिए एक अधिक विविध आपूर्ति श्रृंखला विकसित करें।

एक अलग सेमीकंडक्टर उपसमिति बनाई गई, जिसमें भारतीय पक्ष से अमेरिकी वाणिज्य विभाग और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के वरिष्ठ प्रतिनिधि शामिल थे। इस उप-समिति को प्रस्तावित मध्य-वर्ष समीक्षा से पहले अपने पहले दौर के विचार-विमर्श करने का काम सौंपा गया है। महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों पर अभी-अभी पैदा हुए सहयोग ढांचे, आईसीईटी (क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज पर यूएस इंडिया इनिशिएटिव) के साथ वाणिज्यिक संवाद के परिणामों को संरेखित करते हुए, दोनों देश भारत की अमेरिकी रणनीतिक व्यापार वार्ता स्थापित करने पर सहमत हुए। अमेरिकी वाणिज्य विभाग और भारत के विदेश मंत्रालय के बीच इस संवाद का उद्देश्य निर्यात नियंत्रण को संबोधित करना, उच्च प्रौद्योगिकी वाणिज्य को बढ़ाने के तरीकों का पता लगाना और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण को सुविधाजनक बनाना है।

वाणिज्यिक संवाद के दौरान पहचाने गए अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में जलवायु परिवर्तन और स्वच्छ प्रौद्योगिकी सहयोग शामिल है, एक ऐसा क्षेत्र जिसने भारतीय प्रधान मंत्री और अमेरिकी राष्ट्रपति दोनों का ध्यान आकर्षित किया है। छोटे और मध्यम आकार के उद्यमों के लिए समावेशी डिजिटल विकास और महामारी के बाद की आर्थिक सुधार भारत और अमेरिका के वाणिज्य मंत्रियों द्वारा प्राथमिकता दी जाने वाली अन्य वस्तुएं थीं। ये लोकतंत्र सुरक्षा, प्रौद्योगिकी और व्यापार पर विश्वसनीय भागीदारों के साथ जुड़ाव और सहयोग की बढ़ती आवश्यकता को महसूस करते हैं। कई बहुपक्षीय मंचों पर एक समन्वित दृष्टिकोण की भी उम्मीद की जा सकती है।

## आप की बात

### मैक्रान की जिद

**पिछले** चुनाव में किसी तरह से एमैनुअल मैक्रान राष्ट्रपति का पद तो जीतने में सफल हुए , मगर नेशनल असेंबली का चुनाव उनकी पार्टी हार गयी। लेकिन उनकी हिम्मत की तारीफ़ करनी होगी कि उन्होंने पेंशन के आयु 62 से बढाकर 64 करने की जिद नहीं छोड़ी। 2019 में भी उन्होंने इसे लागू करने की कोशिश की थी। देश के 80 प्रतिशत कामगार एवं 90 प्रतिशत मजदूर यूनियनें उनके इस सुधार के विरोध में सड़कों पर हैं। लेकिन इस विवादास्पद बिल को संसद के निचले सदन से पास कराने के लिए उन्होंने विशेष संवैधानिक शक्तियों का सहारा लिया। फ्रांसीसी संविधान के अनुच्छेद 49-3 को लागू करते हुए इसे चोर दरवाजे से पारित करा लिया गया। लेकिन यह खतरा बना हुआ है कि कहीं महाभियोग लगा कर उनको पद से न हटा दिया जाए। उल्लेखनीय है कि फ्रांस सरकार अपने खजाने का बड़ा हिस्सा कर्मचारियों के वेतनों व पेंशन पर खर्च करती है, लेकिन अब मंदी तथा रूस-यूक्रेन युद्ध के दुष्परिणामों के कारण वह यह बोझ कुछ कम करना चाहती है। पेंशन की आयु बढ़ाना इस दिशा में एक कदम है। इससे सरकार को नए कर्मचारियों को भर्ती कर उनके वेतन पर होने वाले खर्च से राहत मिल जाएगी। क्या अन्य देश भी ऐसे कदम उठाएंगे?

**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### भारत की विजय

**अमेरिकी** सीनेट में लाए गए एक प्रस्ताव के मुताबिक मैकमोहन लाइन ही चीन और भारत के अरुणाचल प्रदेश के बीच की अंतरराष्ट्रीय सीमा है। अमेरिकी सीनेट का प्रस्ताव वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए भारत के लिए समयानुकूल व महत्वपूर्ण है। चीन की विस्तारवादी व अधिनायकवादी नीतियां और खुद चीनी राष्ट्रपति का तानाशाही रवैया न सिर्फ देश के भीतर वरन समूचे विश्व के लिए भारी सिरदर्द बना हुआ है। दुनिया देख रही है कि चीन की अंतरराष्ट्रीय सीमाएं जिन देशों से लग रही है उन सभी से चीन का सीमा संबंधी विवाद चल रहा है। स्पष्ट है कि चीन अपनी शक्ति व चालबाजी के बल पर पड़ोसी देशों के क्षेत्र हड़प रहा है। इसके लिए वह मनमाने नक्शे व बयान जारी कर रहा है। अमेरिकी प्रस्ताव के बाद अन्य बड़े देशों को भी चीन की इस विस्तारवादी नीति पर अंकुश लगाने के सक्रिय प्रयास खुलकर करने होंगे। देखना होगा कि रूस का इस बारे में क्या दृष्टिकोण होता है? लगता नहीं है कि वह अपने असीम मित्र चीन की तुलना में पुराने दोस्त भारत को वरीयता देगा। यह भी देखना होगा कि यह कदम भारत-अमेरिका मित्रता को कितना बढ़ावा देगा।

**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### मोदी की स्वीकार्यता

**गुजरात** के मुख्यमंत्री से लेकर प्रधानमंत्री तक के सफर में नरेंद्र मोदी ने विपक्षियों की लाख अड़ंगेबाजी के बावजूद अभी तक पीछे मुड़कर नहीं देखा है। वे अपने लक्ष्य की और तेजी से बढ़ते ही जा रहे हैं। उन्हें मालूम है कि इस कठिन सफर में रास्ते में अनेक अटकाने, लटकाने व भटकाने वाले विघ्नसंतोषी मिलेंगे हीण, परन्तु जिसके ऊपर भारत के 135 करोड़ लोगों का हाथ हो और भारतमाता का आशीर्वाद हो तब उन्हें रोकना इतना आसान नहीं है। वे भारत ही नहीं, दुनिया की प्रगति में भी योगदान कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में दुनिया में भारत का कद बढ़ा है और वह दुनिया की दसवीं अर्थव्यवस्था से पांचवीं अर्थव्यवस्था बन गया है। अब भारत को दुनिया की तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होने से भी कोई रोक नहीं सकता है। केवल आंधी आने पर अपना सिर रेत में गड़ाने वाले विपक्षी नेताओं को ही भारत में लोकतंत्र डूबता नजर आ रहा है। ऐसे ही लोगों के लिए मोदी ने गालिब का शेर सुनाया था कि वे अपने चेहरे की धूल साफ करने के बजाय आईना साफ करते हैं।

**शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



"**जो** खुद देशद्रोही हैं, उन्हें कांग्रेस पार्टी को देशभक्ति का उपदेश नहीं देना चाहिए और इसके बजाय इससे सीखना चाहिए।

– **मल्लिकार्जुन खड़गे**
कांग्रेस अध्यक्ष

**बंगाल** में हम ममता दीदी के साथ हैं। अभी हम बीजेपी और कांग्रेस दोनों से समान दूरी बनाए रखना चाहते हैं।

– **अखिलेश यादव**
सपा अध्यक्ष





**असम** को देश की सेवा के लिए डॉक्टर, इंजीनियर व अन्य पेशेवरों को तैयार करने के लिए शिक्षण संस्थानों जरूरत है, न कि मदरसों की।

– **हेमंत बिस्वा सरमा**
असम के मुख्यमंत्री"

# कृष्ण बेदी ने अपने कार्यकाल में शाहाबाद शुगर मिल में 82.5 करोड़ से लगवाया इथेनॉल प्लांट : गौरव

## पूर्व मंत्री कृष्ण बेदी के करवाए विकास कार्यों का कार्यकर्ताओं की बैठक में दिया ब्यौरा

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र/शाहाबाद

**युवा** भाजपा नेता गौरव बेदी ने कहा कि 2024 में शाहाबाद से पूर्व मंत्री कृष्ण बेदी अपने कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों के दम पर मैदान में डटेंगे। गांव मोहड़ी में युवा भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक में विचार व्यक्त करते हुए गौरव बेदी ने कृष्ण बेदी द्वारा वर्ष 2014 से 2019 तक करवाए गए विकास कार्यों को गिनवाने के साथ-साथ विपक्ष पर भी हमला बोला।

गौरव ने कार्यकर्ताओं को बताया कि अब किसी शिक्षक को अपनी ट्रांसफर और किसी बेरोजगार को नौकरी के लिए अपनी जेबें हल्की नहीं करनी पड़ती। उनके पिता कृष्ण बेदी सुबह पांच बजे उठ कर लोगों के बीच पहुंच रहे हैं। देर रात तक लोगों से मिलने-जुलने और बातचीत का क्रम जारी रहता है।


गांव मोहड़ी में आयोजित बैठक में जानकारी देते युवा भाजपा नेता गौरव बेदी।

गौरव ने कहा कि कृष्ण बेदी के कार्यकाल में ही शाहाबाद के शुगर मिल में 82.50 करोड़ रुपये की लागत से नये इथेनॉल प्लांट को बनाया गया था। जिससे देश भर में इथेनॉल भेजा जाएगा और शाहाबाद को नई पहचान मिल रही है। उन्होंने दावा किया कि यह प्लांट उत्तर भारत में एकमात्र प्लांट है, जो देश भर की इथेनॉल की जरूरतों को पूरा कर रहा है। गौरव ने बताया कि 2015 में विश्व भर में शाहाबाद के नाम से जानी जा रही महिला हॉकी को बढ़ावा देने के लिए अत्याधुनिक एस्ट्रोटर्फ बनवाया गया था और इस एस्ट्रोटर्फ को पूरी तरह से अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार बनाया गया। इस मौके करनैल मोहड़ी, अमरजीत सम्भालखी, कुकू राम, संदीप कुमार, सुरेश मोहनपुर, अनूप कुमार, रवि दामली, पुनीत कुमार, निरमल मोहड़ी, रणजीत मोहड़ी और विकास शर्मा सहित युवा कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।


कार्यक्रम को संबोधित करते भाजपा नेता राजीव जैन।

# समाज की समस्याओं के समाधान का केन्द्र बनते हैं सामुदायिक केंद्र : जैन

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत।

**मुख्यमंत्री** के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं भाजपा नेता राजीव जैन ने कहा कि समाज की समस्याओं के समाधान का केन्द्र बनते हैं सामुदायिक केंद्र। समाज के लोगों के इकट्ठा बैठने से आपसी भाईचारा, प्यार, प्रेम की भावना मजबूत होती है और संगठन मजबूत होकर आगे बढ़ता है। राजीव जैन शनिवार को कामी रोड पर संत शिरोमणि सैन भक्त महाराज सैन मंदिर के प्रांगण में सैन भक्त हाल का लोकापर्ण करने के बाद सैन समाज के प्रबुद्धजनों को सम्बोधित कर रहे थे।

सैन भक्त सभा के पदाधिकारियों ने हाल के निर्माण में पूर्व मंत्री कविता जैन के कोटे से दिये गये 45 लाख रूपये का योगदान देने के लिए फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के प्रधान प्रदीप कुमार ने की। भाजपा नेता ने कहा कि पांच वर्ष के पिछले भाजपा सरकार के कार्यकाल में समाज के सभी वर्गों के लिए करोड़ों रुपये की लागत से नगर निगम से सामुदायिक भवनों का निर्माण करवाया गया, ताकि प्रत्येक समाज अपनी गतिविधियों का संचालन इन केंद्रों के माध्यम से कर सके। उन्होंने समाज के पदाधिकारियों से अपील की कि सामुदायिक भवनों में समाज की युवा पीढ़ी को मजबूत करने के लिए शिक्षा देने तथा लड़कियों में आत्मरक्षा के गुर सिखाने के प्रोग्राम शुरू करने चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### गुरुद्वारा करतारपुर साहिब के लिए जत्था 21 को होगा रवाना

**सोनीपत।** शहर के हेमनगर स्थित गुरुद्वारा हेमनगर साहिब से 118 श्रद्धालुओं का जत्था 21 मार्च को पाकिस्तान स्थित गुरुद्वारा करतारपुर साहिब के दर्शन करने के लिए होगा रवाना। इस संबंध में जानकारी देते हुए रमेश अरोड़ा ने बताया कि गुरुद्वारा करतारपुर साहिब (पाकिस्तान) में मत्था टेकने को लेकर श्रद्धालु काफी उत्साहित हैं। जत्थे के साथ प्रबंधक के तौर पर जाने वाले रमेश अरोड़ा ने बताया कि गुरु नानक देव जी ने अपने जीवन का अंतिम समय गुरुद्वारा करतारपुर साहिब (पाकिस्तान) में ही व्यतीत किया। उन्होंने कहा कि गुरुद्वारा हेम नगर से 118 श्रृद्धालुओं का जत्था 21 मार्च को रवाना होगा और 22 मार्च को अमृतसर से गुरुद्वारा करतारपुर साहिब (पाकिस्तान) जाएगा। 23 मार्च को जत्था अमृतसर लौटेगा और यहां स्थित गुरुद्वारों में मत्था टेकने के बाद 24 मार्च को सोनीपत वापस आएगा।

### बच्चों को जन्म दिवस पर उपहार किए वितरित


बच्चों को उपहार देते प्रधानाचार्य रोबिन कुमार व अन्य।

**कुरुक्षेत्र।** आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल बरगट जट्टान में बच्चों को उनके जन्म दिवस पर उपहार वितरित किए गए। स्कूल के नियम के अनुसार स्कूल में पढ़ने वाले सभी छात्र-छात्राओं को उनके जन्म दिवस पर उपहार दिए जाते है। आदर्श स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों का जन्म दिवस समारोह पूर्वक मनाया जाता है। बच्चों द्वारा एक- दूसरे को गिफ्ट, टोफी और मिठाइयां भी बांटी जाती है। शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए विशेष आयोजन किए जाते हैं। प्रधानाचार्य रोबिन कुमार ने बताया कि 18 मार्च से 30 मार्च तक जिन विद्यार्थियों का जन्म दिवस आने वाला था, उन सभी विद्यार्थियों को आज स्कूल में उपहार दिए गए, क्योंकि आज सत्र 2023 की आखिरी परीक्षा थी। बच्चों को उपहार स्कूल प्रबंधक सोहन लाल सैनी, प्रधानाचार्य रोबिन कुमार व सह संचालिका अध्यापिका अनीता हांडा द्वारा दिए गए। प्रबंधक ने बच्चों को उनके जन्म दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए उन्हें उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद भी दिया।

### महिला खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन 21 को

**कुरुक्षेत्र।** जिला खेल अधिकारी अमरजीत ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 21 मार्च 2023 को दोपहर 3 बजे महिला खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया जा रहा है। इन प्रतियोगिताओं में में जूडो खेल का आयोजन मिनि खेल स्टेडियम भेरियां, पिहोवा में करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एथलेटिक्स, बास्केट बॉल, खो-खो व एथलैटिक्स खेल में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 1500 मीटर रेस, लंबी कूद, शॉट-पूट व 2 किलोमीटर रेस वॉक का आयोजन द्रोणाचार्य स्टेडियम कुरुक्षेत्र में करवाया जाएगा।

### एडीआर सेंटर में वर्कशॉप का हुआ आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम दुष्यंत चौधरी ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश आराधना साहनी के निदेर्शानुसार डीएलएसए की तरफ से शनिवार को एडीआर सेंटर में एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप में पैनल के अधिवक्ता व पीएलवी ने भाग लिया। इस वर्कशॉप में पैनल के अधिवक्ता दीपक सेठी ने बाल न्याय अधिनियम और अधिवक्ता मंजू कौशिक ने मध्यस्थता विषय पर विस्तार से जानकारी देकर सभी अधिवक्ताओं और पीएलवी को जागरूक किया।

# एच3 एन2 वायरल से बचने के लिए जिलेवासी बरतें सावधानी

### आमजन स्वास्थ्य मंत्रालय ने जारी की एडवाइजरी की कड़ाई से करें पालना

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**उपायुक्त** ललित सिवाच ने कहा कि एच3 एन2 एक प्रकार की वायरल बीमारी है, इससे घबराने की जरूरत नहीं है, बल्कि हमें बदलते मौसम के चलते अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इस बीमारी से बचाव को लेकर स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा एडवाइजरी जारी की गई है, जिसकी हर नागरिक को कड़ाई से पालना करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को दो सप्ताह या इससे अधिक खांसी की शिकायत है और ऑक्सीजन लेवल 93 से कम है तो नागरिक अस्पताल में चिकित्सक से परामर्श लेकर अपना उपचार कराएं।

उपायुक्त ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा खांसी, जुकाम (एआरआई) की निगरानी की जा रही है। जिन लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम है, उन्हें विशेष एहतियात बरतने की सलाह दी गई है। लोगों को साबुन से हाथ धोते रहना, मास्क पहनना और शारीरिक दूरी के नियमों का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा इसको लेकर सभी तैयारी की गई है। सिविल सर्जन डॉ. जयकिशोर कहा कि बीमारी से बचाव के लिए फेस मास्क लगाएं, भीड़ में जाने से बचें, नाक व आंख को छूने से बचें। खाना खाने से पहले और नाक व मुंह को छूने से पहले अच्छी तरह हाथ धोएं।

### आईटीआई उमरी में साक्षात्कार 21 को

**कुरुक्षेत्र।** राष्ट्रीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य एवं सहायक शिक्षुता सलाहकार जगमोहन आनंद ने कहा कि राष्ट्रीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कुरुक्षेत्र में आईटीआई पास शुदा छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से हर माह कम से कम दो रोजगार मेलों का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में 21 मार्च को आईटीआई के कैंपस में एक साक्षात्कार का आयोजन किया जा रहा है।

इस साक्षात्कार में मैसर्ज डेंसो हरियाणा प्राइवेट लिमिटेड आईएमटी मानेसर शिक्षु नियुक्त करने के लिए आ रही है। यह कंपनी फीटर, इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक, टर्नर व मशीनिस्ट ट्रैड के इस वर्ष व पिछले वर्ष के आईटीआई पास शुदा छात्र-छात्राओं का साक्षात्कार करेंगी। इसमें किसी भी आईटीआई से पास छात्र भाग ले सकते हैं।

# किसान रासायनिक खादों का फसलों में कम से कम करें उपयोग


### बाजार में ऑर्गेनिक फसल उत्पादों की लगातार बढ़ रही है मांग

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**उपायुक्त** ललित सिवाच ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में हरियाणा सरकार द्वारा खेती में जोखिमों को कम करने व खेती को जहर मुक्त बनाने के लिए किसानों को विभिन्न प्रकार की अनुदान योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने योजनाओं का विस्तार करते हुए अब स्वेच्छा से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने वाले ऐसे किसान, जिसके पास 2 से 5 एकड़ भूमि है। उनको देसी गाय की खरीद पर अधिकतम 25 हजार रुपये की सब्सिडी देने की योजना की शुरुआत की है।

उपायुक्त ने कहा कि इस योजना का लाभ लेने वाले किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए जीवामृत का घोल तैयार करने के लिए चार बड़े ड्रम नि:शुल्क दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश में 50 हजार एकड़ में प्राकृतिक खेती करने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके लिए कृषि विभाग द्वारा जागरूकता अभियान चलाकर किसानों का प्राकृतिक खेती करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। उपायुक्त सिवाच ने कहा कि बाजार में बढ़ रही मांग के मद्देनजर किसानों द्वारा अधिक उपज प्राप्त करने के लिए रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के उपयोग में जबरदस्त वृद्धि हुई है, जिसके परिणाम स्वरूप कार्बनिक कार्बन में जबरदस्त कमी आई है। मिट्टी तथा फसल उपज में हानिकारक रसायनों में वृद्धि हुई है। इन हानिकारक रसायनों के प्रभाव को कम करने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन दिया जा रहा है, जिससे कि किसानों की आमदनी को दोगुना तथा खेती को जहर मुक्त बनाया जा सके। उपायुक्त ने जिले के किसानों का आह्वान करते हुए कहा कि प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए स्वेच्छा से प्राकृतिक खेती अपनाने वाले किसानों के लिए शुरू की गई इस योजना का लाभ अवश्य उठाएं ताकि हम अपनी आने वाली पीढ़ी को खेती के लिए एक स्वच्छ व स्वस्थ उपजाऊ भूमि दे सकें।

# बारिश ने किसानों की बढ़ाई चिंता


सड़क पर भरा बारिश का पानी व आसमान में छाए बादल।

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**शनिवार** की सुबह गरज के साथ हुई बरसात ने धरती पुत्र किसानों की चिंता बढ़ा दी है। बरसात के चलते कई जगह गेहूं की फसल बिछ गई। फसल गिरने से उत्पादन कम हो जाएगा। हालांकि पिछेती गेहूं की फसल के लिए बरसात फायदेमंद साबित होगी। शनिवार सुबह से ही अचानक मौसम का मिजाज बदल गया।

कड़कती बिजली के साथ आसमान में बादल छा गए। पहले बूंदाबांदी और फिर तेज बारिश होने लगी। कुछ जगहों पर हवा तेज होने के चलते गेहूं की फसल खेतों में बिछ गई। इस समय अधिकांश गेहूं की फसल में दाने पक रहे है। फसल के गिरने से पैदावार प्रभावित होगी। ऐसे फसलों की कटाई करने में भी दिक्कत होगी। हालांकि जिन क्षेत्रों में गेहूं की फसल की बाद में बुवाई हुई है उनके लिए बरसात फायदेमंद साबित होगी। शनिवार को दिनभर घने बादलों ने आसमान में डेरा जमाए रखा। जिसके कारण दिन के तापमान में कमी आई। बादलों के छाने से दिन में ही वाहन वाले लाइट जला कर आवागमन करते हुए नजर आए। किसान रामकिशन ने बताया कि बारिश से पछेती प्रजाति के गेहूं को फायदा है। अगेती प्रजाति के गेहूं फसल को नुकसान है। काफी खेत ऐसे है जो बारिश के साथ हवा की मार से जिनके गेंहू पौधे जमीन को छू गए है। इन पौधों में गेंहू उत्पादन में गिरावट होगी। ठंडी हवाओं ने मौसम को और अधिक ठंडा कर दिया। ठंडी हवाओं के चलते बच्चे घर में कैद होकर रह गए।

# एनएसएस यूनिट द्वारा द्वितीय एक दिवसीय कैंप का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र/शाहाबाद

**आर्य** कन्या महाविद्यालय की एनएसएस यूनिट के द्वारा द्वितीय एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता व पोट डेकोरेशन कार्यक्रम के साथ-साथ शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए व्याख्यान का आयोजन भी किया गया। कैंप का शुभारंभ भौतिकी विज्ञान की विभागाध्यक्ष संजुल गुप्ता द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कैंप में महाविद्यालय की इतिहास विभागाध्यक्ष डा. मुमताज ने मुख्य वक्ता की भूमिका निभाई। कैंप में पहुंचने पर पुष्पगुच्छ देकर मुख्य वक्ता का स्वागत किया।

एनएसएस अधिकारी डा. पूनम सिवाच तथा डा. हेमा सुखीजा ने स्वयं सेविकाओं को पर्यावरण संरक्षण के बारे में जागरूक करते हुए अपने आसपास तथा समाज में पर्यावरण स्वच्छता कार्य एवं लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हमें अपने अन्य सामाजिक कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए इस कर्तव्य का पालन भी पूरी ईमानदारी से करना चाहिए। हमारा एक छोटा सा कदम पर्यावरण सुरक्षा जैसे बड़े उद्देश्य को प्राप्त करने में सहायक हो सकता है। तत्पश्चात स्वयं सेविकाओं द्वारा पोट डेकोरेशन किया गया तथा कॉलेज परिसर में साफ सफाई की गई। इस अवसर


एक दिवसीय शिविर में पोट डेकोरेशन में भाग लेती एनएसएस की छात्राएं।

पर मुख्य वक्ता डा. मुमताज ने शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में अपने विचार स्वयं सेविकाओं के साथ साझा किए। उन्होंने बताया कि यह दिन हमें अपने राष्ट्रीय स्वतंत्रता के लिए शहीद हुए स्वतंत्रता सेनानियों की याद दिलाते हैं। जिन्होंने राष्ट्रप्रेम के लिए अपना तन, मन व धन निछावर कर दिया। हमें उनके जीवन तथा कार्यों से प्रेरणा लेते हुए राष्ट्र सेवा में सुरक्षा में अपना अमूल्य योगदान देना चाहिए। उन्होंने भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु तथा करतार सिंह सराभा जैसे स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन के उद्देश्यों को एनएसएस के उद्देश्य से जोड़ते हुए समाज तथा राष्ट्र के लिए समर्पित भाव जागृत करने की प्रेरणा दी। संजुल गुप्ता ने कार्यक्रम की सफलता के लिए एनएसएस अधिकारियों को बधाई दी।

### वायु सेना में अग्निवीर के लिए 31 मार्च तक करें ऑनलाइन पंजीकरण

**सोनीपत।** भारतीय वायु सेना के विंग कमांडर एके सारस्वत ने कहा कि भारतीय वायु सेना ने अग्निपथ स्कीम के अंतर्गत होने वाली अग्निवीर वायु चयन परीक्षा के लिए अविवाहित लडक़े-लड़कियों के ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक आवेदनकर्ता 31 मार्च को शाम 5 बजे तक वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। विंग कमांडर ने बताया भारतीय वायु सेना में चयन निष्पक्ष और पारदर्शी एवं केवल योग्यता के आधार पर होता है। इसलिए ऐसे सभी व्यक्तियों से बचना चाहिए, जो एजेंट के रूप में कार्य करते हैं तथा भर्ती या चयन की जिम्मेदारी लेते हैं। उन्होंने कहा कि आवेदन करने के लिए पंजीकरण और परीक्षा शुल्क 250 रुपये निर्धारित किया गया है। इसके अलावा अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट पर लॉगिन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि केवल ऑनलाइन आवेदन ही मान्य होंगे। आवेदनकर्ता 31 मार्च शाम 5 बजे तक ऑनलाइन पंजीकरण वेबसाइट पर करवा सकते हैं।

# डीएवी स्कूल शाहाबाद एवं डीएवी स्कूल लुक्खी ने की सीबीएसई बोर्ड के निर्णय की प्रशंसा

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र/शाहाबाद



**डीएवी** सैंटनरी पब्लिक स्कूल शाहाबाद के प्रधानाचार्य कंवल गाबा एवं लुक्खी के प्रधानाचार्य गजेंद्र शर्मा ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा नए शैक्षणिक सत्र के लिए जारी सर्कुलर बारे में विशेष चर्चा की और सीबीएसई बोर्ड की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

प्रधानाचार्य कंवल गाबा ने बताया कि सीबीएसई ने अपने सर्कुलर में कहा है कि सभी स्कूलों को अपने कैलेंडर का सख्ती से पालन करना चाहिए। किसी भी स्कूल को 1 अप्रैल से पहले अपना शैक्षणिक सत्र नहीं शुरू करना चाहिए। गाबा ने कहा है कि कम समय सीमा में पूरे साल के लायक कोर्स वर्क को पूरा करने का प्रयास उन छात्रों के लिए जोखिम पैदा करता है, जो अभिभूत हो सकते हैं और सीखने की गति को बनाए रखने के लिए संघर्ष कर सकते हैं। जीवन कौशल, मूल्य शिक्षा, स्वास्थ्य और शारीरिक शिक्षा, कार्य शिक्षा और सामुदायिक सेवा जैसी पाठ्येत्तर गतिविधियों को करने के लिए हर स्कूल को बोर्ड के इस आदेश की पालना करनी होगी, ये गतिविधियां शिक्षाविदों जितनी ही महत्वपूर्ण हैं। कंवल गाबा ने बताया कि सर्कुलर में यह भी कहा गया है कि बोर्ड से संबद्ध स्कूलों के प्रधानाध्यापकों और संस्थानों के प्रमुखों को सलाह दी जाती है कि वे प्रत्येक वर्ष 1 अप्रैल से पहले शैक्षणिक सत्र शुरू करने से बचें और 1 अप्रैल से 31 मार्च तक शैक्षणिक सत्र का सख्ती से पालन करें।

# इंडिया एक्सपो सेंटर में 23 से 25 मार्च के दौरान वैपटैग वॉटर एक्सपो 2023 का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**वॉटर** प्यूरीफिकेशन एंड ट्रीटमेंट (जल शोधन और उपचार) उद्योग क्षेत्र में सर्वाधिक भरोसेमंद और सबसे बड़े संघ, वॉटर प्यूरीफिकेशन एंड ट्रीटमेंट एसोसिएशन ऑफ गुजरात (वैपटैग) द्वारा 23 से 25 मार्च के दौरान ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर में वैपटैग वाटर एक्सपो 2023 प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा।

अपनी श्रृंखला की सातवीं वैपटैग वाटर एक्सपो 2023 प्रदर्शनी, देश में सबसे बड़ी, सबसे उन्नत, अद्वितीय और समावेशी जल उद्योग प्रदर्शनी होगा। तीन दिवसीय इस प्रदर्शनी में इस क्षेत्र के अग्रणी एवं जाने-माने उद्यमी जल और अपशिष्ट जल प्रबंधन क्षेत्र में नवीनतम वैश्विक तकनीकों का प्रदर्शन करेंगे। वैपटैग के अध्यक्ष आसित दोशी ने कहा कि, वैपटैग वाटर एक्सपो 2023, पूरे उद्योग को एक ही प्लेटफार्म पर लाएगा और व्यापार के अवसरों तथा नेटवर्क को साझा करने और अभिनव जल समाधानों का पता लगाने का एक बेहतरीन अवसर प्रदान करेगा। यह जल शोधन और उपचार उद्योग के लिए उपयुक्त स्थान है और भारत में विशाल और आशाजनक जल शोधन और जल उपचार क्षेत्र में प्रवेश करने की इच्छुक कंपनियों के लिए एक आदर्श स्थान है। जल और अपशिष्ट जल प्रबंधन क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों को प्रदर्शित करने वाले स्थल, प्रदर्शकों के प्रोफाइल और व्यापक उद्योग सेगमेन्ट के संदर्भ में यह प्रदर्शनी सबसे उन्नत, सबसे बड़ी और समावेशी होगी।

वैपटैग के उपाध्यक्ष ऋषभ संघवी ने कहा कि, वाटर एक्सपो का प्रत्येक संस्करण प्रदर्शकों, विजिटर्स और प्रदर्शित तकनीकों की संख्या के मामले में पिछले संस्करण से बड़ा था। इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह भारत में जल शोधन और उपचार उद्योग की सबसे महत्वपूर्ण इवेंट है। अब इसे हम एक राष्ट्रीय से एक वैश्विक इवेंट में बदलना चाहते हैं। यही कारण है कि हम एक्सपो (प्रदर्शनी) के अगले संस्करण का आयोजन इंडिया एक्सपो सेंटर में कर रहे हैं, जो देश का सबसे बड़ा प्रदर्शनी स्थल है। हमें विश्वास है कि यह वैश्विक जल उद्योग के कैलेंडर में एक महत्वपूर्ण इवेंट के रूप में उभरेगा।

जल उपचार, जल प्रसंस्करण, घरेलू जल शुद्धिकरण, औद्योगिक/वाणिज्यिक RO, औद्योगिक अपशिष्ट जल उपचार, एफ्लूअन्ट ट्रीटमेन्ट, सीवेज ट्रीटमेन्ट, पर्यावरण प्रौद्योगिकियों, पंप और सहायक उपकरण, पाइप, फिल्टर, कार्ट्रिज, वॉटर चिलर और कूलर, डिस्पेंसर, कैमिकल और पैकेजिंग उद्योग से जुड़ी कंपनियां वैपटैग वाटर एक्सपो 2023 में भाग ले रहे हैं।

# प्रदेश के विश्वविद्यालयों के सहायकों को 3600 ग्रेड पे का लाभ मिलने का रास्ता हुआ

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**कुरुक्षेत्र** यूनिवर्सिटी के सेवानिवृत्त सहायक कुलसचिव दविन्दर सचदेवा ने बताया कि हरियाणा सरकार के हायर एजुकेशन निदेशालय ने 15 जुलाई 2019 के यूनिवर्सिटी सहायकों को 3600 ग्रेड पे बहाली के हाईकोर्ट के फैसले को 90 दिन तक लागू नहीं किया, जिसे लेकर कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी से सेवानिवृत्त सहायक कुलसचिव दविन्दर सचदेवा व अन्य तथा महाऋषि दयानंद यूनिवर्सिटी रोहतक के फूल कुमार व अन्य द्वारा दायर कंटेम्पट पिटीशन पर सुनवाई कर हाईकोर्ट पहले ही 17 जनवरी 2023 को हिदायत जारी कर चुकी है कि 15 जुलाई 2019 के हाईकोर्ट के फैसले पर अगर कोई स्टे नहीं है, तो इसे संबधित यूनिवर्सिटियों में कार्यरत और सेवानिवृत्त सहायकों के पद कि 3600 ग्रेड पे अनुसार लाभ 20 अप्रैल 2023 से पहले जारी करें। हाईकोर्ट का फैसला न लागू किए जाने


यूनिवर्सिटी के सेवानिवृत्त सहायक कुलसचिव दविन्दर सचदेवा।

की सूरत में हरियाणा सरकार के अतिरिक्त मुख्यसचिव फाईनेंस एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव हायर एजुकेशन विभाग व्यक्तिगत तौर पर 20 अप्रैल 2023 को हाईकोर्ट मे हाजिर होकर फैसला लागू न किए जाने का स्पष्टीकरण देना होगा। याचिकाकर्ता दविन्दर सचदेवा ने हरियाणा सरकार के मुख्यसचिव से अनुरोध किया है वे अविलंब इस सम्बन्ध मे विश्वविद्यालयों के प्रशानिक अधिकारी को जरूरी अधिसूचना जारी करे।

# भारतीय स्टार्टअप्स के लिए आईसीआईसीआई बैंक का स्टार्टअप इकोसिस्टम बैंकिंग का ऑफर

### स्टार्टअप्स की बैंकिंग संबंधी जरूरतों के लिए पेश करता है इनोवेटिव सॉल्यूशंस

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम / फरीदाबाद

**आईसीआईसीआई** बैंक ने आज घोषणा की कि वह स्टार्टअप्स की बैंकिंग संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजिटल और फिजिकल सॉल्यूशंस की एक पूरी रेंज प्रदान करता है। बैंक अपने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क के माध्यम से इनोवेटिव सॉल्यूशंस प्रदान करता है। ये सभी सुविधाएं गुजरात स्थित उभरते वैश्विक वित्तीय और आईटी सेवा केंद्र गिफ्ट सिटी में स्थित शाखा में भी प्रदान की जाती हैं।

बैंक का स्टार्टअप इकोसिस्टम बैंकिंग ऑफर ट्रेजरी और लेनदेन बैंकिंग समाधान, ऋण समाधान, डिजिटल एकीकरण, एफडीआई और नियामक अनुपालन संबंधी सेवाएं प्रदान करता है। साथ ही यह कर्मचारियों और संस्थापकों के लिए व्यक्तिगत बैंकिंग सेवाएं भी उपलब्ध कराता है। आईसीआईसीआई बैंक अपने घरेलू नेटवर्क और न्यूयॉर्क, टोरंटो, लंदन, दुबई, सिंगापुर और हांगकांग में अंतरराष्ट्रीय मौजूदगी के माध्यम से कॉम्प्रिहेंसिव सॉल्यूशंस प्रदान करता है। गिफ्ट सिटी में बैंक की उपस्थिति से इकोसिस्टम बैंकिंग को और विस्तार मिला है। राजेश राय, बिजनेस हेड-वेस्ट एंड साउथ, ब्रांच बैंकिंग, आईसीआईसीआई बैंक ने कहा, ''हमारा देश दुनिया में तीसरे सबसे ब स्टार्टअप इकोसिस्टम के रूप में उभरा है, जो देश की जीवंत और इनोवेटिव स्टार्टअप संस्कृति को रेखांकित करता है। आईसीआईसीआई बैंक में हम नए युग के इन कारोबारों को उनके विभिन्न चरणों में सुविधाजनक और टैक्नोलॉजी आधारित समाधानों के माध्यम से बेहतर सुविधा प्रदान करते हैं। हमारे व्यापक स्टार्टअप इकोसिस्टम बैंकिंग के माध्यम से, हम भारतीय स्टार्टअप्स की उभरती आवश्यकताओं को पूरा करने का प्रयास करते हैं और उनकी विकास यात्रा में उनका पसंदीदा बैंक बनने का लक्ष्य रखते हैं।'स्टार्टअप इकोसिस्टम बैंकिंग के हिस्से के रूप में बैंक ने स्टार्टअप्स के लिए एक समर्पित टीम बनाई है, जो उन्हें शाखाओं के व्यापक नेटवर्क के माध्यम से विभिन्न सेवाएं प्रदान करती है। गिफ्ट सिटी शाखा में, बैंक विदेशी होल्डिंग कंपनियों और भारतीय स्टार्टअप्स की सहायक कंपनियों के लिए ग्लोबल फॉरेन करेंसी करंट अकाउंट (जीएफसीसीए) खोलने के लिए डिजिटल पेशकश करता है। आवश्यक दस्तावेजों को जमा करने के एक कार्य दिवस के भीतर इस खाते को आसानी से शुरू किया जा सकता है।

# महिला खिलाड़ी भी खेलों में बेहतरीन प्रदर्शन से कर रही हैं देश का नाम रोशन : हरप्रीत

### 400 मीटर इंवेट में अंजली ने पाया प्रथम स्थान

### महाप्रबंधक हरप्रीत कौर ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर एथलेटिक्स प्रतियोगिता का किया शुभारंभ


प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी।

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**हरियाणा** परिवहन विभाग के कुरुक्षेत्र डिपो की महाप्रबंधक हरप्रीत कौर ने कहा कि महिला खिलाड़ी भी खेलों के क्षेत्र में बेहतरीन प्रर्दशन करके देश का नाम रोशन कर रही है। इन महिला खिलाड़ियों में कुरुक्षेत्र शाहबाद की रानी राम पाल, नवनीत कौर, नवजोत कौर सहित अन्य हाकी खिलाड़ी देश की तरफ से खेलकर देश मैडल जीताने का काम कर रही है। इन बेटियों पर हम सभी को गर्व है।

जीएम रोडवेज हरप्रीत कौर गत देर सायं भारतीय खेल प्राधिकरण की कुरुक्षेत्र शाखा की तरफ से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर आयोजित एथलेटिक्स प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर बोल रही थी। इससे पहले जीएम रोडवेज हरप्रीत कौर, एलएनजेपी की चिकित्सक डा. बिमला गौरी, डा. लज्जा राम, साई के प्रभारी कुलदीप सिंह वडैच, साई के चीफ कोच सतपाल सिंह, जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी अमरजीत सिंह, साई के सेवानिवृत चीफ कोच गुरविंद्र सिंह, सेवानिवृत डीएसओ यशबीर सिंह, सुदेश शर्मा, नरेंद्र ठाकुर, राजविंद्र कौर, सोहन लाल, पकंज पराशर, सुरेंद्र कौर, शिखा, चांदराम, वीरभान ने विधिवत रुप से प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। रस्साकसी में महिला टीम ने लड़कियों की टीम को पराजित करने का काम किया। महाप्रबंधक हरप्रीत कौर व डा. बिमला गौरी ने रस्साकशी में महिला टीम की खिलाड़ी उषा देवी, सिमरनजीत कौर, मनदीप शर्मा, उमा, रीना, निधि, शिखा, सुषमा, नेहा व सुरेंद्र कौर को प्रथम स्थान के लिए मैडल देकर सम्मानित किया। इसके अलावा दूसरे स्थान पर लड़कियों की टीम कंवलजीत कौर, नेहा, अमन, अंजली, मंजू, अंशू, कोमल, आशु, सिरजन, आरुशी व स्वाती को मैडल देकर सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता के 400 मीटर इंवेट में प्रथम आने पर अंजली, दूसरे स्थान पर लवप्रीत व तीसरे स्थान पर रही स्वाति, 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान पर रेणू, दूसरे स्थान पर गिरमा, तीसरे स्थान कमलजीत कौर तथा 400 मीटर दौड़ में भावना प्रथम, सुरजना दूसरे तथा कोमल को तीसरे स्थान पर आने पर मैडल देकर सम्मानित किया।


विधायक सुभाष सुधा को ज्ञापन देते सफाई कर्मचारी।

# स्वच्छता मित्रों ने हमेशा शहर को सुंदर व स्वच्छ बनाने का किया कार्य : सुधा

### विधायक सुभाष सुधा को वाल्मीकि समाज ने किया सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**विधायक** सुभाष सुधा ने कहा कि स्वच्छता मित्रों ने हमेशा शहर को सुंदर व स्वच्छ बनाने का काम किया है। इन मित्रों ने कोरोना काल में भी 24 घंटे ड्यूटी देकर शहर के लोगों की सेवा करने का काम किया है। इन मित्रों की सेवा को भी बुलाया नहीं जा सकेगा।

विधायक सुभाष सुधा शनिवार को नगर परिषद के कार्यालय परिसर वाल्मीकि समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले विधायक सुभाष सुधा को वाल्मीकि समाज की तरफ से प्रधान बनारसी दास, सुभाष गुंसर, राजेंद्र कुमार, पवन कुमार, बलवान, विकास, गुरचरण, सतीश, जुम्मन,प्रदीप, सतोंश, कृष्ण कुमार ने सम्मानित किया। इस दौरान संघ की तरफ से विधायक को एक ज्ञापन भी सौंपा। विधायक ने समाज के लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के लोगों ने हमेशा उनका हर कदम पर साथ देने का काम किया है। इस समाज के लोगों ने जो मान सम्मान दिया उसको कभी बुलाया नहीं जा सकेगा। कार्यक्रम में प्रधान बनारसी दास ने मेहमानों का स्वागत करते हुए कहा कि समाज के लोग हमेशा शहर के विकास में अपना योगदान देते रहेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला अपने कार्यक्षेत्र में महारत हासिल करें: रंजीता मेहता



**पंचकूला।** फाइव एलेम्स वूमेन वेलफेयर ग्रुप ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। कार्यक्रम में हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की मानद महासचिव रंजीता मेहता मुख्य अतिथि रहीं। एडवोकेट पूजा नागरा, मिली गर्ग, प्रियंका हुड्डा एवं सेक्टर 5 थाना प्रभारी नेहा चौहान विशेष तौर पर मौजूद रहीं। कार्यक्रम में 150 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। रंजीता मेहता ने महिलाओं का आह्वान करते हुए कहा कि जो महिला जिस भी क्षेत्र में कार्य कर रहीं हैं, वह उसमें पूरी माहरत हासिल करें। महिलाएं अपने पति, पिता से एक प्यार के शब्द के लिए भूखी होती है, लेकिन मैं मानती हूं कि आप जब कुछ हासिल कर लेती हैं, तो आपको प्यार और सम्मान दोनों मिलता है। हमें अपने संस्कारों से जुडक़र रहना चाहिए और भारत की नारी बहुत खुशकिस्मत हैं कि उन्हें बचपन से संस्कार मिलते हैं। आज पैसा कमाना बहुत जरुरी नहीं है, बल्कि यह जरुरी है कि आप जिंदगी में कैसी शख्सियत बने हैं। महिलाओं को जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने पर सम्मानित किया। 5 एलेम्स महिला कल्याण समूह की अध्यक्ष मीनू पाटले एवं पुष्पा सिंगरोहा ने महिलाओं को सम्मानित किया। महिला कल्याण समूह ने पुलिस कर्मी, एक वकील ,एक राजनेत्री, डाक्टर और एक सामाजिक कार्यकर्ता को सम्मानित किया। इस अवसर पर अंजू, चांदनी नागरा, लवली, पल्लवी, रेखा, मोनिका, श्रद्धा, उषा, सुमन सीमा, आशा, शैलजा, डा. दीपिका, शिवानी, सिम्मी, सुनीता, गरिमा, मनप्रीत, कविता, डा. सबरीना, रीना, पूजा, कलावती, यशवती उपस्थित रहीं।

### मेले में किसी भी श्रद्धालुओं को नहीं आने दी जाएगी कोई परेशानी

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त एवं जिलाधीश शांतनु शर्मा ने कहा कि पिहोवा चैत्र चौदस मेला में बाहर से आने वाले यात्रियों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए सारे पुख्ता इंतजाम पूरे किए जा चुके है। चैत्र चौदस मेले में यात्रियों का आवागमन 24 घंटे लगातार रहेगा। मेला क्षेत्र को 8 सेक्टरों में बांटा गया है, जिसमें ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए है। इसके साथ-साथ पुलिस जवानों की भी विभिन्न स्थानों पर ड्यूटी लगाई गई है। जिलाधीश शांतनु शर्मा ने जारी आदेशों में कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 19 मार्च से 21 मार्च तक चैत्र चौदस मेला पिहोवा में लाखों श्रद्धालु पवित्र सरस्वती तीर्थ में स्नान व पिंडदान करने के लिए आएंगे। इन श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मेला क्षेत्र को 8 सेक्टरों में बांटा गया है। इन 8 सेक्टरों में कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए दंड प्रक्रिया संहिता के तहत ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए है। यह डयूटी मजिस्ट्रेट अलग-अलग शिफ्टों में 24 घंटे मेला क्षेत्र में अपनी ड्यूटी पर तैनात रहेंगे।

# व्यवसायी एवं इनेलो नेता को मिली इंटरनेशनल नंबर से व्हाट्सएप कॉल

### 50 लाख की मांगी फिरौती, जान से मारने की दी धमकी


पीड़ित व्यवसायी एवं इनेलो नेता संदीप शर्मा।

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**कुरुक्षेत्र** के व्यवसायी एवं इंडियन नैशनल लोकदल के प्रदेश सचिव सोहन लाल उर्फ सोनू शर्मा को 50 लाख की डिमांड करते हुए जान से मारने की धमकी मिली है। साथ ही उनके भाई संदीप शर्मा एवं परिवारों को भी कॉल करने वालों ने खत्म करने की धमकी दी है। पुलिस को दी शिकायत में सोहन लाल उर्फ सोनू शर्मा ने कहा कि उसकी कुरुक्षेत्र की पीपली अनाज मंडी में आढ़त की दुकान है। वह प्रॉपर्टी की खरीद फरोख्त का काम करता है। गत दिवस जब वह इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला के साथ गुरुग्राम में पदयात्रा में भाग ले रहा था। उस समय इंटरनेशनल नंबर से व्हाट्सएप कॉल आई। कॉल करने वाले आरोपी ने कहा कि रुपये बहुत कमा लिए। इसके बाद आरोपी ने शिकायतकर्ता को कहा कि वह उसे व उसके घर वालों को अच्छी तरह जानता है। 50 लाख का इंतजाम कर लो। कब, कहां और कैसे देने है। उसके लिए हम दोबारा कॉल करेंगे। अगर 50 लाख रुपये नहीं दिए और पुलिस को बताया तो उसे व उसके परिवार को खत्म कर देंगे। सोनू शर्मा ने बताया कि उनके बड़े भाई संदीप शर्मा की जान को भी खतरा है।

## सफलता क्या होती? वेस्टिज और कमलेश रंगा ने सहजता से बताया

**चंडीगढ़।** अपनी सरकारी नौकरी से वीआरएस लेकर डायरेक्ट सेलिंग की कंपनी वेस्टिज में व्यवसाय के लिए उतरी कमलेश रंगा आज बेहद सफलता के साथ परिवार की खुशियों को कई गुना बढ़ा रही है।

जिम कार्बेट में कमलेश रंगा की टीम के साथ आए कमलेश रंगा के पति अशोक रंगा ने उनकी सफलता की कहानी बताते हुए कहा की आज से लगभग 3 साल पहले मेरी पत्नी कमलेश रंगा ने वेस्टीज डायरेक्ट सेलिंग कम्पनी में काम शरू किया था। जो सपने उसने उस समय देखे थे, वो अब पूरे होने लग गए है। आज उनका नेटवर्क 5300 का हो गया है व इस कम्पनी से काफी पैसा भी कमा रही है। परंतु आज जो मिला वह तो मैंने भी नहीं सोचा था। उनके पैर पर पलस्तर होने के कारण वह जिम कार्बेट में नहीं आ सकी। इसलिए मुझे आने का मौका मिला। आज टीम चैंपियन के द्वारा सीएनसी की जा रही थी। उसमें उनके स्थान पर लगभग 1000 लोगों के सामने मुझे सम्मानित किया।

# ऑनलाइन शिक्षा में विद्यार्थियों की बिना शिक्षा दिए हो रही लूट : डॉ लोबियाल

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



मुख्य अतिथि जेएनयू शिक्षक संघ अध्यक्ष डॉ लोबियाल का स्वागत करते आयोजक।

**सैनी** भवन में एआईफुक्टो की 32वीं अकादमिक कांफ्रेंस के दूसरे दिन शनिवार को वैज्ञानिक, आईएसआईडी के पूर्व प्रोफेसर डॉ. दिनेश अबरोल ने भारत में वैज्ञानिक शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर कहा कि विज्ञान-शिक्षा में आर्थिक निवेश और राष्ट्रीय नीति का अभाव है।

प्राईवेट इंजीनियरिंग कॉलेजों की 67000 करोड़ पूंजी डूब चुकी है। देश के साईंस और तकनीकी क्षेत्र के साढ़े पांच लाख आरएंडडी कर्मियों में से करीब ढाई लाख तो अकेले अमेरिका की कंपनियों के लिए काम करते हैं। डॉ अबरोल ने बताया कि रोजगारपरक शिक्षा की बात जोरशोर से होती थी, लेकिन तथाकथित नई शिक्षा नीति में रोजगार शब्द ही नहीं है। प्रो.अरविंद कुमार महासचिव जेएनयू टीचर्स एसोसिएशन ने कहा कि शिक्षा में मार्केट का प्रवेश हमारे पास भविष्य को निरंकुशता की ओर ले जा रहा है। आलोचनात्मक चिन्तन के बिना सपने मर जाते है। मुख्य अतिथि जेएनयू शिक्षक संघ के अध्यक्ष और सेन्ट्रल यूनिवर्सिटज शिक्षक संघों की फैडरेशन के अध्यक्ष डॉ डी.के.लोबियाल ने कहा कि शिक्षा की स्थिति का आंकलन शिक्षकों की स्थिति को देखकर ही हो जाता है। प्रशासन द्वारा शिक्षकों के संगठनों पर आघात किया जा रहा है। आनलाइन शिक्षा में विद्यार्थियों की बिना शिक्षा दिए लूट हो रही है। उन्होंने कहा कि समय आ गया है कि एन.ई.पी. को रद्द करवाने और पुरानी पैंशन स्कीम बहाली के लिए देश भर के सभी शिक्षक-संगठन बड़ा आंदोलन खड़ा करें। फेडकूटा एआईफुक्टो के आंदोलन में कंधे से कंधा मिलाकर चलेगी। इस अवसर पर इन विद्वानों का अभिनंदन करने वालों में डॉ. प्रवीण कुमार शर्मा, एम.एल. सिंगला, सीमा सिंघल, एचफुक्टो सचिव सुनील कुमार, मधु गोयल, बलवीर सिंह, अमित चौधरी आदि शामिल रहे।

## सुकवि-संवाद



सुकवि डॉ.एस.एन.भारद्वाज 'अश्क'
कवि, लेखक एवं वरिष्ठ शिक्षा सलाहकार
विश्व भारती शिक्षण संस्थान समूह,
बल्लभगढ़, फरीदाबाद M: 9871666627

**उम्र**

माज़ी* की रंगीं यादों को मुस्तक़बिल* तक ढोते हैं
सुन लें ! जो चेहरे की ढलती रंगत देख के रोते हैं
उम्रदराज़ी* हर सूरत में नौख़ेज़ी* से है बेहतर
सूखे मेवे फ्रैश फलों से अक्सर महँगे होते हैं

# जल, जंगल, जमीन बचाने का एकमात्र उपाय है प्राकृतिक खेती : राज्यपाल आचार्य देवव्रत

### प्राकृतिक कृषि की ट्रेनिंग लेकर गुजरात रवाना हुए किसान, प्रत्येक गांव में 75 किसानों को प्राकृतिक कृषि से जोड़ेंगे

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र


किसानों को संबोधित करते गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत।

**देश** के किसानों को आर्थिक तौर पर समृद्ध बनाने के लिए प्राकृतिक खेती एक बेहतर विकल्प है। यदि हमें अपनी देशी गाय, जल, जंगल, जमीन और जलवायु को बचाना है तो इसके लिए प्राकृतिक खेती ही एकमात्र उपाय है। ये शब्द गुरुकुल कुरुक्षेत्र में प्राकृतिक खेती की ट्रेनिंग के लिए आए किसानों को सम्बोधित करते हुए गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कहे।

उन्होंने कहा कि प्राकृतिक कृषि मिशन देश में बड़ा जनांदोलन बनता जा रहा है, देशभर के विभिन्न प्रान्तों के हजारां किसान प्राकृतिक खेती से जुड़ रहे हैं। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वयं भी प्राकृतिक कृषि के पक्षधर है क्योंकि वर्तमान में रासायनिक खेती के दुष्प्रभाव से जल, वायु और पर्यावरण तो दूषित हो ही रहा है, किसान की जमीन भी बंजर हो रही है। खेत में प्रयोग होने वाले यूरिया, रासायनिक खाद और केमिकल अन्न व फल-सब्जियों के माध्यम से हमारे शरीर में जाते हैं जिससे कैंसर, हार्ट अटैक, बीपी, शुगर जैसी गंभीर बीमारियां होती है। आज देश के अस्पतालों में मरीज भरे पड़े हैं, यह सब रासायनिक खेती की देन है। यदि किसान प्राकृतिक खेती करेगा तो इन सभी समस्याओं से छुटकारा तो मिलेगा ही साथ ही देशी गाय का संरक्षण भी होगा। उन्होनें सभी किसानों से प्राकृतिक खेती करने और दूसरों को भी इससे जोड़ने का आह्वान किया। राज्यपाल आचार्य देव्रवत ने बताया कि उनके प्रयासों से गुजरात में प्राकृतिक कृषि से 5 लाख से ज्यादा किसान जुड़कर सीधा लाभ ले रहे हैं।

# 21 मार्च तक पूरे विश्व में बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा माताजी निर्मला देवी का 100वां जन्मदिवस

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**आज** से सहजयोग आज का महायोग की संस्थापिका माताजी निर्मला देवी का 100वां जन्मदिवस पुरे विश्व भर में पुरे हर्ष उल्लास के साथ मनाया जा रहाहै। आज कुरुक्षेत्र में सहजयोग के जिला कार्यालय नजदीक नागपाल नर्सिंग होम, रेडरोड में जिला समन्वयक नरेन्द्र शर्मा ने ये वक्तवय जारी किया। उन्होंने बताया कि जैसा हर वर्ष माताजी निर्मला देवी का जन्मदिवस तो मनाया ही जाता है, परन्तु अब की बार 100वां जन्मदिवस होने के कारण यह थोड़ा अलग सा तथा बड़े लेवल पर मनाया जायेगा।

यह एक दिन का ना मना कर इसे पूरे पांच दिन यानी 17 मार्च से 21 मार्च तक का मनाया जायेगा, यह पूरे विश्व के प्रत्येक गांव, कस्बे, शहर में 17 मार्च से 21 मार्च तक हर्षोल्लास से जन्मदिन मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया माताजी निर्मला देवी का जन्म 21 मार्च 1923 को छिंदवाड़ा मध्य प्रदेश में हुआ। माताजी के अनुयायी विश्व के लगभग 170 देशों में रह रहे हैं, जहां वे घर बैठ कर या सामूहिकता में श्रीमाताजी के बताये अनुसार ध्यान कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि सहज योग ट्रस्ट द्वारा दी गईगाइड लाइन्स के अनुसार हम कुरुक्षेत्र सहजयोग परिवार वासी पूरे 5 दिन जन्मदिवस मनाएंगे। जिसके तहत हर घर परिवार में तथा शहर के मुख्य चौकों के आसपास सहजयोग बैनर्स लगाए जायेंगे, 19 मार्च से 21 मार्च तक प्रत्येक सहजयोगी के घरमें दिवाली की तरह दीये, लड़ियां लगा कर रोशनी की जाएगी।

# आज के युवा वर्ग को अपने जीवन में लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए : सुजान सिंह

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़।



**आज** के युवा वर्ग को अपने जीवन में लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए और लक्ष्य निर्धारित करने का मौका इस प्रकार के कार्यक्रम या प्रशिक्षण शिड्डाविर में भाग लेने के उपरांत ही किया जाता है यह उदगार श्रम आयुक्त , हरियाणा राज्य सुजान सिंह आईएएस ने पंचकूला स्थित माता मनसा देवी मंदिर परिसर में बनी लक्ष्मी भवन में भारतीय रैड क्रॉस सोसाइटी हरियाणा राज्य शाखा द्वारा ब्रिगेड अधिकारियों हेतु दिनांक 17 मार्च 2023 से 19 मार्च 2023 तक आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए प्रकट किए।

इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि मनुष्य की इच्छा शक्ति ही है जिस कारण वह अपने जीवन के बड़े से बड़े संकट को दूर कर सकता है इसके अतिरिक्त उन्होंने यह भी कहा कि हमें एक दूसरे के साथ कंधे से कंधा मिलाकर और तालमेल बनाकर कार्य करना चाहिए ताकि हम सिर्फ सफलता को प्राप्त कर सकें।

उन्होंने सभी प्रतिभागियों को सेंट जॉन के ट्रिपल पी के प्रति समर्पित रहने के लिए जागरूक किया। इसके अतिरिक्त मुख्य अतिथि द्वारा हरियाणा प्रदेश के सभी उद्योगों में प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण को पूर्ण रूप से जारी करने के लिए सभी जिलों में पत्र व्यवहार करने का आश्वासन दिया। ब्रिगेड ऑफिसर प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत मुख्य अतिथि सुजान सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर रैड क्रॉस सोसाइटी के संस्थापक सर जीन हेनरी दुनाट की प्रतिमा पर पुष्प चढ़ाकर शुरू की।

# अरिजीत सिंह ने अपना नया दिलकश गाना-बैरिया रिलीज किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




**भारत** के सबसे लोकप्रिय गायक, अरिजीत सिंह ने अपने लेटेस्ट सिंगल बैरिया, एक सूफी, सॉफ्ट रॉक रोमांटिक कथागीत को रिलीज़ किया है। अमिताभ भट्टाचार्य द्वारा लिखा गया और गोल्डी सोहेल द्वारा रचित, प्रतिभावान अभिनेता गुरफतेह पीरजादा और अंगिरा धर की विशेषता वाला यह ट्रैक सुनने वालो को एक भावनात्मक यात्रा पर ले जाने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

हमारे आशीर्वादों की गणना करने और हमारे पास जो कुछ भी है उसके लिए एहसानमंद होने के महत्व की याद दिलाते हुए, बैरिया एक खास निर्माण है जो कुशल रचना की पृष्ठभूमि में एक सरल और प्रभावशाली कहानी को समाहित करता है। नवजीत बुट्टर द्वारा निर्देशित इस वीडियो में प्रतिभावान गुरफतेह और ग्लैमरस अंगिरा को दिखाया गया है, जो जिंदगी के उतार-चढ़ाव और एक-दूसरे के लिए किए गए बलिदानों के जरिए एक साधारण, मध्यमवर्गीय युगल की यात्रा की दुखद प्रेम कहानी को दिखलाता है। %बैरिया% के ऑडियो और विजुअल का जोड़ उन भावनाओं को प्रदर्शित करता है, जिन्हें आसानी से समझाया नहीं जा सकता। पटकथा से लेकर एक्टर के अभिनय और संगीत को बनाने तक हर चीज पर बहुत ही बारीकी से काम किया गया है।

बैरिया के पीछे आवाज देने वाले अरिजीत सिंह ने बताया,बैरिया प्रेम और जीवन की खट्टी-मीठी प्रकृति का प्रतीक है। खूबसूरत लिरिक्स और क्लासिक कंपोजश़िन वाला एक बहुत ही खास गाना, जिसे मैंने गाते हुए गहराई से महसूस किया है। गीतकार अमिताभ भट्टाचार्य ने रिलीज़ पर बताया, गोल्डी सोहेल द्वारा इस मनोरम धुन के लिए लिखना एक खुशी की बात थी।

# अपने हक के लिए पिछले 363 दिन से चीनी मिल के बाहर धरने पर बैठी हैं विधवाएं

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र/शाहाबाद



शाहाबाद सहकारी चीनी मिल के बाहर धरने पर बैठी मृतक कर्मचारियों के विधवाएं और आश्रित।

**हरियाणा** की मौजूदा भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार महिलाओं के अधिकारों के प्रति कितनी सजग है, इसका प्रत्यक्ष प्रमाण शाहाबाद सहकारी चीनी मिल के मृतक कर्मचारियों की वे विधवाएं है, जो अपने बनते हक लेने के लिए शांतिपूर्ण ढंग से पिछले 363 दिन से चीनी मिल के बाहर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठी हैं।

उल्लेखनीय है कि शाहाबाद चीनी मिल पर लागू एक्स ग्रेशिया पॉलिसी 2005 के अनुसार मृतक कर्मचारियों के आश्रितों के लिए आरक्षित रखे गए 5त्न कोटे के तहत वर्ष 2007 से ही कम से कम 13 पद खाली पड़े हैं। इसका पता शाहबाद मिल द्वारा दी गई आरटीआई से चलता है। बावजूद इसके मिल प्रशासन इन विधवाओं को 5त्न कोटा भरा हुआ बता कर पिछले कई वर्षों से परेशान करता आ रहा है। समाचार लिखे जाने तक भी शाहाबाद मिल प्रशासन न तो 5 फीसदी कोटा भरे होने का कोई वैध सबूत व वैध नियम उन्हें दे पाया है और न ही इन विधवा महिलाओं को उनका बनता हक दे रहा है। अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे मृतक कर्मचारियों के आश्रित गयांती देवी, राज रानी, बबली रानी, परम जीत कौर, सुनीता रानी और ऊषा रानी ने बताया कि एक्स ग्रेशिया रोजगार के प्रावधान का उद्देश्य मृत कर्मचारी के परिवार को उनके सामने अचानक आए संकट से निपटने में सक्षम बनाना है, मगर मिल प्रशासन उल्टा अपने ही मिल पर लागू पॉलिसी के अनुसार उनका बनता हक भी न देकर इन विधवाओं व उनके बच्चों को सड़क पर ले आया है। अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे प्रीतम सिंह नम्बरदार गांव भगवानपुर, अजय, दीपक, मोहित, रविन्द्र, रोहित रहल व नरेंद्र ने बताया कि हरियाणा की सभी 10 सहकारी चीनी मिलों के मृतक कर्मचारी अपने पीछे इतनी संपत्ति नहीं छोड़ कर जाते कि उनके परिवार का गुजारा अच्छे से हो सके। यहां तक कि मिल की तरफ से पारिवारिक पेंशन भी सिर्फ 2-3 हजार रुपये महीना मिलती है।

### एक और मृतक कर्मचारी के परिवार को शीघ्र मिलेगा लाभ : एमडी

**जब** इस बारे में शाहाबाद सहकारी चीनी मिल के प्रबंध निदेशक राजीव प्रसाद से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि नियम के अनुसार शुगर मिल में एक्स ग्रेशिया पालिसी के तहत 19 लोगों को नियुक्ति दी जा सकती है, जबकि 18 लोग पहले से इस पॉलिसी का लाभ ले चुके हैं। बोर्ड की गत दिवस हुई बैठक में एक और मृतक कर्मचारी के परिवार को यह लाभ देने के लिए प्रस्ताव पारित किया जा चुका है। शीघ्र ही संबंधित परिवार को इसका लाभ देने के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। जब उनसे यह पूछा गया कि मृतक कर्मचारियों के आश्रित एक्स ग्रेशिया पॉलिसी के तहत 13 पद रिक्त होने का दावा कर रहे हैं, तो उन्होंने बताया कि इस बारे में शुगरफेड हरियाणा के एमडी से पत्राचार कर जानकारी मांगी गई है। यदि कोई स्वीकृति आती है, तो उस पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# आतंकवाद वित्तपोषण मामले में एसआईए ने जम्मू-कश्मीर में आठ जगह छापेमारी की

## मौलवी सरजन बरकती पर चंदा वसूलने और निजी लाभ के लिए इस्तेमाल करने का आरोप



एजेंसी। श्रीनगर

**जम्मू-कश्मीर** पुलिस की राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने 2016 में राष्ट्रविरोधी प्रदर्शनों का चेहरा रहे मौलवी सरजन बरकती द्वारा चंदा वसूलने और व्यक्तिगत लाभ के लिए उक्त राशि का इस्तेमाल करने से जुड़े एक मामले में शनिवार को आठ जगहों पर छापेमारी की।

हालांकि टीम अपनी जांच में अभी भी जुटी हुई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जम्मू-कश्मीर पुलिस के अपराध जांच विभाग (सीआईडी) की सहायक शाखा एसआईए ने चंदा जुटाने और राष्ट्र-विरोधी भाषणों की जांच के सिलसिले में इस साल की शुरुआत में बरकती के खिलाफ मामला दर्ज किया था। अधिकारियों के अनुसार, आरोप है कि संदिग्ध आतंकवादी स्रोतों के जरिए चंदे के माध्यम से 1.5 करोड़ रुपये जुटाए गए और व्यक्तिगत लाभ, मुनाफाखोरी व अलगाववादी-आतंकवादी अभियानों को आगे बढ़ाने के लिए उनका इस्तेमाल किया गया।

### आरोप है कि संदिग्ध आतंकवादी स्रोतों के जरिए चंदे के माध्यम से 1.5 करोड़ रुपये जुटाए

बरकती और अन्य पर आरोप है कि उन्होंने लोगों से उनकी रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने के लिए भावनात्मक अपील कर मोटी रकम अर्जित की। अधिकारियों ने कहा कि इस आड़ में बरकती ने न केवल भारी राशि अर्जित की, बल्कि अलगाववादी-आतंकवादी अभियानों को बनाए रखने में अज्ञात स्रोतों (संदिग्ध आतंकवादी संगठनों) से प्राप्त धन का शोधन भी किया।

शोपियां के जैनपुरा का रहने वाला बरकती 2016 में अपने भड़काऊ भाषणों के माध्यम से हिंसक आंदोलन के लिए हजारों लोगों को सड़कों पर लामबंद करने के लिए कुख्यात हो गया था। आरोप है कि बरकती खुलेआम युवाओं से हिंसा करने की अपील करता था।

# अदालत में पेश होने के लिए इस्लामाबाद रवाना हुए इमरान खान

एजेंसी। इस्लामाबाद (पाकिस्तान)

**इस्लामाबाद** की एक स्थानीय अदालत पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ तोशाखाना मामले में शनिवार को सुनवाई बहाल करेगी। इससे पहले हुई सुनवाइयों में पेश नहीं होने पर कानून प्रवर्तन कर्मियों की खान को गिरफ्तार करने की कोशिशें अभी तक नाकाम रही हैं।

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के 70 वर्षीय प्रमुख खान निर्वाचन आयोग द्वारा दायर शिकायत से जुड़ी कार्यवाही में हिस्सा लेने के लिए अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीएसजे) जफर इकबाल की अदालत में पेश होंगे। पाकिस्तान निर्वाचन आयोग (ईसीपी) ने संपत्ति संबंधी घोषणाओं में अपने उपहारों के विवरण को कथित रूप से छिपाने के लिए खान के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। खान अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ लाहौर स्थित अपने आवास से इस्लामाबाद के लिए निकले। इस्लामाबाद के जी-11 में न्यायिक परिसर के बाहर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं, जहां इमरान खान के दोपहर तक पहुंचने की संभावना है। इस्लामाबाद प्रशासन ने शुक्रवार रात को राजधानी में धारा-144 लागू कर दी थी।

# मोदी 2024 के चुनाव के बाद लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे : शाह

## विपक्ष को लेकर कहा, जब कार्रवाई की जा रही है तो मचा रहे हैं शोर



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) 2024 में भी सरकार बनाएगी और नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। शाह ने यहां आयोजित इंडिया टुडे कॉन्क्लेव में कहा कि मोदी सरकार के आने के बाद तीन अहम मुद्दों जम्मू कश्मीर, पूर्वोत्तर और नक्सली समस्या का मोटे तौर पर समाधान कर दिया गया है। गृह मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक करने के बाद कोई विदेशी ताकत ने देश के आतंरिक मामलों में हस्तक्षेप करने की हिम्मत नहीं की। उन्होंने कहा, जनता तय करेगी कि कौन देश का अगला प्रधानमंत्री होगा। मैंने देश के सभी हिस्सों का दौरा किया है और महसूस किया है कि भाजपा अगली सरकार बनाएगी और मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। शाह ने कहा कि 970 के बाद पहली बार होगा जब प्रधानमंत्री को लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए जनादेश मिलेगा। शाह से जब 2024 के चुनाव में राजग को मिलने वाली सीटों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि यह 2019 में मिली सीटों से अधिक होगी। शाह ने कहा, हमें (भाजपा) 303 से अधिक सीटें मिलेंगी। गौरतलब है कि भाजपा को 2019 के चुनाव में अकेले 303 सीटें मिली थीं, जबकि राजग को 543 सदस्ईय लोकसभा में करीब 350 सीटें मिली थीं।

### जांच किए जा रहे अधिकतर मामले संप्रग शासन में दर्ज हुए: गृहमंत्री

एजेंसी। नई दिल्ली

**केंद्रीय** गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को जोर देकर कहा कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जैसी एजेंसियां निष्पक्ष काम कर रही हैं और केवल दो को छोड़ अधिकतर जांच किए जा रहे मामले पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार में दर्ज किए गए थे। शाह ने एक कार्यक्रम में कहा कि जांच एजेंसियां जो भी कर रही हैं उसे अदालतों में चुनौती दी जा सकती है। उन्होंने कहा, वर्ष 2017 में हुए उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस की एक बड़ी महिला नेता ने कहा था कि अगर वे भ्रष्टाचार में संलिप्त हैं तो जांच क्यों नहीं होती। वह हमसे सवाल कर रही थीं। अब जब कार्वाई की जा रही है तो वह शोर मचा रहे हैं। केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि ये जांच एजेंसिया कानून से ऊपर नहीं है और किसी भी नोटिस, प्राथमिकी और आरोप पत्र को अदालतों में चुनौती दी जा सकती है। उन्होंने कहा, अदालत जाने के बजाय वे क्यों बाहर चिल्ला रहे हैं। मैं जनता से पूछना चाहता हूं कि अगर किसी पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं तो क्या उसकी जांच नहीं होनी चाहिए। केवल दो को छोड़ ये सभी मामले उनके शासन में दर्ज किए गए थे न कि हमारी सरकार के दौरान। अडाणी समूह के खिलाफ जांच के सवाल पर शाह ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की दो सदस्यीय समिति बनाई है और सभी को उनके पास जाकर जो भी सबूत है उन्हें जमा कराना चाहिए। उन्होंने कहा, अगर गलत हुआ है तो किसी को भी छोड़ा नहीं जाएगा। सभी को न्यायिक प्रक्रिया में विश्वास रखना चाहिए। शाह ने कहा कि लोगों को आधारहीन आरोप नहीं लगाने चाहिए क्योंकि वे अधिक समय तक नहीं टिकते।

# उप्र : स्कूटी और ट्रक की टक्कर में तीन की मौत

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में स्कूटी और ट्रक में हुई टक्कर में स्कूटी पर सवार तीन लोगों की मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हादसे के बाद ट्रक में फंसी स्कूटी काफी दूर तक घिसटती चली गई।

पुलिस अधीक्षक आनंद के मुताबिक, कटरा थाना क्षेत्र के लालपुर गांव का रहने वाला रामदीन (40) अपनी भाभी सुरजा देवी (35) और तीन साल के भतीजे के साथ शुक्रवार देर रात रिश्तेदारी से लौट रहा था। आनंद ने बताया कि कटरा कस्बे में रामदीन की स्कूटी एक ट्रक से टकरा गई और उसमें फंसकर काफी दूर तक घिसटती चली गई। पुलिस अधीक्षक के अनुसार, घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्कूटी सवार तीनों लोगों को इलाज के लिए बरेली भेजा, लेकिन वहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। आनंद ने बताया कि पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। उन्होंने बताया कि हादसे के बाद ट्रक चालक मौके पर वाहन छोड़कर फरार हो गया। उन्होंने कहा कि पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है और चालक की तलाश में जुटी है।

# कांग्रेस खतरे में है, न कि लोकतंत्र : जेपी नड्डा

### कांग्रेस मानसिक दिवालियापन की ओर बढ़ रही है, वह निंदनीय और पीड़ादाई

### कांग्रेस नेता भ्रष्टाचार कमीशनखोरी अपराधीकरण और बांटो व राज करो की नीति में संलिप्त



एजेंसी। मोलकाल्मुरु (कर्नाटक)

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शुक्रवार को कहा कि देश में कांग्रेस पार्टी खतरे में है, न कि लोकतंत्र। उन्होंने यह हमला कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा लंदन में दिए गए बयान के मद्देनजर किया। उन्होंने कांग्रेस नेता पर भारत की संप्रभुता को चुनौती देने का आरोप लगाया और जनता से अपील की कि वह ऐसे लोगों को (चुनाव में हराकर) घर पर बैठाए।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा, कांग्रेस जिस तरह से मानसिक दिवालियापन की ओर बढ़ रही है, वह निंदनीय और पीड़ादाई है। कांग्रेस इन दिनों जिस तरह की गतिविधियों में संलिप्त है और उसके नेता राहुल गांधी जो कर रहे हैं, वह निंदनीय है। यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए नड्डा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी, अपराधीकरण और बांटो व राज करो की नीति में संलिप्त है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा, उन्होंने अब सारी हदें पार कर दी हैं...राहुल गांधी इंग्लैंड जाते हैं और भारत की संप्रभुता पर सवाल उठाते हैं। वह कहते हैं कि यहां लोकतंत्र खत्म हो गया।

हाल में संपन्न विधानसभा चुनाव में नगालैंड को कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली, मेघालय में पांच सीट और त्रिपुरा में तीन सीट मिली है। यह लोकतंत्र नहीं है, जो खतरे में है, आपकी पार्टी खतरे में है। नड्डा ने इस मई में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी द्वारा निकाली गई विजय संकल्प यात्रा के तहत आयोजित जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने लंदन में राहुल गांधी द्वारा की गई टिप्पणी का संदर्भ दिया, जिसमें उन्होंने कहा कि भारत के लोकतांत्रिक ढांचे पर बर्बर हमला हो रहा है।

राहुल गांधी द्वारा कथित तौर पर भारत में लोकतंत्र के मुद्दे पर अमेरिका-यूरोप से हस्तक्षेप करने की मांग करने पर हमला करते हुए नड्डा ने सवाल किया, क्या हमें ऐसे नेताओं को (राजनीति में)बने रहने देना चाहिए? उन्हें घर बैठा देना चाहिए। कर्नाटक के प्रदेश भाजपा अध्यक्ष नलिन कुमार कटील, राज्य के मंत्री आर अशोक, बी श्रीरामलु उन नेताओं में शामिल थे, जिन्होंने जनसभा में हिस्सा लिया।

# असम में भूकंप के झटके महसूस किए गए

**गुवाहाटी।** असम में शनिवार सुबह एक के बाद एक भूकंप के दो झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर इनकी तीव्रता 3.6 और 2.8 दर्ज की गई। यह जानकारी एक आधिकारिक बुलेटिन में दी गई। बुलेटिन के मुताबिक, भूकंप से जानमाल के नुकसान की फिलहाल कोई सूचना नहीं है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र की ओर से जारी बुलेटिन में कहा गया है कि 3.6 तीव्रता का पहला भूकंप सुबह नौ बजकर तीन मिनट पर आया। जिसका केंद्र ब्रह्मपुत्र नदी के दक्षिणी किनारे पर जोरहाट जिले के टीटाबार के पास 50 किलोमीटर की गहराई में था। पड़ोसी शिवसागर, कार्बी आंगलोंग और गोलाघाट जिलों में भी लोगों ने इस भूकंप के झटके महसूस किए।

# तृणमूल-सपा ने कांग्रेस भाजपा से किनारा किया

### अखिलेश-ममता ने कहा, 2024 के आम चुनाव के लिए क्षेत्रीय दलों से करेंगे बात

एजेंसी। कोलकाता

**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी-नीत तृणमूल कांग्रेस और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली समाजवादी पार्टी ने शुक्रवार को कहा कि दोनों दल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से दूरी बनाकर रखेंगे। साथ ही उन्होंने अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए क्षेत्रीय पार्टियों से बातचीत करने के संकेत दिए।

बनर्जी और यादव ने यहां कालीघाट में मुलाकात की और दोनों विपक्षी नेताओं ने मिलकर भाजपा से लड़ने का फैसला किया। दोनों नेताओं ने यह घोषणा ऐसे समय की है जब कांग्रेस, तमिलनाडु में एम के स्टालिन-नीत द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक), बिहार में लालू प्रसाद यादव-नीत राष्ट्रीय जनता दल, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार-नीत जनता दल यूनाइटेड (जद यू) और यहां तक कि वाम दल भी भाजपा के खिलाफ वृहद विपक्षी मोर्चा बनाने के लिए करीब आ रहे हैं।

तृणमूल कांग्रेस ने कहा कि वह 2024 के चुनाव में भाजपा का मुकाबला करने के लिए क्षेत्रीय पार्टियों से बातचीत करेगी, लेकिन साथ ही उसने कांग्रेस और वाम दलों से अलग तीसरा मोर्चा बनाने की योजना से इनकार किया। केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा और कांग्रेस से समान दूरी की घोषणा समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष ने की। उन्होंने पार्टी की बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, बंगाल में हम ममता दीदी के साथ हैं। अभी हमारा रुख भाजपा और कांग्रेस दोनों से समान दूरी बनाने का है। क्या कांग्रेस का उत्तर प्रदेश में कुछ बचा है? हम भाजपा के खिलाफ अपनी लड़ाई जारी रखेंगे।

# महाराष्ट्र : किसानों की पदयात्रा में शामिल 58 वर्षीय व्यक्ति की मौत

### डिंडोरी से हजारों किसानों और आदिवासियों का 200 किमी. पैदल मार्च हुआ था शुरू



एजेंसी। ठाणे

**उत्तर** महाराष्ट्र के नासिक जिले से हजारों किसानों और आदिवासियों के मुंबई कूच में शामिल 58 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। नासिक में डिंडोरी के पास एक गांव के निवासी पुंडलिक अंबो जाधव को बेचैनी की शिकायत के बाद शुक्रवार दोपहर शाहपुर के एक अस्पताल ले जाया गया था।

अधिकारी ने कहा कि बेहतर महसूस करने के बाद जाधव उस स्थान पर लौट आए, जहां प्रदर्शनकारी डेरा डाले हुए हैं। अपनी मांगों को लेकर पिछले रविवार को डिंडोरी से हजारों किसानों और आदिवासियों का 200 किलोमीटर पैदल मार्च शुरू हुआ था। यह मुंबई से लगभग 80 किमी दूर ठाणे जिले के वासिंद शहर में पहुंच गया है।

किसानों और आदिवासियों की मांगों में प्याज किसानों को 600 रुपये प्रति कुंतल की सहायता देना, 12 घंटे की निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करना और कृषि ऋण माफ किया जाना शामिल है। अधिकारी ने कहा कि शुक्रवार रात करीब आठ बजे भोजन करने के बाद जाधव को उल्टी हुई और फिर बेचैनी होने लगी। उन्हें शाहपुर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वासिंद थाने के प्रभारी ने कहा कि आकस्मिक मौत का मामला दर्ज कर लिया गया है और जाधव के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शुक्रवार को विधानसभा में चर्चा के दौरान सदन को सूचित किया था कि उन्होंने एक किसान प्रतिनिधिमंडल से 14 सूत्रीय मांग पर चर्चा की है, जिनमें वन पर अधिकार, वन भूमि पर अतिक्रमण, मंदिर न्यासों और चारागाह की जमीन किसानों को हस्तांतरित करने की मांग शामिल है।

किसानों से विरोध-प्रदर्शन रोकने की अपील करते हुए शिंदे ने कहा कि लिए गए फैसलों को तत्काल लागू किया जाएगा।

# पश्चिमी देशों ने उ. कोरिया में मानवाधिकार उल्लंघनों को रेखांकित किया

### चीन ने जताया विरोध



एजेंसी। संयुक्त राष्ट्र

**अमेरिका** और उसके पश्चिमी सहयोगियों ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र की एक बैठक में उत्तर कोरिया में मानवाधिकार हनन की गंभीर स्थिति और वहां बढ़ते दमन को रेखांकित किया, लेकिन चीन और रूस ने इस कदम को राजनीति से प्रेरित बताते हुए इसकी निंदा की और कहा कि इससे कोरियाई प्रायद्वीप में तनाव और बढ़ सकता है।

चीन ने अमेरिका को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अनौपचारिक बैठक को इंटरनेट के जरिए वैश्विक स्तर पर प्रसारित करने से रोक दिया। अमेरिका की राजदूत लिंडा थॉमस ग्रीनफील्ड ने चीन के इस कदम की निंदा की और इसे उत्तर कोरिया की ज्यादतियों को दुनिया से छिपाने की कोशिश बताया। वेबकास्टिंग के लिए परिषद के सभी 15 सदस्यों की सहमति आवश्यक है। अमेरिकी राजदूत ने कहा कि प्रसारण रोकने का बीजिंग का प्रयास व्यर्थ रहेगा, क्योंकि बैठक संबंधी जानकारी को सार्वजनिक किया जाएगा और अमेरिका एवं कई अन्य देश उत्तर कोरिया में मानवाधिकारों के हनन और अंतरराष्ट्रीय शांति के लिए उससे पैदा होने वाले खतरों के खिलाफ बोलना जारी रखेंगे। मानवाधिकारों के लिए संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त के कार्यालय में एक वरिष्ठ अधिकारी जेम्स टर्पिन ने कहा कि कोरियाई प्रायद्वीप पर जारी तनाव क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा के लिए खतरा है और इस तनाव को उत्तर कोरिया में मानवाधिकार हनन की गंभीर स्थिति से अलग करके नहीं देखा जा सकता। उ. में मानवाधिकारों के मामले पर संयुक्त राष्ट्र की विशेष जांचकर्ता एलिजाबेथ सैल्मन ने भी अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा और मानवाधिकारों के आपस में जुड़े होने पर जोर दिया।

# पुतिन के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट को लेकर यूक्रेन पर रूसी हमला जारी

**कीव।** राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और रूस के बाल अधिकार आयुक्त के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय के फैसले के बाद यूक्रेन पर रूस का व्यापक हमला जारी है।

यूक्रेनी वायुसेना ने शनिवार तड़के कहा कि उसके देश पर शुक्रवार की रात 16 रूसी ड्रोन ने हमला किया। टेलीग्राम पर वायुसेना कमान ने लिखा कि 16 में से 11 ड्रोन को केंद्रीय, पश्चिमी और पूर्वी इलाकों में मार गिराया गया। जिल इलाकों को निशाना बनया गया उनमें कीव, पश्चिमी ल्वीव प्रांत शामिल हैं। कीव शहर प्रशासन के प्रमुख सेर्ही पोपको ने कहा कि यूक्रेनी वायुसेना ने यूक्रेन की राजधानी की ओर जाने वाले सभी ड्रोनों को मार गिराया, जबकि ल्वीव के क्षेत्रीय गवर्नर मैक्सिम कोजित्स्की ने शनिवार को कहा कि छह में से तीन ड्रोन को मार गिराया गया, जबकि अन्य तीन ने पोलैंड की सीमा से लगे जिले को निशाना बनाया। यूक्रेनी वायुसेना के अनुसार, हमले आजोव सागर के पूर्वी तट और रूस के ब्रायंस्क प्रांत से किए गए।

### राजस्थान विस में 2023 24 का बजट पारित

# मुख्यमंत्री गहलोत ने की 19 नए जिले बनाने की घोषणा


एजेंसी। जयपुर

**राजस्थान** विधानसभा ने सोमवार को ध्वनि मत से राज्य का वित्त वर्ष 2023-24 का बजट पारित कर दिया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य में 19 नए जिले और तीन नए संभाग बनाने की घोषणा की। उन्होंने अविलंब कार्यान्वयन के लिए पहले चरण में बुनियादी ढांचे, मानव संसाधन के लिए 2,000 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित किया।

गहलोत ने चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के बढ़े हुए 25 लाख रुपए के पैकेज को 30 मार्च से शुरू करने की भी घोषणा की। पहले पैकेज की सीमा 10 लाख रुपए प्रति परिवार थी। गहलोत ने शुक्रवार को वित्त विनियोग विधेयक (बजट) पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि प्रभावी, पारदर्शी और संवेदनशील प्रशासन देना राज्य सरकार की प्रतिबद्धता है। राज्य सरकार ने विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया है और ऐसे में हर गांव और ढाणी में ए योजनाएं पहुंचती हैं, इसके लिए जिला स्तर पर पूरी संवेदनशीलता के साथ काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भौगोलिक दृष्टि से राजस्थान देश का सबसे बड़ा राज्य है और कुछ स्थानों की जिला मुख्यालय से दूरी 100 किलोमीटर से अधिक है इसलिए लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

गहलोत ने कहा, छोटे जिलों से प्रभावी प्रशासन, प्रबंधन और कानून व्यवस्था पर नियंत्रण आसान हो जाता है। देश के विभिन्न राज्य नए जिले बनाने में आगे रहे हैं और हाल ही में पश्चिम बंगाल ने सात नए जिले बनाए हैं इसलिए राज्य के भीतर नए जिले बनाने की मांग थी।

### राजस्थान विधानसभा में मुख्यमंत्री ने तीन नए संभाग बनाने की घोषणा की



मुख्यमंत्री गहलोत ने अनूपगढ, बालोतरा, ब्यावर, डीग डीडवाना, कुचामनसिटी, दूदू, गंगापुरसिटी, जयपुर उत्तर, जयपुर दक्षिण, जोधपुर पश्चिम, केकडी, कोटपूतली, खैरथल, नीमकाथाना, फलौदी, सलूंबर, सांचौर, शाहपुरा-भीलवाडा को नए जिले बनाने की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि 19 नए जिलों के बाद प्रदेश में कुल 50 जिले हो जाएंगे। इन सभी का प्रदेश मुख्यालय से संपर्क संभागीय मुख्यालयों के माध्यम से होता है इसलिए इस प्रबंध को सुदृढ़ करने की दृष्टि से प्रदेश में तीन नए संभाग बांसवाड़ा, पाली, और सीकर बनाने की घोषणा की है।

उन्होंने 75 साल से ज्यादा उम्र के राज्य पेंशनभोगियों की पेंशन में 10 प्रतिशत वृद्धि की घोषणा की। उन्होंने कहा, प्रदेश में 80 वर्ष से अधिक आयु के पेंशनभोगियों को पेंशन राशि में वृद्धि का लाभ प्राप्त होता है। आयु बढ़ने के साथ ही अतिरिक्त वित्तीय सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सरकार ने 75 वर्ष से अधिक आयु के पेंशनभोगियों को पेंशन राशि में मूल पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त भत्ते की घोषणा की है।

गहलोत ने उज्जैन के महाकाल की तर्ज पर जयपुर के गोविंददेव जी मंदिर में कॉरिडोर बनाने घोषणा की और इस कार्य के लिए 100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया। उन्होंने पुष्कर, त्रिपुरा सुंदरी, सांवलियाजी, सालासर, खोले के हनुमान मंदिर, तनोट माता, श्रीनाथ जी, कैला देवी वीर तेजाजी, एकलिंग जी जैसे प्रसिद्ध मंदिरों के विकास के लिए डीपीआर बनाने की घोषणा की।

### अव्यवहारिक बजट धरातल पर नहीं आ सकेगा

**इससे** पहले राज्य के बजट की आलोचना करते हुए विपक्ष के उपनेता राजेंद्र राठौड ने कहा, पिछले चार साल से आपसी कलह झेल रही सरकार ने अपना आखिरी बजट पेश कर दिया है लेकिन यह बजट धरातल पर नहीं आएगा क्योंकि यह अव्यावहारिक है और चुनावों को देखते हुए गुमराह करने वाला है।

### जनघोषणा पत्र के 80 फीसदी वादे पूरे किए

**2023-24** के बजट में 1,018 घोषणाएं की गई, जिनमें से 250 घोषणाओं की स्वीकृतियां जारी की जा चुकी हैं। जनघोषणा पत्र के 80 प्रतिशत वायदे पूरे किए जा चुके हैं तथा लगभग 16 प्रतिशत पर काम चल रहा है।

### राजस्थान बना एक आदर्श राज्य

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि चिरंजीवी, उड़ान, सामाजिक सुरक्षा, निःशुल्क राशन, पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) जैसे महत्वपूर्ण निर्णयों से राजस्थान आज आदर्श राज्य बन गया है।

# ट्रंप 2024 के राष्ट्रपति चुनाव के लिए इस महीने टेक्सास में करेंगे पहली जनसभा

एजेंसी। न्यूयॉर्क



**अमेरिका** के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 2024 के राष्ट्रपति चुनाव प्रचार अभियान के तहत इस महीने के अंत में टेक्सास के वाको में अपनी पहली जनसभा करेंगे।

राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए ट्रंप के प्रचार अभियान से जुड़े अधिकारियों ने शुक्रवार को घोषणा की कि पूर्व राष्ट्रपति 25 मार्च की शाम को वाको में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। चूंकि, टेक्सास रिपब्लिकन पार्टी के प्रभाव वाला प्रांत है, जहां भारी तादाद में ट्रंप समर्थक मौजूद हैं, इसलिए जनसभा में बड़े पैमाने पर भीड़ जुटने की संभावना जताई जा रही है। यह जनसभा ऐसे समय में आयोजित की जा रही है, जब कानून प्रवर्तन अधिकारी 2016 के राष्ट्रपति चुनाव अभियान के दौरान ट्रंप के नाम पर किए गए कथित गुप्त भुगतान को लेकर उनके खिलाफ संभावित कानूनी कार्रवाई के मद्देनजर सुरक्षा इंतजाम करने की कवायद में जुटे हैं। मामले में ट्रंप को अभ्यारोपित किया जाता है, तो यह अमेरिकी इतिहास में पहली बार होगा, जब किसी पूर्व राष्ट्रपति पर किसी अपराध में आरोप लगाए जाएंगे।

# बिजलीकर्मियों की हड़ताल से जनता बेहाल

## नोएडा के 12 से ज्यादा सेक्टरों में सप्लाई बुरी तरह प्रभावित, गाजियाबाद में 60 स्थानों पर फॉल्ट

● लोगों का फोन तक नहीं उठा रहे कर्मचारी, लाइट नहीं होने से घरों में हुई पानी की किल्लत

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा/गाजियाबाद

**उत्तर** प्रदेश में चल रही बिजली कर्मियों की हड़ताल से नोएडा और गाजियाबाद के लोग बेहाल है। नोएडा के 12 से अधिक सेक्टर में शनिवार को दो से तीन घंटे तक बिजली गुल होने से लोगों की परेशानी बढ़ गई।

बारिश और ओला गिरने से कई सेक्टरों में फाल्ट हुए। लेकिन उनको ठीक नहीं किया जा सका। हालांकि कई यूनियन अब भी काम कर रही है। वहीं गाजियाबाद में भी गाजियाबाद में 60 स्थानों पर फॉल्ट होने से पूरी विद्युत व्यवस्था चरमरा गई।

विद्युत कर्मचारी संघर्ष समिति की अपील पर जिले के अधिकांश अभियंता और कर्मचारी हड़ताल पर हैं। औद्योगिक सेक्टर में बिजली गुल होने की उपभोक्ता द्वारा शिकायत करने पर बिजली कर्मियों ने बताया कि हड़ताल के कारण बिजली गई है। पता नहीं कब आएगी। इसी तरह की परेशानी सेक्टर-82 के उपभोक्ता को भी झेलनी पड़ी। इससे सेक्टर में जल आपूर्ति भी नहीं हो सकी। संघर्ष समिति के जिला संयोजक धनंजय शर्मा ने कहा कि नोएडा में करीब यूनियन के करीब 450 कर्मी हड़ताल पर हैं। कुछ यूनियन अब भी हड़ताल से बाहर हैं, लेकिन अधिकांश सब स्टेशनों पर अधिशासी अभियंता के दरवाजों पर कुंडी लगी मिली। जिसके चलते नए कनेक्शन, बिजली का बिल, शिकायत आदि नहीं हो सकी।

शहर में जेई और एसडीओ के दफ्तर के अलावा डिवीजन दफ्तरों पर भी शनिवार को ताला लटका मिला। ऐसे में जेई और एसडीओ के दफ्तर के बाद डिवीजन दफ्तर पहुंच रहे उपभोक्ता की समस्याओं का निदान नहीं हुआ। विद्युत निगम ने सेक्टर.18 बिजली दफ्तर पर अस्थाई कंट्रोल रूम बनाया है। तैनात कर्मी हर दो घंटे में शहर की सामान्य आपूर्ति की जानकारी ले रहा है। कर्मी को अधिशासी अभियंता सामान्य सप्लाई की सूचना दे रहे हैं।


निजीकरण के खिलाफ नारेबाजी करते बिजली कर्मचारी।

### इन सेक्टरों में हो रही दिक्कत

**सेक्टर-18, सेक्टर-62, सेक्टर-82, सेक्टर-16, सेक्टर-71, एनएसईजेड, सेक्टर-12, 20, सेक्टर-45, 38, 80, 83ए, 62ए, सेक्टर-132ए और जेवर में भी लोगों को कई घंटे तक कटौती का सामना करना पड़ रहा है।**

### सेक्टर में सफाई न होने से लोगों ने किया प्रदर्शन

*नोएडा। ग्रेटर नोएडा के सेक्टर बीटा 1 में लोगों ने प्राधिकरण के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उन्होंने प्राधिकरण के खिलाफ नारे भी लगाए। सेक्टर में सही तरीके से सफाई न होने से परेशान सेक्टर वासियों ने प्राधिकरण को चेतावनी दी कि अगर सही तरीके से सेक्टर की सफाई नहीं हुई तो वह लोग प्राधिकरण का घेराव करेंगे।*

*सेक्टर बीटा 1 निवासी हरेंद्र भाटी ने बताया कि सेक्टर बीटा और ग्रेटर नोएडा के तमाम सेक्टरों और गांवों में सफाई नियमित रूप से नहीं कराई जा रही है, जिस कारण सेक्टर में गंदगी के ढेर लगे हैं। लगभग 10 से 15 दिनों तक पत्तों के ढेरों को नहीं उठाया जाता है। जबकि हर रोज झाड़ू लगाने का प्राधिकरण ने ठेकेदारों को निर्देश दिया है। ठेकेदार सफाई का केवल दिखावा कर रहे हैं। जिम्मेदारों को जल्द सफाई व्यवस्था को दुरस्त कराना चाहिए। सेक्टर की महिलाओं ने कहा कि सेक्टर की पूरी सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है। चारो तरफ गंदगी है। पेड़ों से गिरे पत्तों का ढेर लगा हुआ है।*

● पिछले दस दिन से नहीं उठाया जा रहा कूड़ा

### कंट्रोल रूम में आ रहीं लगातार शिकायतें

**गाजियाबाद।** विद्युत कर्मचारियों की हड़ताल का शनिवार को दूसरा दिन है। दूसरे दिन लालकुआं, राजनगर एक्सटेंशन और लैंडक्राफ्ट स्थित लाइनों में फाल्ट आने से बिजली आपूर्ति बाधित रही थी। गाजियाबाद में बीते 24 घंटे में 60 स्थानों पर फॉल्ट हुए हैं। बिजली आपूर्ति बुरी तरह बाधित है।

लालकुआं द्वितीय में सुबह से बिजली आपूर्ति ठप है। लाइन को बहाल करने के काम में विभागीय अधिकारी जुटे हुए हैं, लेकिन समय लगने के कारण उपभोक्ताओं में नाराजगी दिखाई दे रही है। हड़ताल के चलते बनाए गए कंट्रोल रूम में सौ से अधिक शिकायतें दर्ज की गई हैं जिसमें सबसे अधिक शिकायतें लालकुआं द्वितीय से ही आ रही हैं। शिकायतों के मामले में लोनी का इन्द्रप्रस्थ इलाका दूसरे स्थान पर है। राजनगर एक्सटेंशन के नूरनगर बिजली घर पर भी सप्लाई बाधित है। यहां तैनात एक पूर्व कर्मचारी ने काम करने से इंकार कर दिया है। यही स्थिति अन्य जगहों की भी है। जहां-जहां सप्लाई बाधित है उसे दोबारा सुचारू रूप से चलाने में मुश्किलें हो रही हैं। अधिकतर केन्द्रों पर तैनात अतिरिक्त कर्मचारी या तो फोन नहीं उठा रहे हैं या फिर काम करने से इंकार कर रहे हैं। इसका खामियाजा उपभोक्ताओं को उठाना पड़ रहा है। साहिबाबाद के कई क्षेत्रों में भी ट्रिपिंग की समस्या सामने आई है। विद्युत कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर राजनगर पावर कॉरपोरेशन मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। संगठन के संयोजक शेरसिंह ने बताया कि हड़ताल जारी रहेगी। संगठन पर बेवजह दबाव बनाकर आंदोलन को समाप्त करने की रणनीति बनाई जा रही है जिसे पूरा नहीं होने दिया जाएगा। कर्मचारी जब तक काम नहीं करेंगे तब तक उनकी मांगे नहीं मानी जाएगी।

**मानव अवशेष किसके... 36 घंटे बाद भी नहीं मिला कोई ठोस सबूत**

# कहीं निठारी पार्ट-2 तो नहीं, 50 सीसीटीवी फुटेज खंगाले, डेढ़ किमी तक सफाई कराई

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

**नोएडा** के सेक्टर-8 स्थित नाले में मिले मानव अवशेष किसके है, 36 घंटे बाद भी पुलिस के लिए सवाल बना हुआ है। अब तक 50 सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा चुका है। लेकिन कोई सबूत हाथ नहीं लगा है। नाले के पास दुकान में लगा सीसीटीवी कैमरा भी सिफ लाइव फटेज देता है। सामने ये भी आ रहा है ये कटे अंग किसी महिला या ट्रांसजेंडर्स के हो सकते है।

हालांकि ट्रांसजेंडर्स की पुष्टि पुलिस की ओर से नहीं की जा रही है। एडीसीपी शक्ति अवस्थी ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से काफी मदद मिलेगी। रिपोर्ट देर शाम तक आने की उम्मीद है। हालांकि लोगों के जहन में निठारी की याद को ताजा कर दिया है। उसकी शुरुआत भी ऐसे ही हुई थी। ये अंग नाले में बहकर आए हो सकते है। इसके सोर्स तक पहुंचना ज़रुरी है। नाले के करीब 1 से डेढ़ किमी तक सफाई और छानबीन की गई। मानव शरीर का कोई और पार्ट अब तक नहीं मिला। जो मिला था उसके पैर के नाखून में नेल पालिश और हाथ में हरा रंग था। प्राथमिक जांच में शव महिला का ही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद इसकी उम्र के बारे में सही जानकारी मिल सके। पुलिस ने दिल्ली और आसपास के जिलों के थानों में संपर्क कर हाल ही के दिनों में गुमशुदगी के मामलों की जानकारी साझा करने को कहा है। नोएडा के सेक्टर.8 के एक नाली में गुरुवार सुबह एक महिला के पैर व हाथ कटे हुए अंग मिले थे। इसके साथ साथ सफाई कर्मियों को बुला कर नाले में महिला का सिर व धड़ की तलाश कराई लेकिन वह नहीं मिला। पुलिस को आशंका है कि महिला की हत्या के बाद हत्यारे ने शव के कई टुकड़े कर उसे अलग अलग स्थानों पर फेंका है।

डीसीपी नोएडा जोन हरीश चंदर ने बताया कि मानव अंगो को देख कर ऐसा प्रतीत हो रहा था। वह चार पांच दिन पुराने है और किसी महिला के है। पुलिस आसपास की फैक्ट्रियों में काम करने वाले कर्मचारियों व सेक्टर-8 की झुग्गियों में पता लगाने का प्रयास कर रही है कि कोई महिला लापता तो नहीं है। वहीं आशंका है कि किसी ने कहीं और हत्या कर शव के टुकड़े कर अलग अलग जगह फेंके है। दो दिन पहले हिंडन नदी में भी ईकोटेक थाना क्षेत्र में एक महिला का शव मिला था। उसके बारे में भी पता लगाया जा रहा है। मानव शरीर के कटे हुए टुकड़े मिलने के मामले ने नोएडा के चर्चित निठारी कांड की याद दिला दी। निठारी कांड के शुरुआत में भी इसी प्रकार शरीर के टुकड़े मिले थे।

### कोरोना के नए 19 केस हेल्पलाइन नंबर जारी

**नोएडा।** नोएडा में कोरोना को लेकर फिर से सतर्कता बढ़ा दी गई है। जिले में कोरोना के नए मामले सामने आने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीएमओ डा सुनील कुमार शर्मा ने स्वास्थ्य केन्द्रों और अस्पतालों को सतर्क रहने के निर्देश दिये हैं। वहीं आमजन से कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने की अपील की है।

सीएमओ ने बताया कि जिले 19 मामले कोविड के दर्ज हुए हैं। हालांकि इनमें कोई भी मरीज अस्पताल में भर्ती नहीं है, सभी होम आइसोलेशन में हैं।

# चिराग दिल्ली फ्लाईओवर पर मिलेगी जाम से राहत

## मरम्मत के दौरान फ्लाईओवर की दो लेन पर होगा काम, एक पर चालू रहेगा यातायात

● 31 मार्च तक एक हिस्से के रखरखाव का काम पूरा हो जाएगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

चिराग दिल्ली फ्लाईओवर पर मरम्मत के कारण लग रहे भयंकर जाम ने दिल्ली सरकार की भी नींद उड़ा दी है। आनन फानन में शनिवार को लोक निर्माण विभाग की मंत्री आतिशी मार्लेना ने दिल्ली पुलिस और विभाग के अधिकारियों के साथ मरम्मत कार्य का निरीक्षण और हालात का जायजा लेने पहुंची। उन्होंने अधिकारियों को काम की रफ्तार को और तेज करने के साथ यातायात को सुचारू बनाने के लिए बेहतर ढंग से यातायात प्रबंधन करने के निर्देश दिए। मंत्री ने बताया कि उनकी सरकार ने निर्णय लिया है कि मरम्मत के दौरान दो लेन पर काम होगा और एक लेन यातायात के लिए खुलेगी। इससे लोगों को भीषण जाम से कुछ राहत मिलेगी। पीडब्ल्यूडी फ्लाईओवर की मरम्मत का काम कर रहा है और इस वजह से जगह-जगह जाम की शिकायतें आ रही हैं। आतिशी ने दिल्ली पुलिस को वाहन चालकों के लिए वैकल्पिक मार्ग सुझाने को कहा है। आतिशी ने कहा कि चिराग दिल्ली फ्लाईओवर पर आवाजाही करने वाले लोगों को यातायात जाम से निजात मिले इसके लिए पीडब्ल्यूडी युद्धस्तर पर काम कर रहा है। 31 मार्च तक फ्लाईओवर के एक हिस्से के रखरखाव का कम पूरा हो जायेगा। मुख्यमंत्री के सुझाव पर यह निर्णय भी लिया गया है कि फ्लाई ओवर के दूसरे हिस्से के मेंटेनेंस के दौरान दो में से एक लेन ट्रैफिक के लिए खुला रहेगा ताकि लोगों को जाम से न जूझना पड़ें।

मंत्री ने साझा किया कि पिछले दिनों यहाँ जाम लगने की शिकायत पर त्वरित संज्ञान लेते हुए काम की रफ्तार को बढ़ाने और 50 दिन के बजाय मेन्टेनेंस के काम को महीने भर के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए थे। तेजी काम होता रहा इसके लिए वे स्वयं 25 मार्च को दोबारा एक बार फ्लाईओवर का निरीक्षण करने आएंगी। पीडब्ल्यूडी व दिल्ली पुलिस के अधिकारीयों के साथ संयुक्त निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण मंत्री आतिशी ने अधिकारीयों को निर्देश दिए कि यातायात को सुगम बनाने के लिए बेहतर ढंग से ट्रैफिक मैनेजमेंट का एक्शन प्लान बनाया जाए ताकि दूसरे हिस्से के मेन्टेनेंस के दौरान ट्रैफिक जाम नहीं लगे।

पीडब्ल्यूडी मंत्री ने कहा कि लोगों को बेहतर सुविधाएँ देना और उनकी सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है। इस दिशा में समय-समय पर पीडब्ल्यूडी सड़कों व फ्लाईओवेरों के रखरखाव का कार्य किया जाता है जिससे इनकी मजबूती बढ़ती है और लोगों की सुरक्षा की दृष्टि से भी यह महत्वपूर्ण है लेकिन वह यह भी सुनिश्चित कर रही है कि इस दौरान लोगों को किसी समस्या का सामना न करना पड़े।


पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने दिल्ली पुलिस और विभाग के अधिकारियों के साथ निर्माणधीन चिराग दिल्ली फ्लाईओवर का निरीक्षण किया।

### बच्चियों के ऊपर पलटा गैस सिलेंडर से भरा रिक्शा, एक की मौत

**गाजियाबाद।** कमला गैस एजेंसी के ई-रिक्शा चालक की लापरवाही ने दो अबोध बहनों को टक्कर मार दी। वहीं इस घटना के दौरान रिक्शे में रखे गैस सिलेंडरों के नीचे दबकर 6 वर्षीय अलीना की मौत हो गई।

इस हादसे के दौरान अलीना की छोटी बहन 3 वर्षीय आयशा भी गंभीर रूप से घायल हो गई है। डीसीपी सिटी जोन निपुण अग्रवाल ने बताया कि यह हादसा उस समय हुआ कि जब पक्की मोरी पर रहने वाले आमिर नामक व्यक्ति की दो भांजी अलीना व आयशा घर के बाहर खेल रही थी। तेज रफ्तार ई-रिक्शा चालक अपने वाहन पर नियंत्रण नहीं कर पाया और दोनों बच्चियां ई-रिक्शा की चपेट में आकर उसमें भरे दर्जनों गैस सिलेंडरों के नीचे दब गई। अग्रवाल ने बताया कि पुलिस ने तहरीर के आधार पर ई-रिक्शा चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके उसकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिये हैं।

## संक्षिप्त समाचार


सेट पर कपिल शर्मा के साथ डॉ. गुरुप्रीत सिंह रम्मी और उनकी टीम।

### कपिल शर्मा शो की शान बने ऑक्सीजन 'रम्मी'

**गाजियाबाद।** प्रसिद्ध हास्य कलाकार कपिल शर्मा के शो पर ऑक्सीजन मैन गुरुप्रीत सिंह रम्मी ने अपनी टीम के साथ भाग लिया। कोरोना काल में जनसेवा के लिए खालसा हेल्प इंटरनेशनल की टीम को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। इस टीम में विशेषकर डॉक्टर गुरप्रीत सिंह रम्मी (ऑक्सीजन मैन ऑफ इंडिया) गौरव कुमार, शमशेर बल और गुनीत सिंह शामिल हुए। यह एपिसोड शनिवार और रविवार को (18.03.2023 और 19.03.2023 को प्रसारित होगा। इस दौरान कपिल शर्मा ने खालसा हेल्प की टीम को सबसे मिलवाया और करोना के दौरान खालसा हेल्प द्वारा किए गए कामों पर चर्चा हुई। यह जानकारी गुरुप्रीत सिंह रम्मी ने दी।

### स्वच्छता में नंबर वन बनेगा गाजियाबादः वीके सिंह



**गाजियाबाद।** अगले महीने शहर में स्वच्छ सर्वेक्षण की टीम आने जा रही है। इससे पहले ही अब निगम भी शहर को सफाई के मामले में स्मार्ट बनाने में जुटा है। गाजियाबाद को पहला ऑटोमैटिक कूड़ा ट्रांसफर केन्द्र मिला है। पीपीपी यानी प्राइवेट पब्लिक पार्टनरशिप बेस यह केन्द्र अकबरपुर बहरामपुर के पास विजयनगर जोन में बनाया गया है। इसका लोकार्पण केन्द्रीय मंत्री वीके सिंह ने लोकार्पण किया। वीके सिंह ने नगर निगम के कूड़ा ट्रांसपोर्ट कंटेनर को भी हरी झंड़ी दिखाकर रवाना किया। लोकार्पित कूड़ा ट्रांसफर केन्द्र 200 मीट्रिक क्षमता को होगा। शहर में चार और कूड़ा ट्रांसफर केन्द्र बनाए जाएंगे। इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री वीके सिंह ने कहा कि स्वच्छता के मामले में गाजियाबाद यूपी का नंबर वन शहर है।

### 74 संपत्तियों पर 13 सौ करोड़ किराया बकाया

**नोएडा।** बिल्डर ही नहीं बल्कि किराए पर दी गई संपत्तियों का बकाया भी प्राधिकरण वसूल नहीं सका है। इसमें बैंक, सरकारी आफिस, गैस गोदाम, शो रूम के अलावा पेट्रोल पंप ऑपरेटर समेत कुल 74 परिसंपत्तियां शामिल है। जिन पर करीब 1300 करोड़ रुपए बकाया है। ये बकाया 31 जनवरी 2023 तक संकलित किए गए आंकड़ों के अनुसार है। इनमें से बैंक और पेट्रोल पंप संचालकों के मामले कोर्ट में है। प्राधिकरण सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने बताया कि अधिकांश मामले कैंसिल हो चुके है। कई मामले हाईकोर्ट में विचाराधीन है। जिन पर पैरवी की जा रही है।

### सुहागरात के दिन लाखों के जेवरात लेकर भागी दुल्हन

**नोएडा।** थाना जेवर क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले युवक की शादी पूर्वी उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के पास हुई थी। बृहस्पतिवार को दूल्हा अपनी नई नवेली दुल्हन को लेकर घर पहुंचा। दुल्हन सोने चांदी के जेवरात से सजी हुई थी। आस. पड़ोस की महिलाएं भी उसे देखने के लिए आई। पूरे दिन सब ठीक.ठाक रहा, लेकिन रात 10 बजे दुल्हन अपने ससुराल से लाखो रुपए कीमत के सामान लेकर छूमंतर हो गई। दुल्हन की काफी तलाश की गई लेकिन वह नहीं मिली। बताया जाए जाता है कि यह युवक की दूसरी शादी है।

### प्रथम गोसाईं की पारी से वोकेशनल कॉलेज जीता

**नई दिल्ली।** मैन ऑफ द मैच प्रथम गोसाईं (47 गेंदों पर 81 रन) की पारी से कॉलेज ऑफ वोकेशनल स्टडीज ने प्रथम स्वामी दयानंद सरस्वती डे- नाईट टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में श्री गुरु नानक देव खालसा कॉलेज को 4 गेंद शेष रहते हरा दिया। एक अन्य मैच में जाकि हुसैन कॉलेज ने आईजीआईपीईएसएस को चार विकेट से हराया। पीजीडीएवी कॉलेज मैदान में खालसा कॉलेज ने टॉस जीतकर 20 ओवरों में 5 विकट पर 158 रन बनाए। शिवांश ने 62 गेंदों पर 85 रन बनाए । वोकेशनल कॉलेज ने 19.2 ओवरों में 164 रन बनाकर मैच जीत लिया। दूसरे मैच में आईजीआईपीईएसएस को 109 रनों पर रोक जाकिर हुसैन कॉलेज ने 18.2 ओवरों में 6 विकट खोकर 112 रनों के साथ लक्ष्य को पा लिया। अभिन्न गिलोत्रा ने 53 गेंदों पर 56 रन बनाए उन्होंने मैच ऑफ द मैच चुना गया।

### गृहमंत्री करेंगे वैदिक पोर्टल का शुभारंभ

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र का 36वां स्थापना दिवस 19 से 24 मार्च तक जनपथ स्थित आईजीएनसीए परिसर में मनाया जाएगा। आईजीएनसीए के सदस्य सचिव डॉ. सच्चिदानंद जोशी ने बताया कि स्थापना दिवस आयोजन के दौरान 23 मार्च को पूर्वाह्न 11 बजे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह वैदिक हेरिटेज पोर्टल का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर केंद्रीय संस्कृति मंत्री जी. किशनरेड्डी भी उपस्थित रहेंगे। यह पोर्टल हमारी वैदिक ज्ञान परम्परा के बारे में शोधकर्ताओं को गहरी समझ विकसित करने में तो मदद करेगा ही, साथ ही आम लोगों को भी वेदों के बारे में सामान्य समझ विकसित करेगा। इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला न्यास के अध्यक्ष रामबहादुर राय और सदस्य सचिव प्रो. (डॉ.) सच्चिदानंद जोशी के कुशल नेतृत्व में आईजीएनसीए की यात्रा निरंतर जारी है।

# कोरोना व इन्फ्लुएंजा को लेकर सतर्कता बरतने की सलाह

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



● डीडीएमए ने दिया निर्देश, स्वैच्छिक रूप से कोविड प्रोटोकॉल का करें पालन

**कोविड** और इन्फ्लूएंजा के बढ़ते मामलों की देखते हुए लंबे अंतराल के बाद शनिवार को दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण बैठक में मौजूद स्थिति पर चर्चा हुई। इस बैठक हालत से निपटने के लिए कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं। डीडीएमए के अध्यक्ष और उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना की अध्यक्षता में निर्णय लिया गया कि अभी मास्क की अनिवार्यता को लागू नहीं किया जाएगा, लेकिन शारीरिक दूरी, हाथों की स्वच्छता, अस्पतालों की तैयारी आदि जैसे प्रोटोकॉल का हर संभव पालन करने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, मंत्री कैलाश गहलोत समेत सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक में पिछले दिनों तुर्की, सीरिया में आए विनाशकारी भूकंप के मद्देनजर दिल्ली की स्थिति को देखते हुए यहां की तैयारियों का आकलन किया गया। भूकंप के मद्देनजर राष्ट्रीय राजधानी उच्चतम जोखिम वाले श्रेणी में चौथे नंबर पर है इसलिए इस बात पर जोर दिया गया की आपदा के दौरान संभावित स्थिति का सामना करने के लिए सभी एजेंसियों को सर्तक रहने की सलाह दी गई है। उपराज्यपाल ने गुजरात के भूकंप के अपने अनुभव को याद करते हुए दिल्ली को किसी भी आपदा से निपटने के लिए पूरी तैयारी से रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इसकी तैयारी अभी से शुरू कर देनी चाहिए। उन्होंने इसकी एक रूपरेखा भी तैयार की और इस पर समयबद्ध तरीके से काम शुरू करने के आदेश दिए। डीडीएमए ने प्रत्येक राज्यों को अपना राज्य आपदा राहत बल के गठन के निर्देश दिए थे।

## पोचनपुर बॉयज ने जीता खिताब



**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम पोचनपुर बाल प्राथमिक स्कूल की फुटबॉल टीम ने लीग टूर्नामेंट में सभी टीमों में प्रथम स्थान प्राप्त करके प्रतिष्ठित दिल्ली यूथ लीग का खिताब जीत लिया है। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए इन बच्चों को एमसीडी आयुक्त ज्ञानेश भारती एवं उपायुक्त, नजफगढ़ जोन, प्रदीप कुमार का समर्थन मिलता रहा है । भारत सरकार की खेलो इंडिया पहल से प्रेरणा लेते हुए दिल्ली नगर निगम ने पिछले साल दिल्ली के नजफगढ़ जोन में 'ग्रासरूट लेवल फुटबॉल' एकेडमी की स्थापना की थी। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य निगम स्कूलों में खेलों को बढ़ावा देना और ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों के लिए खेल हेतु बेहतर बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराना है । दिल्ली नगर निगम ने 19 मार्च को आयोजित होने वाले एक पुरस्कार समारोह में विजयी टीम को सम्मानित किया जाएगा।

# 'वाकिफ कहां जमाना हमारी उड़ान से... वो और थे जो हार गए आसमान से'

## दिल्ली विश्वविद्यालय में 'साइबर सुरक्षा और जागरूकता' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

● तकनीकी युग में साइबर सुरक्षा बेहद जरूरीः गीता भट्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

एनसीवेब, दिल्ली पुलिस और हंसराज महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर 'साइबर सुरक्षा और जागरूकता' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन दिल्ली विश्वविद्यालय के कॉन्फ्रेंस सेंटर में किया गया।

एनसीवेब की निदेशक प्रो. गीता भट्ट ने फहीम जोगापुरी की पंक्ति 'वाकिफ कहां जमाना हमारी उड़ान से... वो और थे जो हार गए आसमान से' का उल्लेख करते हुए सभी अतिथियों को अंगवस्त्र, पौधा और स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान छात्राओं द्वारा नाटक का मंचन और नृत्य प्रस्तुति दी है। एनसीवेब की निदेशक प्रो. गीता भट्ट ने अपने वक्तव्य में कहा कि आज के तकनीकी युग में साइबर सुरक्षा और जागरूकता की बेहद जरूरत है। उन्होंने साइबर एक्सपर्ट विनोद वालिया के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि दिल्ली पुलिस के डीसीपी सागर सिंह कलसी ने सतर्कता पर बल दिया। उसके बाद इंटरनेट की निजी जानकारी किसी से भी साझा न करने पर बल दिया।

विशिष्ट अतिथि अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज अरुंधति चौधरी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए साइबर सुरक्षा को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने की कड़ी में अनिवार्य कदम बताया। इसके बाद एनसीवेब हंसराज महाविद्यालय केंद्र की छात्राओं द्वारा स्वरचित काव्यपाठ किया गया।

साइबर कार्यशाला में साइबर एक्सपेर्ट विनोद वालिया ने छात्राओं से संवाद किया और साइबर अपराध और धोखाधड़ी के सभी पहलुओं की जानकारी दी। एनसीवेब निदेशक गीता भट्ट और उपनिदेशक डॉ. सुरेन्द्र कुमार ने के. रमेश, रश्मि शर्मा, प्रो. अवधेश कुमार, हंसराज महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रमा शर्मा, एनसीवेब निदेशक प्रो. गीता भट्ट, हंसराज महाविद्यालय केंद्र, महाराजा अग्रसेन केंद्र, सत्यवती महाविद्यालय केंद्र के टीचिंग, नॉन-टीचिंग स्टाफ और विद्यार्थियों, नाट्य प्रस्तुति, नृत्य प्रस्तुति और स्वरचित कविता पाठ करने वाली छात्राओं, एनसीवेब केंद्र के सभी प्राध्यापकों, कर्मचारियों, आयोजन समिति के सभी सदस्यों और छात्राओं का धन्यवाद किया।

इस कार्यक्रम में हंसराज महाविद्यालय केंद्र, महाराजा अग्रसेन केंद्र, सत्यवती महाविद्यालय केंद्र और पीजी केंद्र की 1000 से अधिक छात्राएं शामिल थीं।


मुक्केबाज अरुंधति को सम्मानित करते डीसीपी सागर सिंह कलसी, साथ में निदेशक गीता भट्ट हौसला अफजाई करतीं हुईं।

# डब्ल्यूटीसी फाइनल में राहुल विकेट कीपिंग करते हैं तो भारत की बल्लेबाजी मजबूत होगी: शास्त्री

एजेंसी । नई दिल्ली

**पूर्व** भारतीय कोच रवि शास्त्री ने जून में द ओवल में होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए केएल राहुल का विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर अपना स्थान पक्का करने के लिए समर्थन किया और कहा कि उनकी मौजूदगी से टीम का बल्लेबाजी लाइन-अप मजबूत होगा।

राहुल का इंग्लैंड में अच्छा रिकॉर्ड है लेकिन खराब फॉर्म के कारण उन्हें घरेलू सरजमी पर आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो टेस्ट के बाद अंतिम एकादश से बाहर कर दिया गया। कर्नाटक के इस 30 साल के खिलाड़ी ने हालांकि आस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार की रात पहले वनडे में नाबाद 75 रन की मैच विजई पारी खेलकर शानदार वापसी की।

शास्त्री को लगता है कि राहुल डब्ल्यूटीसी फाइनल में बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज खेल सकते हैं क्योंकि ऋषभ पंत की अनुपस्थिति में केएस भरत अच्छा प्रदर्शन नहीं दिखा सके। शास्त्री ने कहा, उसने (केएल) सचमुच काफी अच्छा प्रदर्शन किया जिससे डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले चयनकर्ताओं की दिलचस्पी उनमें बनी रहेगी। उन्होंने कहा, दो चीजें हैं। पहली वनडे श्रृंखला के लिए जब रोहित शर्मा वापसी करेंगे और दूसरी डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए, जिसमें अगर राहुल विकेटकीपर करते हैं तो उनकी बल्लेबाजी मजबूत होगी। शास्त्री ने कहा, राहुल मध्यक्रम (पाचवें और छठे नंबर) में बल्लेबाजी कर सकता है। इंग्लैंड में आपको आमतौर पर विकेटकीपिंग थोड़ी पीछे से करनी होती है। आपको ज्यादा स्पिनर नहीं लगाने पड़ते। उसके (केएल) पास आईपीएल से पहले दो और वनडे हैं। वह इनमें अच्छे प्रदर्शन से उस भारतीय टीम में अपना स्थान पक्का कर सकता है। राहुल ने इंग्लैंड में नौ टेस्ट में दो शतक और एक अर्धशतक से 614 रन बनाए हैं। भारत ने जून में होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है जिसमें टीम का सामना आस्ट्रेलिया से होगा। यह भारत का दूसरा डब्ल्यूटीसी फाइनल होगा।

**यह भारत का दूसरा डब्ल्यूटीसी फाइनल होगा**



## वोल्वार्ट के 68, आखिरी ओवर में 22 रन से गुजरात का अच्छा स्कोर रहा

एजेंसी । मुंबई

**दक्षिण** अफ्रीका की स्टार बल्लेबाज लौरा वोल्वार्ट के 42 गेंद में 68 रन और आखिरी ओवर में मिले 22 रन की मदद से गुजरात जाइंट्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ शनिवार को महिला प्रीमियर लीग के मैच में चार विकेट पर 188 रन बनाए।

एशले गार्डनर ने भी 26 गेंद में 41 रन की पारी खेली। हरलीन देयोल (नाबाद 12) और डी हेमलता (नाबाद 16) ने आखिरी ओवर में मेगान शट को दो छक्के और दो चौके लगाकर 22 रन निकाले। गुजरात की कप्तान स्नेह राणा ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। सोफिया डंकली और वोल्वार्ट दोनों ने सकारात्मक अंदाज में शुरूआत करके पहले दो ओवरों में दो-दो चौके लगाए।

सोफी डेवाइन ने तीसरे ओवर में डंकली को बोल्ड करके गुजरात को पहला झटका दिया। दूसरे छोर से वोल्वार्ट ने हालांकि रन बनाने का सिलसिला जारी रखा और दो चौके और लगाकर पांचवें ओवर में टीम का स्कोर 40 तक पहुंचाया।

# भारत की निगाहें वनडे श्रृंखला कब्जाने पर, राहुल और जडेजा पर होंगी नजरें

एजेंसी । विशाखापत्तनम

**भारतीय** टीम रविवार को जब दूसरे वनडे में आस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलने उतरेगी तो फिर से सभी की नजरें लोकेश राहुल और रविंद्र जडेजा पर लगी होंगी जिसमें नियमित कप्तान रोहित शर्मा भी टीम की अगुआई के लिए वापसी करेंगे जो मुंबई में पहला मैच नहीं खेल पाए थे। भारत ने वानखेड़े स्टेडियम में आस्ट्रेलिया को कम स्कोर वाले मैच में पांच विकेट से पराजित किया था जिसमें राहुल ने नाबाद 75 रन की संयमित पारी खेली थी।

वह बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला के दौरान फॉर्म हासिल करने में जूझते दिखे थे जिससे उन्हें तीसरे और चौथे टेस्ट से बाहर कर दिया गया था। जडेजा भी घुटने की चोट और फिर हुई सर्जरी के कारण करीब आठ महीने के बाद वनडे क्रिकेट खेल रहे थे, उन्होंने शुक्रवार को नाबाद 45 रन बनाए थे। उन्होंने साथ ही कसी गेंदबाजी करते हुए 46 रन देकर दो विकेट झटके जिससे प्लेयर ऑफ द मैच बने। भारत इस साल वनडे विश्व कप की मेजबानी कर रहा है और फॉर्म में चल रहे राहुल और पूरी तरह से फिट जडेजा टीम के लिए महत्वपूर्ण होंगे। तीन मैचों की यह श्रृंखला चयनकर्ताओं को इन दोनों की प्रगति का आकलन करने में मदद करेगी। वहीं भारतीय टीम इस मुकाबले में जीत से श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल करना चाहेगी और बल्लेबाजी में भी सुधार करना चाहेगी क्योंकि एक समय टीम ने 39 रन तक चार विकेट गंवा दिए थे और फिर स्कोर पांच विकेट पर 83 रन हो गया था जिसके बाद राहुल और जडेजा ने मिलकर मेजबान टीम को 61 गेंद रहते जीत दिलाई थी। कप्तान रोहित शर्मा की वापसी से निश्चित रूप से शीर्ष क्रम मजबूत होगा जो आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क की रफ्तार और वैरिएशन के आगे पस्त हो गया था।

मार्कस स्टोइनिस ने इशान किशन को तीन रन पर आउट कर दिया था। फिर स्टार्क ने तीन विकेट झटक लिए थे जिससे भारत काफी दबाव में आ गया था। विराट कोहली (04), सूर्यकुमार यादव (शून्य) और शुभमन गिल (20) जल्दी पवेलियन लौट गए थे। भारतीय बल्लेबाज आस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के तेज गेंदबाजों के खिलाफ कभी कभार परेशानी में दिख रहे थे और बचे हुए दो मैचों में स्टार्क का सामना करने से उन्हें घरेलू परिस्थितियों में अच्छा अभ्यास मुहैया कराएगा क्योंकि भारत अक्टूबर-नवंबर में होने वाले विश्व कप के लिए तैयारियां करने पर लगा होगा।

रोहित पारी का आगाज करेंगे जिससे किशन को नियमित कप्तान के लिए जगह बनानी होगी। कोहली और गिल के पहले वनडे में कम स्कोर बनाने को लेकर ज्यादा चिंता की जरूरत नहीं है लेकिन सूर्यकुमार यादव 50 ओवर के प्रारूप में अपनी लय हासिल नहीं कर पा रहे हैं जो चिंता का कारण बन सकता है। टी-20 अंतरराष्ट्रीय में विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए मशहूर सूर्यकुमार अब भी वनडे में वैसी ख्याति अर्जित नहीं कर पाए हैं। इस साल सभी पांच वनडे में वह अर्धशतक नहीं जड़ पाए हैं। श्रेयस अय्यर की वापसी के लिए कोई समयसीमा निर्धारित नहीं है, भारत चौथे नंबर के लिए सूर्यकुमार पर बरकरार रहेगा। भारत के गेंदबाजों ने मुंबई में शानदार प्रदर्शन किया जिसमें तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज ने तेज गेंदबाजों की मददगार पिच पर बेहतरीन गेंदबाजी की। लेकिन कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव प्रभावित नहीं कर सके।



### हार्दिक तीसरे तेज गेंदबाज की भूमिका निभाएंगे

**हालांकि** टीम प्रबंधन के गेंदबाजी लाइन अप में छेड़छाड़ करने की उम्मीद नहीं है जिसमें हार्दिक पंड्या तीसरे तेज गेंदबाज की भूमिका निभाएंगे। दूसरे वनडे के लिए मौसम की भविष्यवाणी आंधी के साथ बारिश की है जिसका मतलब है कि दोनों टीमों के तेज गेंदबाज गेंद को स्विंग कर सकते हैं। आस्ट्रेलिया भी श्रृंखला के दौरान अलग संयोजन आजमाने की कोशिश करेगा। शुक्रवार को वे चार आलराउंडर - मिशेल मार्श, कैमरन ग्रीन, मार्कस स्टोइनिस और ग्लेन मैक्सवेल के साथ उतरे थे। इससे वे भारत को ज्यादा परेशान नहीं कर सके थे जो कप्तान स्टीव स्मिथ के लिए चिंता की बात होगी।

### दोनों टीमें इस प्रकार से

**भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, लोकेश राहुल (विकेटकीपर), ईशान किशन, हार्दिक पंड्या, रविंद्र जडेजा, कुलदीप यादव, वाशिंगटन सुंदर, युजवेंद्र चहल, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, उमरान मलिक, शारदुल ठाकुर, अक्षर पटेल, जयदेव उनादकट।

**ऑस्ट्रेलिया:** स्टीव स्मिथ (कप्तान), डेविड वार्नर, ट्रेविस हेड, मार्नुस लाबुशेन, मिशेल मार्श, मार्कस स्टोइनिस, एलेक्स कैरी, ग्लेन मैक्सवेल, कैमरून ग्रीन, जोश इंग्लिस, सीन एबॉट, एश्टन एगर, मिशेल स्टार्क, नाथन एलिस, एडम जम्पा।

**मैच दोपहर 1:30 बजे शुरू होगा।**

## चोटिल विल जैक्स की जगह एक करोड़ के बेस प्राइस में टीम से जुड़े

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर माइकल ब्रेसवेल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) टीम में शामिल हो गए हैं। इंग्लैंड के बल्लेबाज विल जैक्स चोट की वजह से आईपीएल 2023 से बाहर हो चुके हैं, उनकी जगह ऋषभ ने ब्रेसवेल को टीम में शामिल किया है। टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) ने अपनी वेबसाइट पर यह घोषणा की।

यहां जारी विज्ञप्ति में कहा गया, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 के लिए इंग्लैंड के बल्लेबाज विल जैक्स की जगह न्यूजीलैंड के माइकल ब्रेसवेल को साइन किया है। वह एक करोड़ रुपये के बेस प्राइस में आरसीबी से जुड़ेंगे। दिसंबर में हुए मिनी ऑक्शन में माइकल ब्रेसवेल को कोई खरीदार नहीं मिला था। उनका बेस प्राइस एक करोड़ रुपये था। न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम का यह आलराउंडर पहले कभी आईपीएल में नहीं खेला है।

**विलियमसन और निकोल्स के दोहरे शतक**

# न्यूजीलैंड ने चार विकेट पर 580 रन पर पारी घोषित की

एजेंसी । वेलिंगटन

**केन** विलियमसन और हेनरी निकोल्स के दोहरे शतकों और तीसरे विकेट के लिए 363 रन की भागीदारी की बदौलत न्यूजीलैंड ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन शनिवार को यहां अपनी पहली पारी चार विकेट पर 580 रन बनाकर घोषित की।

विलियमसन ने अपना छठा दोहरा शतक जड़ा और 215 रन बनाकर आउट हो गए जबकि निकोल्स ने न्यूजीलैंड के लिए पहला दोहरा सैकड़ा और अपना सबसे बड़ा टेस्ट स्कोर बनाया। जब कप्तान टिम साउदी ने पारी घोषित की तब वह 200 रन बनाकर नाबाद थे। यह पहली बार है जब न्यूजीलैंड के दो बल्लेबाजों ने एक टेस्ट की एक ही पारी में दोहरे शतक जड़े हैं। विलियमसन ने अपनी पारी के दौरान 23 चौके और दो छक्के जड़े जबकि निकोल्स ने 15 चौके और चार छक्के जमाए। यह साझेदारी टेस्ट में तीसरे विकेट के लिए नौवीं सबसे बड़ी भागीदारी रही और न्यूजीलैंड के लिए मार्टिन क्रो और आंद्रे जोंस के बीच 1991 में श्रीलंका के खिलाफ बनी 467 रन की साझेदारी के बाद सबसे बड़ी भागीदारी है। विलियमसन ने साढ़े छह घंटे तक बल्लेबाजी की और निकोल्स उनसे एक मिनट ज्यादा देर तक क्रीज पर रहे। स्टंप तक श्रीलंका ने 17 ओवर में 26 रन देकर दो विकेट गंवा दिए थे। कप्तान दिमुथ करुणारत्ने 16 और रात्रिप्रहरी प्रभात जयसूर्या चार रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। न्यूजीलैंड ने सुबह दो विकेट पर 155 रन से खेलना शुरु किया तब विलियमसन 26 और निकोल्स 18 रन बनाकर खेल रहे थे।



## मुंबई इंडियंस 127 रन पर आउट

**नवी मुंबई।** मुंबई इंडियंस ने महिला प्रीमियर लीग के मैच में यूपी वारियर्स के खिलाफ शनिवार को 127 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज हेली मैथ्यूज ने मुंबई के लिए 30 गेंद में 35 रन बनाए जबकि कप्तान हरमनप्रीत कौर और इस्सी वोंग ने 25 और 32 रन का योगदान दिया। यूपी के लिए सोफी एक्लेस्टेन ने तीन और राजेश्वरी गायकवाड़ तथा दीप्ति शर्मा ने दो दो विकेट लिए।



## एबी डिविलियर्स और क्रिस गेल की जर्सी के नंबर रिटायर करेगा आरसीबी

एजेंसी । बेंगलुरु

**रॉयल** चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) एबी डिविलियर्स और क्रिस गेल द्वारा पहनी गई जर्सी के नंबर को रिटायर कर देगा जब इन दोनों महान क्रिकेटरों को 26 मार्च को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीम के हॉल ऑफ फेम में शामिल किया जाएगा।

आरसीबी ने ट्वीट किया, जर्सी नंबर 17 और 333 को हमेशा के लिए रिटायर (अलविदा) कर दिया जाएगा, जब एबी डिविलियर्स और क्रिस गेल्स को आरसीबी के हॉल ऑफ फेम में शामिल किया जाएगा। जर्सी नंबर 17 पहनने वाले डिविलियर्स आरसीबी के लिए 11 सत्र (2011 से 2021) तक खेले थे जिन्होंने फ्रेंचाइजी के लिए 156 मैचों में 4,491 रन बनाए हैं। उन्होंने नवंबर 2021 में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की थी। वहीं 333 नंबर की जर्सी पहनने वाले वेस्टइंडीज के विस्फोटक बल्लेबाज गेल सात सत्र तक आरसीबी के लिए खेले थे।

## जोकोविच मियामी ओपन में नहीं खेलेंगे

**कोरोना वैक्सीन नहीं लगाने पर अमेरिका में नहीं मिली एंट्री**

एजेंसी । फ्लोरिडा

**वर्ल्ड** नंबर-1 पुरुष टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच अमेरिका के फ्लोरिडा में होने वाले एटीपी टूर्नामेंट मियामी ओपन में नहीं खेलेंगे। इसकी पुष्टि शनिवार को आयोजकों ने की। दरअसल, जोकोविच ने कोरोना वैक्सीन का टीका नहीं लगवाया है, जिसकी वजह से उन्हें अमेरिका में एंट्री नहीं मिल रही है। इससे पहले जोकोविच ने कैलिफोर्निया में छह मार्च से 19 मार्च के बीच होने वाले इंडियन वेल्स से भी अपना नाम वापस ले लिया था।

अमेरिकी नीतियों के मुताबिक बिना कोरोना वैक्सीन लगवाए व्यक्ति को यूएस में एंट्री नहीं दी जाती है। जोकोविच ने अमेरिकी अधिकारियों से स्पेशल प्रवेश देने के लिए अनुरोध किया था, लेकिन उनके अनुरोध को अस्वीकार कर दिया गया। मियामी ओपन 21 मार्च से दो अप्रैल तक होना है। मियामी ओपन टूर्नामेंट के निदेशक जेम्स ब्लेक ने कहा, मियामी ओपन दुनिया के प्रमुख टूर्नामेंट में से एक है, हम चाहते हैं कि इस टूर्नामेंट में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी खेलें। हमने वो सब किया, जो हम कर सकते हैं। हमने सरकार से भी बात करने की कोशिश की।

पर जोकोविच को परमीशन नहीं मिल पाई। सर्बियाई स्टार पिछले साल ऑस्ट्रेलिया ओपन और यूएस ओपन भी नहीं खेल पाए थे। पिछले साल की शुरुआत में कोरोना वैक्सीन का सर्टिफिकेट नहीं होने के कारण उन्हें ऑस्ट्रेलिया ओपन के बीच से ही वापस भेज दिया गया था। वैक्सीन नहीं लेने की वजह से ही वे यूएस ओपन भी नहीं खेल पाए थे।



### जोकोविच जीत चुके हैं 22 ग्रैंड स्लैम

**जोकोविच** संयुक्त रूप से राफेल नडाल के साथ 22 ग्रैंड स्लैम जीतकर सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम जीतने वाले टेनिस खिलाड़ी हैं। इन दोनों के बाद रोजर फेडरर 20 ग्रैंड स्लैम जीतकर दूसरे नंबर पर हैं। जोकोविच को पिछले हफ्ते सीजन की पहली हार का सामना करना पड़ा। दुबई ओपन के सेमीफाइनल में उन्हें डेनियल मेदवेदेव ने सीधे सेटों में हराया था।

## त्रिसा और गायत्री ऑल इंग्लैंड चैम्पियनशिप सेमीफाइनल में हारे

एजेंसी । बर्मिंघम

**भारत** की त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी लगातार दूसरे साल ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैम्पियनशिप महिला युगल के सेमीफाइनल में हार गई।

भारतीय जोड़ी को दुनिया की 20वें नंबर की कोरियाई जोड़ी बाएक ना हा और ली सो ही ने 46 मिनट तक चले मुकाबले में 21-10, 21-10 से हराया। गायत्री के पिता पुलेला गोपीचंद आखिरी बार 2001 में ऑल इंग्लैंड खिताब जीतने वाले भारतीय थे। उनसे पहले प्रकाश पादुकोण ने 1980 में यह खिताब अपने नाम किया था। उन्नीस वर्ष की त्रिसा और 20 वर्ष की गायत्री के पास फाइनल्स में पहुंचने का बड़ा मौका था लेकिन वे सेमीफाइनल की बाधा पार नहीं कर सके। उनके सामने कोरिया की कठिन जोड़ी थे जिसमें से ली ने दो बार विश्व चैम्पियनशिप खिताब जीता हुआ है। भारतीय जोड़ी अच्छी शुरुआत करने में नाकाम रही और शुरू ही में 0-4 से पिछड़ गई। अपनी लंबी रैलियों से कोरियाई जोड़ी ने दबाव बनाए रखा और 11-5 की बढ़त बना ली। भारतीय जोड़ी ने कुछ अंक बनाकर स्कोर 9-13 किया लेकिन इसके बाद से मुकाबला एकतरफा होता चला गया। दूसरे गेम में उन्होंने 11-2 की मजबूत बढ़त से ही शुरुआत की। भारतीयों ने कई गलतियां की जिसका उन्होंने फायदा भी उठाया और गेम तथा मैच अपने नाम कर लिया।



**मुक्केबाजी विश्व चैम्पियनशिप**

## नीतू, प्रीति, मंजू प्री क्वार्टर फाइनल में

**प्रीति ने कहा, मैं शुरू में मैच की रणनीति समझने की कोशिश कर रही थी**

एजेंसी । नई दिल्ली

**भारतीय** मुक्केबाजों का महिला विश्व चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन जारी है और शनिवार को तीन मुक्केबाजों ने अपने अपने मुकाबले जीतकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता नीतू गंघास (48 किलो) ने कोरिया की डोयोन कांग को आरएससी फैसले पर हराया जबकि प्रीति ने 54 किलोवर्ग में रोमानिया की लाकरामियोआरा पेरिजोक को बंटे हुए फैसले के आधार पर 4-3 से शिकस्त दी। मंजू बाम्बोरिया (66 किलो) ने न्यूजीलैंड की सारा वेरेयू को 5 . 0 से हराया। नीतू पिछले चरण में क्वार्टरफाइनल में हार गई थीं, उन्होंने इस बार पहले राउंड में ही मुकाबला जीत लिया। पहले मिनट में उन्होंने अपने हुक और क्रास का बखूबी इस्तेमाल किया लेकिन अंक जुटाने वाले मुक्के नहीं जड़ सकीं। फिर दोनों मुक्केबाजों ने दोनों हाथों से एक दूसरे को मुक्के जड़ना शुरू कर दिया। तुरंत ही कोरियाई मुक्केबाज कांग को पहला स्टैंडिंग काउंट मिला। नीतू ने फिर दबदबा जारी रखा और कांग को दूसरा स्टैंडिंग काउंट 20 सेकेंड बाद मिला जिससे रैफरी ने मुकाबला भारतीय मुक्केबाज के पक्ष में कर दिया। पहले दौर में आरएससी (रैफरी द्वारा मुकाबला रोकना) से जीत दर्ज करने वाली प्रीति को हालांकि दूसरी जीत के दौरान मशक्कत करनी पड़ी। उन्होंने कहा, मैंने इस मुकाबले की तैयारी की थी, वह पिछली बार रजत पदक जीती थी।

मैं भी साबित करना चाहती थी कि मैं किसी से कम नहीं हूं। 2022 एशियाई चैम्पियनशिप की कांस्य पदक विजेता प्रीति ने कहा, मैं शुरु में उसकी रणनीति समझने की कोशिश कर रही थी। अंतिम राउंड में मैंने रणनीति बदली। वह आक्रामक थी और संतुलन खो रही थी।



# शानदार प्रदर्शन के लिए उचित तरीके से रिकवर करना महत्वपूर्ण है: शमी

एजेंसी । मुंबई

**आस्ट्रेलिया** के खिलाफ भारत की पांच विकेट की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले शीर्ष तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने गेंदबाजी के बाद रिकवरी की प्रक्रिया को अहम बताया।

इस दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने शुक्रवार को पहले वनडे में छह ओवर में दो मेडन से 17 रन देकर तीन विकेट झटके जिससे भारत ने 35.4 ओवर में आस्ट्रेलिया को 188 रन पर समेट दिया और फिर यह लक्ष्य 39.5 ओवर में हासिल कर लिया। पोस्ट किए गए वीडियो में उन्होंने साथी तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज के साथ बातचीत में कहा, योजना बहुत ही सरल थी। हमने टीम बैठकों में बात की थी कि हम अच्छी शुरुआत करेंगे, सही क्षेत्र में गेंदबाजी करेंगे, अपनी लाइन एवं लेंथ पर अडिग रहेंगे। उन्होंने कहा, गर्मी भी एक मुद्दा थी। जब हमने पहला स्पैल डाला तो बहुत गर्मी थी लेकिन बाद में जब हवा चलना शुरु हुई इसमें थोड़ा सुधार हुआ। अहमदाबाद में आस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे और अंतिम टेस्ट में गेंदबाजी के बाद उबरने के लिए वह पहले वनडे के लिए आयोजित ट्रेनिंग सत्र में भी अभ्यास नहीं कर सके थे और सीधे मैच में खेलने उतरे। इस पर शमी ने कहा, अहमदाबाद में 40 ओवर के बाद मुझे रिकवरी (थकान से उबरने) के लिए एक से दो दिन की जरूरत थी। मैंने रिकवरी की और मैच में खेलने उतरा।





उन्होंने कहा, टीम प्रबंधन ने स्वीकार किया कि मुझे रिकवरी की जरूरत है। इसलिए मैं इतने सारे मैच खेले हैं और हमें अपने कौशल और काबिलियत का पता है। इसलिए महत्वपूर्ण यह है कि हम रिकवर अच्छे से करेंगे और बेहतर परफोर्म कर पाएंगे। सिराज ने भी 29 रन देकर तीन विकेट झटके थे और वह भी भारत की जीत में महत्वपूर्ण रहे थे। उन्होंने कहा, जब मुझे नई गेंद मिलती है तो मैं इनस्विंग डालने की कोशिश करता हूं। बाएं हाथ का बल्लेबाज सामने होता है तो मैं इनस्विंग गेंदबाजी की कोशिश करता हूं। मैं पावरप्ले में ज्यादा से ज्यादा विकेट झटकने की कोशिश करता हूं। मुझे एक विकेट मिल गया।

### गेंदबाजी का अच्छा लुत्फ उठाया

**सिराज** ने कहा, जब मैं फाइन लेग में गया, तब आप गेंदबाजी कर रहे थे। मैं सोच रहा था कि क्या हो रहा है। मैं सोच रहा था कि क्या अंपायर ने आपको नई गेंद दी है या क्या हुआ? उन्होंने कहा, फिर मैं गेंदबाजी के लिए आया, गेंद अच्छी तरह मूव कर रही थी। इसलिए मैंने एक ही क्षेत्र में निरंतर गेंदबाजी की कोशिश की। मुझे आपसे भी टिप्स मिले और हमने वानखेड़े में गेंदबाजी का लुत्फ उठाया।

## रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर में चोटिल जैक्स की जगह लेंगे ब्रेसवेल

एजेंसी । बेंगलुरु

**न्यूजीलैंड** के आल राउंडर माइकल ब्रेसवेल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र के लिए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) टीम में इंग्लैंड के चोटिल बल्लेबाज विल जैक्स की जगह लेंगे।



न्यूजीलैंड के माइकल ब्रेसवेल से करार किया है जो टाटा इंडियन प्रीमियर लीग 2023 में इंग्लैंड के बल्लेबाज विल जैक्स की जगह लेंगे। जैक्स को पिछले साल दिसंबर में खिलाड़ियों की नीलामी में आरसीबी ने 3.2 करोड़ रुपये में खरीदा था। इस महीने के शुरू में मीरपुर में बांग्लादेश के खिलाफ इंग्लैंड के दूसरे वनडे के दौरान क्षेत्ररक्षण करते हुए वह चोटिल हो गए थे। आईपीएल के शनिवार को एक बयान के अनुसार, आरसीबी ने इसके मुताबिक, जैक्स चोट के कारण टूर्नामेंट में नहीं खेल पाएंगे, उन्हें फ्रेंचाइजी ने 3.2 करोड़ रुपये में खरीदा था। उनकी जगह शामिल होने वाले ब्रेसवेल ने 16 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलकर 113 रन बनाए हैं और 21 विकेट झटके हैं।

# कांग्रेस को बिग बॉस मानने से विपक्षी पार्टियों का इंकार



सुभाष शर्मा
( लेखक राजनीतिक विश्लेषक हैं )

मंथन



**भाजपा** के खिलाफ मजबूत विपक्षी मोर्चा बनाकर 2024 के लोकसभा चुनावों में उसे सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाने का दावा करने वाले विपक्षी दल खुद ही बंटे हुए है वहीं कांग्रेस हाईकमान का यह कहना है कि कांग्रेस के बिना विपक्षी गठबंधन संभव नहीं है, उसे भी बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी व उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री समाजवादी नेता अखिलेश यादव ने आइना दिखाते हुए कह दिया है कि दोनों पार्टियां भाजपा का मुकाबला करने के लिए प्रभावशाली क्षेत्रीय दलों के साथ विचार विमर्श कर संगठन बनाएंगे, जो कांग्रेस से भी दूरी रखेगा। तृणमूल के वरिष्ठ सांसद सुदीप बंदोपाध्याय ने यहां तक कह दिया कि कांग्रेस को यह नहीं मानना चाहिए कि वो विपक्ष की बिग बॉस है। यानी दोनों पार्टियों ने स्पष्ट संकेत दे दिया कि वर्ष 2024 लोकसभा चुनावों में वह शक्तिशाली क्षेत्रीय दलों से तो हाथ मिला सकते है परंतु कांग्रेस से दूरी बनाए रखेंगे। चर्चा है कि अखिलेश यादव ममता बनर्जी से मुलाकात के बाद उड़ीसा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के साथ भी मुलाकात कर भविष्य की रणनीति बनाएंगे, जबकि दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी ने राहुल गांधी की भारत यात्रा के दौरान स्पष्ट संकेत दिया था कि बिना कांग्रेस के नेतृत्व के विपक्षी गठबंधन भाजपा का मुकाबला नहीं कर सकता, उनकी सोच है कि देश में जितने भी विपक्षी दल है, चाहे वो सत्ता में है या विपक्ष में अपने-अपने राज्यों या इलाकों में तो असरदार है परंतु पूरे देश में कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जिसके सभी जगह कार्यकर्ता है, संगठन है। इतना ही नहीं विपक्ष में सबसे ज्यादा वोट बैंक भी कांग्रेस के साथ है, लिहाजा अगर मोदी को सत्ता से हटाना है तो कांग्रेस के नेतृत्व में ही इकट्ठा होना पड़ेगा और सोनिया या राहुल को सुपर नेता मानना होगा। हालांकि धरातल पर कांग्रेस पार्टी धीरे-धीरे हाशिये पर सिमटती जा रही है परंतु देश के कुल राज्यों में जो वोट उसे प्राप्त होते है वो अभी भी सभी दलों से ज्यादा है, यही कारण है कि कांग्रेस के नेता इस बात को मानने को तैयार नहीं कि उनके बिना विपक्षी गठबंधन सफल हो सकता है।

**तीसरे मार्चे में कौन-कौन शामिल होगा :** पिछले दिनों हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला ने दावा किया था शीघ्र ही देश में तीसरे मोर्चे का गठन होगा, जो भाजपा को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाएगा परंतु इस तीसरे मोर्चे में कौन-कौन सी पार्टियां शामिल होगी, इस पर संशय बना हुआ है क्योंकि फिलहाल तीसरे मार्चे में अकाली दल, इनेलो, नीतिश कुमार की जदयू, लालू यादव की राजद और उड़ीसा की सत्तारूढ़ पार्टियां साथ आ सकती है, जबकि दूसरी ओर अखिलेश यादव, ममता बनर्जी, आंध्रप्रदेश से जगमोहन रेड्डी, चंद्रशेखर राव, आम आदमी पार्टी मिलकर अलग से गठबंधन बना सकती है। रही बात कांग्रेस की तो कांग्रेस के साथ कौन-कौन सी पार्टियां गठबंधन करेगी, इसका संकेत किसी भी क्षेत्रीय पार्टी ने अभी तक नहीं दिया है क्योंकि ज्यादातर क्षेत्रीय दल जो राज्यों में सत्ता में है, कांग्रेस के खिलाफ चुनाव लड़ते रहे है, इसके बावजूद कांग्रेस को वामपंथियों, झारखंड में शिबू सोरेन, कश्मीर में फारूख अब्दुल्ला सहित अन्य क्षेत्रीय दलों का समर्थन मिल सकता है। उपरोक्त गणित को अगर बारीकि से समझा जाए तो पता चलता है कि भाजपा के खिलाफ देश के सभी विपक्षी दल एक छतरी के नीचे नहीं आ सकते क्योंकि बहुत सी पार्टियां कांग्रेस को सुपरबॉस मानने को तैयार नहीं है। इस हिसाब से 2024 के चुनावों में मोदी के खिलाफ दो संगठन खड़े हो सकते है, जिसें ममता बनर्जी व दक्षिण की कुछ पार्टियां व उत्तरप्रदेश से अखिलेश उसमें शामिल हो सकते है, जबकि दूसरी ओर कांग्रेस के नेतृत्व में एक मोर्चा अलग से चुनाव लड़ेगा, ऐसा होने से विपक्ष बंट जाएगा और मोदी का मुकाबला करने के लिए कोई मजबूत विकल्प नहीं रहेगा। पिछले दिनों प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा था कि विपक्षी गठबंधन को ईडी का शुक्रिया अदा करना चाहिए जिसके कारण विपक्षी दल एकजुट हो गए है। हालांकि यह तालमेल थोड़े समय का और अपने आपको बचाने का प्रतीत होता है। यह चुनावों तक इकट्ठे रह पाएंगे इस पर संदेह है क्योंकि सभी राजनैतिक पार्टियों की अपनी अपनी क्षेत्रीय महत्वाकांक्षा है। कई बार बेमेल के गठबंधन मिलकर चुनाव लड़े है, जिसमें अखिलेश और बसपा का उदाहरण सबके सामने है परंतु कोई सफल नतीजे प्राप्त नहीं हुए। कुल मिलाकर अगर देश का विपक्ष तीन टुकड़ों या तीन समूहों में भाजपा के समक्ष चुनाव लड़ेगा तो लाभ निश्चित तौर पर भाजपा को ही होगा क्योंकि पिछले चुनावों में 38 प्रतिशत वोट हासिल करने के बावजूद भाजपा 303 सीटें जीतने में सफल हो गई थी।

## अलगाववादियों के हौंसले फिर बुलंद पंजाब सहित विदेशों में सरगर्मियां तेज

**भारत** में पंजाब सहित कुछ अन्य क्षेत्रों में अलगाववादी फिर से सिर उठाने लगे है। इतना ही नहीं विदेशी धरती पर भी खलिस्तानी विचारधारा के कट्टरवादियों ने आस्ट्रेलिया, कनाडा में हिन्दुओं का खुलकर विरोध करना शुरू कर दिया है। पिछले कुछ समय से अकेले आस्ट्रेलिया में आधा दर्जन हिन्दु मंदिरों पर हमले हो चुके है और अब तो हिन्दुओं को भी धमकियां मिल रही है। भारत सरकार ने इस मुद्दे पर सख्त रूख अपनाया है और आस्ट्रेलिया सरकार को भारतीय समुदाय के सदस्यों और देश में उनकी सम्पत्तियों सहित हिन्दु मंदिरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा था परंतु बावजूद इसके खलिस्तानियों के हौंसले पस्त नहीं हुए है क्योंकि वहां की पुलिस उन पर सख्त एक्शन लेने के मूड में नहीं है। खलिस्तानी समर्थक मंदिरों पर हमला करने के साथ-साथ भारत विरोधी नारे भी लिख रहे है और कनाडा की तर्ज पर खलिस्तानी झंडों के साथ जुलूस भी निकाल रहे है। पिछले दिनों आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री के भारत दौरे के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने इस मुद्दे को उनके सम्मुख उठाया था और उन्होंने इस बात का आश्वासन भी दयिा थ कि किसी को मंदिरों पर हमले की इजाजत नहीं दी जा सकती परंतु धरातल पर अभी तक इसका कोई असर दिखाई नहीं दे रहा। इसी प्रकार कनाडा में भी खलिस्तानी समर्थक खुलेआम गुंडागर्दी करते देखे जा सकते है, वहां हिन्दु छात्रों के साथ मारपीट होना आम बात है, हैरानी की बात यह है कि उपरोक्त दोनों देश भारत की मित्र लिस्ट में शामिल है, बावजूद इसके इन अलगाववादियों पर दोनों देशों की सरकारें सख्त कार्यवाही नहीं करती। ज्यादातर खलिस्तानी अपने आपको सिख फार जस्टिस का समर्थक बताते है और तिरंगा लेकर चलने वाले भारतीयों पर हमला तक कर देते है, ऐसी अनेकों घटनाएं अब तक हो चुकी है परंतु कनाडा की पुलिस भी ऐसे मामलों में एक्शन नहीं लेती। विदेशों की बात तो अपनी जगह यहां पंजाब में भी जब से अमृतपाल नामक खलिस्तानी विचारधारा का व्यक्ति दुबई से भारत आया है, वहां भी हालात खराब होने जा रहे है। दो बार पुलिस पर हमला कर चुके अमृतपाल के समर्थक हथियारों के साथ घूमते है और खुलकर अलग खलिस्तानी देश की मांग करते है, ये भटके हुए सिख इस बात को पूरी तरह से भूल चुके है कि सिख हिन्दुओं से ही बने है और आज भी लाखों हिन्दु जो बेशक केश नहीं रखते और सहजधारी कहलाते है, पूरी तरह से गुरु घर में आस्था रखते है। हरियाणा, दिल्ली, हिमाचल सहित पूरे भारत में सिखों के गुरद्वारे है परंतु कहीं भी किसी गुरूद्वारे में या किसी प्रदेश में सिख कौम के साथ कोई ज्यादति करने की हिम्मत नहीं सकता। भारत में सभी धर्मो को एक समान दृष्टि से देखा जाता है परंतु बावजूद इस बसके विदेशों में अब पंजाब में खलिस्तानी विचारधारा के लोग फिर से सिर उठाने लगे है।

'पंजाब में अब यह बात खुलकर कही जाने लगी है कि जबसे पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार बनी है, अलगाववादियों को सरंक्षण दिया जा रहा है। उनके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हो रही, केवल दिखवे के लिए अमृतपाल के कुछ समर्थकों के शास्त्र लाईसेंस रद्द किए गए है परंतु इस सबके बवजूद अलगाववादियों के हौंसले पंजाब सहित कनाडा, आस्ट्रेलिया में बुलंद है और हिन्दु समुदाय डरा हुआ महसूस कर रहा है।

# हरियाणा के विकास में प्रवासी मजदूरों का भी है योगदान: डॉ. अजय तिवारी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



डॉ. अजय तिवारी,राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय प्रवासी परिषद

## डॉ. तिवारी ने कहा सरकार को भी समझनी होगी प्रवासियों की वेदना

**फरीदाबाद** को औद्योगिक नगरी कहा जाता है औद्योगिक नगरी जिसका स्थान जो है विश्व में अगर बात करे तो काफी ऊंचे पायदान पर लिया जाता है लेकिन औद्योगिक नगरी को उद्योग में मजबूत करने के लिए जिन लोगों का योगदान है उनकी पीड़ा को उठाने का काम हमारे साथ भारतीय प्रवासी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय तिवारी। डॉक्टर अजय तिवारी लगातार कर रहे है क्या वो पीड़ा है किन लोगों की मदद के लिए आगे बढ़ रहे हैं और क्या टीस है उनके मन में जिसको लेकर सरकार से करवद अपील कर रहे हैं। **बातचीत के अहम अंश...**

**प्रश्न:** उद्योग नगरी को उद्योग नगरी बनाने में जिनका अहम रोल है?

**उत्तर:** जब फरीदाबाद नहीं हुआ करता था, भारत देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद फरीदाबाद हरियाणा के प्लानिंग बोर्ड कमीशन के चेयरमैन थे उन्होंने उद्योग नगरी का निर्माण किया। और जब उन्होंने उद्योग नगरी का निर्माण किया तो भारत देश के अन्य राज्यों से बिहार, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, उड़ीसा, असम, कर्नाटका और केरला है, सारे लोगों को बुलाने का काम किया कि हरियाणा में आइए, उद्योग लगाइए और रोजगार भी पाइए और बेहतर तरीके से चलाएं। मैं बहुत खुश हूं। इस उद्योग नगरी को पूरे विश्व में फरीदाबाद की सबसे बड़ी इंडस्ट्री एरिया कहा जाता था लेकिन दुर्भाग्य है कि जिसको इतनी बड़ी इंडस्ट्रीज का नाम दिया गया आज वह दिल्ली, एनसीआर में भी चर्चित नहीं है। जिसका कारण है प्रवासियों को अनदेखी करना, प्रवासियों की सुरक्षा न करना, प्रवासियों का समान भाव से अधिकार न दिलाना, प्रवासियों के साथ छल कपट करना, उनकी जमीन हड़पना, उनके द्वारा खरीदे हुए जमीन को ना बनने देना। आज फरीदाबाद ही नहीं भारत देश के 80 प्रतिशत राज्य में प्रवासियों का जो दुख है, प्रवासी केवल बिहार, उत्तर प्रदेश का नही होता। मैं जानता हूं एक राज्य में 29 राज्य का प्रवासी होता है । 29 राज्य का प्रवासी जो आज हरियाणा की धरती को फरीदाबाद नहीं, गुड़गांव नहीं, पलवल नहीं, सोनीपत, पानीपत और अंबाला हर जगह आप देखें प्रवासियों ने हिसार में भी हर जगह अपनी बढ़त बनाकर इस हरियाणा की धरती के लोगों की सेवा करने का काम किया है।

**प्रश्न:** प्रवासी क्या होता है ?

**उत्तर:** प्रवासी वो लोग हैं जो दूसरे राज्यों से आकर आपके व्यापार को बढ़ाने में आपके घर को चलाने में, हमें छोटी-छोटी जरूरतों के लिए अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए जिन लोगों की जरूरत है जो अपना घर बार छोड़कर आपके यहां आपका संसार सुगम गति से चले उसके लिए आते हैं उन्हें प्रवासी कहते है।

**प्रश्न:** भारतीय प्रवासी परिषद कब से प्रवासी मजदूरों के लिए लड़ाई को लड़ रहा है और आगे मोटो क्या है ? क्योंकि जो चीजें चल रही हैं लोगों जागरूकता नहीं हैं, उसको भी उतनी मदद की जरूरत है जितना बाहर के लोगों को है।

**उत्तर:** 2013 से भारतीय प्रवासी परिषद का निर्माण करके और भारत देश के प्रत्येक राज्य के प्रवासियों को एक करने का प्रयास किया जा रहा है। भारत सरकार से हमने कई बार मांग किया हमने कोर्ट केस भी कर रखा है कि भारत सरकार में भारत के हर राज्य में प्रवासी कल्याण बोर्ड बने। प्रवासी कल्याण बोर्ड बनने से कई फायदे हैं। अगर प्रवासी कल्याण बोर्ड बनता है तो निश्चित तौर पर प्रवासियों के हित की सुनने वाला एक आईएस और आईपीएस होता। आज फरीदाबाद में 74 प्रतिशत प्रवासी रहते हैं और 74 प्रतिशत प्रवासी में से अगर 50 प्रतिशत व्यक्ति भी टैक्स देता है तो हरियाणा सरकार को देता है और कितनी पीड़ा से प्रवासी उत्तराखंडी, बंगाली, उड़िया, असम, उत्तर प्रदेश, बिहारी, कितनी पीड़ा से अपने घरबार को छोड़कर, अपने माता पिता को छोड़कर, अपने खेत खलियान को छोड़कर, आपके शरण में आता है और इसीलिए भारतीय प्रवासी परिषद कहता है कि जात पात का भेदभाव इनकार है, प्रांत बाद का भेदभाव बेकार है, हम सब भारतवासी हैं, हमें भारत से प्यार है, वासी, प्रवासी और अप्रवासी की एकता यही हमारा विचार है। अगर देश का प्रवासी एक दिन अपने घर में बैठ जाए तो भारत सरकार का क्या होगा। महाराष्ट्र में सोलह करोड़, बंगाल में ग्यारह करोड़, असम में तेरह करोड़, दिल्ली में तीन करोड़, हरियाणा में फरीदाबाद, पानीपत, सोनीपत, गुडगांव मिलाकर के डेढ़ करोड़, उत्तर प्रदेश में साठ लाख इतने लोग प्रवासी जिंदगी बिताते हैं और खुद कमा कर के आप की जमीन खरीदकर, आपको पैसा देकर, घर बनाते हैं। आज दुष्यंत चौटाला ने अपने उपमुख्यमंत्री काल में यह ऐलान किया कि 75 प्रतिशत लोकल व्यक्ति को आप नौकरी दीजिए। आप 75 प्रतिशत क्यों, 100 प्रतिशत को दीजिए। लेकिन काम करने वाला व्यक्ति चाहिए।

**प्रश्न:** उद्योगों में यह पीड़ा नजर आई कि लोकल व्यक्ति को अगर देते है अगर वो अनस्किल्ड भी है तो भी उस पर दबाव था कि इंडस्ट्री जो है उसको वहां पर उसको रिक्रूट करे, लेकिन कहीं न कहीं हमने देखा कोरोना काल में जब श्रमिक यहां से पलायन कर रहे थे तो पूरी औद्योगिक नगरी में खलबली मच गई थी कि सरकार ने उद्योग चलाने की अनुमति दे दी तो उद्योग चलेंगे कैसे।

**उत्तर:** प्रवासी परिषद की मेहनत से भारत सरकार ने प्रवासी श्रमिक कार्ड बनवाना शुरू कर दिया है। प्रवासी श्रमिक कार्ड बनवाकर उन्हें जोड़ने का काम किया है। कोरोना ने सीखा दिया कि इनके बगैर काम नहीं हो सकता, बिल्डिंग नहीं बन सकती तो क्यों नहीं इन्हें प्यार दिया जाए लेकिन आप सोचते होंगे कि ये प्रवासी एक नहीं है। गलतफहमी है, ये प्रवासी सिर्फ डरे हुए हैं, ये प्रवासी सिर्फ सहमे हुए हैं, ये प्रवासी सिर्फ कमजोरी महसूस करते है। जिस दिन ये प्रवासी एक हो गए उस दिन क्या हाल होगा। क्या प्रवासी अगर फैक्ट्री चला सकता है, आपके घर में दाई का काम कर सकता है, तो क्या पार्षद नही बन सकता। विधायक नहीं बन सकता, मंत्री नहीं बन सकता, सांसद नहीं बन सकता।

**प्रश्न:** कहा जाता है बाहर से आया हुआ व्यक्ति अपने देश में रहकर उसको बाहर की संज्ञा दे दी जाती है?

**उत्तर :** देश की विडंबना है। भारत के संविधान में ही प्रवासी शब्द का चलन है। 1925 में आरएसएस ने जन्म लिया और आरएसएस का व्यक्ति 1925 से कहता है कि मैं प्रवास पर जा रहा हूं। वो प्रवास कहे तो अच्छा और भारतीय प्रवासी परिषद् प्रवासी कहे तो बुरा। संविधान में ही 1950 में लिखा है कि डोमेसाइल और माइग्रेशन के बगैर आप किसी राज्य में नही रह सकते। इसका मतलब है डोमेंसाइल और माइग्रेशन उसी का बनता है जो प्रवासी होता है। जो भी व्यक्ति यहां आपके क्षेत्र में अगल-बगल रहा है, काम कर रहा है, उसे प्यार दीजिए ताकि हमारे हरियाणा का विकास हो सके, फरीदाबाद का विकास हो सके। प्रवासियों से अपील है कि अपनी विवेकता को, क्षमता को मजबूत करने के लिए एक दूसरे प्रवासी भाई से एकता बनाकर यहां के वासियों का सम्मान करें।

डॉक्टर तिवारी प्रवासियों की पीड़ा को उनकी टीस को सरकार तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं और हम सभी का यह कर्तव्य बनता है कि हमारे यहां परंपरा है भारतीय परंपरा अतिथि देवो भव। तो उस परंपरा का निर्वाह करते हुए लोग बाहर से आकर हमारी दिनचर्या को बेहतर करने के लिए हमारे व्यापार को बढ़ाने के लिए काम कर रहे हैं उन प्रवासियों को उनका हक और सम्मान दिया जाए।

**प्रश्न :** चुनावी माहौल होता है तब सब लोगों की नजर प्रवासियों पर होती है?

**उत्तर:** पूरे भारत में भारतीय जनता पार्टी ने 2014 के बाद जीत हासिल की है लेकिन दिल्ली में 2014 से बीजेपी प्रवासियों को लुभा नहीं पा रही है और आम आदमी पार्टी प्रवासियों के बदौलत दिल्ली जीत गई। प्रवासियों के बदौलत पंजाब जीत गई और आज प्रवासियों को समझ में आ गया कि यह आम आदमी पार्टी प्रवासियों को धोखा दे रही है। इसलिए भारतीय प्रवासी परिषद बहुत जल्द भारतीय प्रवासी जनता पार्टी का निर्माण कर दिल्ली में चुनाव लड़ेगा और अगर वक्त मिलेगा तो मुंबई, महाराष्ट्र, गुजरात, असम, उड़ीसा, बंगाल और हरियाणा में भी चुनाव लड़के और अपने प्रवासी भाइयों को चुनाव जिताएगा।

